CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार : राष्ट्रपति पेज 2



हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय खेल टाइम्स



आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज सम्पादकीय



पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी पेज 12

# रोहिंग्या मामला: सीजेआई के समर्थन में उतरे 44 पूर्व जज

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के सपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और देशभर की हाईकोर्ट के 44 जज समर्थन में आए हैं। 9 दिसम्बर को सभी जजों के साइन वाला लेटर जारी किया गया। इसमें लिखा गया है कि हम रिटायर जज रोहिंग्या प्रवासियों के मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के खिलाफ चलाए जा रहे गलत अभियान पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।



**■ कहा: बयान का गलत मतलब निकाला, सीजेआई बोले थे- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए**

आलोचना हो सकती है, लेकिन यह अभियान न्यायपालिका की छवि खराब करने की कोशिश है। 44 जजों का ये रिएक्शन 5 दिसम्बर को रिटायर जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जारी लेटर के विरोध में आया है। इसमें कहा गया था कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।



इस पर पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर- गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसम्बर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसम्बर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें। यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते, लेकिन अनुभव किया जा सकता है।

**■ मोदी बोले: दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा**

**■ दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य सहित 15 धरोहरें शामिल**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार लेकिन स्थिति अब भी 'गंभीर'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह थोड़ी बेहतर हुई, लेकिन सुबह 9:10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 दर्ज किया, जिससे यह अब भी 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार की शाम को एक्यूआई 282 दर्ज किया था, जिसमें बुधवार की सुबह गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर भी राजधानी में धुएं-कोहरे (स्मॉग) की परत बनी रही। यहां पर 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हवा और इसमें 71 प्रतिशत की नमी ने स्थिति को गंभीर बना दिया। बुधवार को यहां पीएम 2.5 का स्तर 144 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 का स्तर 187 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर मापा गया। शहर के कई हिस्सों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी।

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: चार मालिकों में से एक हिरासत में

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उसे गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा गया है।

### हिमाचल के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी, यूपी के 20 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बीच मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। उप्र में बाराबंकी, गोंडा समेत 20 जिलों में बुधवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य रही। वहीं, बिहार के 10 जिलों में भी कोहरे से विजिबिलिटी जीरो रही। हिमाचल के लाहौल स्पीति जिला के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी हुई। शिंकुला टॉप पर 6 इंच तक बर्फ पड़ी। तापमान में 3-4 डिग्री तक की गिरावट आई है।

# हाईकोर्ट ने केंद्र को लगाई फटकार

## कहा: इंडिगो फेल हुई, तो सरकार ने क्या किया, 4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपये से बढ़कर 30,000 रुपये तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की, आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है। इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। सीईओ को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी, तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है। डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो की ऑपरेटिंग क्षमता और उसके वास्तविक विमान इस्तेमाल में बड़ा अंतर है। यानी कंपनी जितने विमान उड़ाने की क्षमता दिखा रही है, उतने विमान वह उड़ा नहीं पा रही है। डीजीसीए के मुताबिक इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6 प्रतिशत ज्यादा विंटर शेड्यूल ले लिया, लेकिन अक्टूबर में उसके 339 और नवम्बर में 344 विमान ही उड़ान भर सके। नवंबर में शेड्यूल 64,346 में से 59,438 विमान ही उड़ान भर पाए, यानी 4,900 कम। उन्होंने बताया कि सर्दियों में दबाव पहले से होता है, फिर भी कंपनी ने 26 अक्टूबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल में पिछले साल से 9.66 फीसदी ज्यादा उड़ानें लीं, जबकि वह इतनी क्षमता साबित नहीं कर सकी। इससे सिस्टम पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया।

**इंडिगो संकट**



**■ आप क्या कर रहे थे, स्थिति पैदा क्यों होने दी**

**■ यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ**

### हवाई अड्डों पर स्थिति की निगरानी करेगा एएआई का विशेष समूह

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने इंडिगो संकट के बीच हवाई अड्डों पर निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। सूत्रों ने बताया कि यह समूह रोजाना स्थिति रिपोर्ट तैयार कर नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपेगा और जहां यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस की कोताही सामने आएगी उन मामलों में कार्रवाई भी की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित उड़ान भवन में मौजूद यह समूह एएआई द्वारा प्रबंधित सभी हवाई अड्डों के निदेशकों के साथ संपर्क में है। यात्रियों को होने वाली परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोई भी यात्री जब समस्या लेकर आता है तो उसकी बात इंडिगो के हवाई अड्डा प्रबंधक से कराई जाती है।

# घुसपैठिए तय नहीं करेंगे कौन पीएम-सीएम बनेगा: गृह मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लिया। अमित शाह ने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था है। कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ फैला रही है।

कांग्रेस की ओर से जो झूठ फैलाया गया है, मैं उसका जवाब दूंगा। अमित शाह ने विपक्ष को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री घुसपैठिये तय नहीं करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि यह अधिकार केवल भारत के नागरिकों का है। शाह ने विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया है, विपक्ष की कृपा से नहीं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की जरूरत पर भी बात की। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह-शेष पृष्ठ दो पर



**■ एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था: शाह**

# चलती ट्रेन से पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को मंगलवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम के तहत शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर तब गिरफ्तार कर लिया गया जब वह लखनऊ से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे।

लखनऊ पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की और शाहजहांपुर पुलिस की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई अंजाम दी। सूत्रों के अनुसार, घटना करीब रात 1:15 से 1:52 बजे के बीच की है। अमिताभ ठाकुर जिस कोच में सफर कर रहे थे, पुलिस टीमें दोनों ओर से उसमें सवार हुईं। उस समय ठाकुर सो रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जगाया और ट्रेन से नीचे उतार लिया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने इस कार्रवाई को देखा, तो कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात में उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ की गई और इसके बाद विधिक कार्यवाही के लिए देवरिया भेज दिया गया। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 1999 में देवरिया में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनाती के दौरान अमिताभ ठाकुर ने कथित रूप से अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए जिला उद्योग केंद्र, देवरिया से औद्योगिक प्लॉट संख्या बी-2 को अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर आवंटित कराया। आरोप है कि उन्होंने बाद में फर्जी नाम और फर्जी पहचान के आधार पर इसे नए नामों से परिवर्तित कर कूट दस्तावेज तैयार कर प्लॉट को व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया तथा बाद में इसे लाभ कमाने के उद्देश्य से बेच दिया। शिकायत में कहा गया है कि जमीन आवंटन के लिए झूठे दस्तावेज व पहचान प्रमाण पेश किए गए। सरकारी विभागों को लंबे समय तक गुमराह कर धोखाधड़ी की गई। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं भादस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

**■ नाटकीय घटनाक्रम के तहत देवरिया में जमीन धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई**

# थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले एनजीओ ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (एचआरडीएस) इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी ये अवार्ड देने की घोषणा की गई है।



**■ बोले-आयोजकों ने बिना पूछे नाम घोषित किया**

### मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताए कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। श्री गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं, लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए। श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर कहा कि भारत की जनता ये तीन बहुत जरूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त के चयन के पैनल से क्यों हटाया गया। पिछले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग को लगभग पूरी कानूनी इम्युनिटी क्यों दी और सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने की इतनी जल्दबाजी क्यों की गई।

# दिल्ली-NCR की सुरक्षा को तैनात होगा स्वदेशी डिफेंस सिस्टम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत अब राजधानी दिल्ली-एनसीआर को मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट हमले जैसे खतरों से बचाने के लिए अपना खुद का मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम लगाने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के अनुसार नया इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) पूरी तरह देश में बने हथियारों से तैयार होगा।

इस सिस्टम का सबसे बड़ा हिस्सा डीआरडीओ की बनाई आईक्यूआरएसएएम मिसाइल और वीएसएचओआरएडीएस होगा। इनके साथ कई तरह के सेंसर, रडार और एक आधुनिक कंट्रोल सिस्टम जोड़ा जाएगा, जिससे हर खतरे पर तुरंत नजर रखी जा सके। ये पूरा सिस्टम भारतीय वायुसेना ऑपरेट करेगी। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को सफल परीक्षण भी हो चुका है। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया गया था। आईएडीडब्ल्यूएस एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसे सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वार्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसके बाद 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का सफल परीक्षण किया गया था।



**■ ड्रोन-फाइटर जेट के हमलों को नाकाम करेगा, अगस्त में सफल परीक्षण किया जा चुका**

## संक्षिप्त समाचार

### रामगोपाल की हत्या के मामले में 10 मुख्य आरोपी दोषी करार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की हत्या के मामले में मंगलवार शाम को महत्वपूर्ण कार्रवाई हुई। एडीजे फर्स्ट पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने इस मामले में 10 मुख्य आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोषियों को सजा का ऐलान 11 दिसम्बर को किया जाएगा। लंबी सुनवाई के बाद, कोर्ट ने 10 आरोपियों को अब्दुल हमीद, फहीम, सरफराज उर्फ रिकू, मोहम्मद तालिब उर्फ सबलू, सैफ अली, जावेद खान, मोहम्मद जीशान उर्फ राज उर्फ साहिर, शोएब खान, ननकऊ और मारूफ को दोषी पाया। वहीं खुर्शीद, शकील अहमद उर्फ बबलू और मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

### राजगोपालाचारी को मोदी ने किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सी. राजगापालाचारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक बताया। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, विचारक, बुद्धिजीवी, राजनेता ये कुछ ऐसे शब्द हैं, जो सी. राजगापालाचारी को याद करते समय मन में आते हैं। उन्होंने कहा कि राजगोपालाचारी 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक थे, जो मूल्यों और इंसान की गरिमा बनाए रखने में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश उनके स्थाई योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। उल्लेखनीय है कि राजगोपालाचारी को राजाजी के नाम से जाना जाता है। वह भारत के आखिरी गवर्नर-जनरल और महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी थे।

# वेस्ट यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर 400 के पार पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर इन दिनों बढ़ा हुआ है। इनमें हापुड़, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ जैसे जिले शामिल है। यहां का एक्यूआई लगभग 400 तक पहुंच गया है। प्रदूषण के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मरीज जिन्हें सांस की बीमारी है, उन्हें खास दिक्कत हो रही है।

बुधवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स सुबह 338 था, वहीं दोपहर 2 बजे 210 एक्यूआई दर्ज किया गया। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया का प्रदूषण स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ में छह जगह ऐसी हैं, जहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स आमतौर पर बढ़ा रहता है। सुबह और शाम इन दिनों यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ा रहता है। बुधवार को लालबाग का एक्यूआई 280, तालकटोरा इंडस्ट्रियल



■ लखनऊ में भी बिगड़ रही आबोहवा, बचाव करना जरूरी

एरिया का 372, केंद्रीय विद्यालय का 231, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 187, गोमतीनगर का 209, कुकरैल पिकनिक स्पॉट का एक्यूआई 109 रहा। सीपीसीबी रिपोर्ट के मुताबिक कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के पार है। लगभग 400 एक्यूआई और कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के कम है। बुधवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 338, गोरखपुर का 210, ग्रेटर नोएडा का 355, हापुड़ का 394, कानपुर 212, लखनऊ का 270, मेरठ का 271, मुरादाबाद का 170, मुजफ्फरनगर का 263, नोएडा का 377, प्रयागराज का 163, वाराणसी का 171 और वृंदावन का एक्यूआई 174 रहा। आईआईटीआर के निदेशक डा. भास्कर नारायण ने बताया कि इस समय उत्तर प्रदेश का प्रदूषण स्तर काफी बड़ा हुआ है। इससे न सिर्फ जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि जीव जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण का स्तर इस कदर है कि जो स्वस्थ व्यक्ति है, उसको भी सांस लेने में बाहर तकलीफ होती है या फिर बाहर निकलते समय खांसी आनी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग है सोच लेते हैं कि शायद इस मौसम में खांसी सर्दी जुकाम होता है। सर्दी जुकाम के अलावा खांसी की समस्या प्रदूषण के कारण भी होती है, लेकिन लोग इस बात की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

### मरीजों की ओपीडी में संख्या बढ़ी

मेरठ में चेस्ट, श्वांस, एलर्जी क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट डा. विरोत्तम तोमर ने बताया कि प्रदूषण के कारण सांस के मरीज, एलर्जी के मरीज, ऐसे मरीज जिनको लगतार छींक आना, नाक बहना, गले में खराश, दमे के रोगी, नाक बहना, सीओपीडी के मरीजों की संख्या ओपीडी में लगातार बढ़ी ही है। मरीजों की संख्या में 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया और फंगल निमोनिया के भी मामले में सामने आ रहे हैं। डा. विरोत्तम तोमर ने कहा कि अस्थमा रोगी हैं या सीओपीडी के मरीजों के लिए आवश्यक है कि जब कोहरा होता है, तो उस समय वह वॉक न करें। हो सके तो बेवजह घर के बाहर न जाएं, बीमार सदस्यों के पास छोटे बच्चे और बुजुर्ग न जाएं। घर पर आराम करें पानी ज्यादा पियें। डा. विरोत्तम तोमर कहते हैं कि अगर अस्थमा अटैक बढ़ रहा है, तो उन पर ध्यान देना होगा। जैसे कोई व्यक्ति अपनी पूरी बात एक वाक्य में नहीं कह पा रहा हो, सांय-सांय की आवाज आ रही हो या छाती में जकड़न या कसावट बढ़ती जा रही हो, सांस फूल रही है, ठीक से कोई लेट नहीं पा रहा हो, तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

# हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकारः मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रीमती मुर्मू ने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि हमने दुनिया को याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। भारत ने हमेशा इस शाश्वत सत्य का पालन किया है: न्याय के बिना शांति नहीं है।

# हम यूपी में विस चुनाव को पूरी तरह तैयारः सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनता दल नीत महागठबंधन की हार पर बड़ा बयान दिया है। अखिलेश ने कहा कि यूपी, बिहार नहीं है, हम यूपी में पूरी तरह से तैयार हैं। बिहार के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि मैंने खुद बिहार में प्रचार किया, लेकिन मुझे कहीं नहीं लगा कि महागठबंधन हार रहा है। मुझे लगा कि तेजस्वी सीएम बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा ही नहीं था कि तेजस्वी हार जाएंगे।

अखिलेश ने कहा कि ईवीएम में भी गड़बड़ी कई जगह सामने आई। अखिलेश ने कहा कि एक दिन ईवीएम को हटाना ही पड़ेगा। सपा मुखिया ने दावा किया कि चुनाव के दौरान जो 10 हजार रुपये दिए गए, उसका भी असर रहा। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि अब बिहार सरकार 10



■ बिहार में ईवीएम और दस हजार के चक्कर में हारा महागठबंधन

हजार रुपये नहीं दे रही है। अखिलेश ने प्रशांत किशोर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की पार्टी हार गई। जब वह जमीन पर गए होंगे, तो उन्हें पता चला होगा कि बीजेपी कैसे नैरेटिव बनाती है। गानों पर नैरेटिव बना देती है.,कोई एआई से गानाबना दे , तो उसका भी नैरेटिव बना देती है। अखिलेश ने कहा कि यूपी का चुनाव बिहार से बहुत अलग होता है। हम राज्य में चुनाव के लिए अभी से तैयार हैं। सपा नेता ने कहा कि हमारी पार्टी पूरी सावधानी से काम कर रही है।

## गोरखनाथ विवि के संस्थापक सप्ताह समारोह में बोले सीएम योगी

# स्मार्टफोन व ड्रग्स युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती

गोरखपुर, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा, इन दोनों नशों से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे।

नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। सीएम योगी बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे, जिनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री



■ मुख्यमंत्री ने कहा कि इनसे बचेंगे, तो भविष्य बचा पाएंगे

ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा, क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा, क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है, उसको हम अवसर न दें। योगी ने कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए। आवश्यक हो तभी आधा या एक घंटा तक ही आप मोबाइल फोन का इस्तेमाल करिए। समय तय करिए कि मुझे जब आवश्यक बात करनी है तभी बात करूंगा, अनावश्यक नहीं। सीएम योगी ने कहा स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग आपकी आंख की साइट को प्रभावित करेगा। मस्तिष्क को कुंद कर देगा, बुद्धि, विवेक और शारीरिक क्षमता को भी यह पूरी तरह कमजोर कर देगा।

### 19 दिसम्बर से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने मंगलवार को 'बाई सर्कुलेशन' के माध्यम से सत्र की तिथियों को मंजूरी दे दी। अब इस प्रस्ताव पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति के बाद आधिकारिक अधिससूचना जारी की जाएगी। सत्र 19 से 24 दिसम्बर तक चलेगा। हालांकि बीच में 21 दिसम्बर (रविवार) को अवकाश होने के कारण प्रभावी रूप से चार कार्य दिवस ही उपलब्ध रहेंगे। संक्षिप्त अवधि को देखते हुए सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। सत्र के दौरान सरकार का प्रमुख कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट पेश करना होगा। इसमें विभिन्न विभागों की अतिरिक्त जरूरतों के लिए धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।

### नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीकः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान वही मेहनत वही, खेत वही, प्रशासन वही, अधिकारी वही, इच्छाशक्ति वही फिर क्या वजह थी कि परमात्मा एवं प्रकृति की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में किसान अपनी अपेक्षा के मुताबिक उत्पादन करने की बजाय आत्महत्या को मजबूर हो रहे थे।



**सेंसेक्स** 84391.27
**निफ्टी** 25758



**सोना रु.** 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 190000
प्रति किलो



# लगातार तीसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार



**मुंबई।** रुपये में गिरावट से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 275.01 अंक (0.32 प्रतिशत) टूटकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 81.65 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उतरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 नवम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 प्रतिशत गिरा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, बैंकिंग और वित्त क्षेत्र की कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, धातु, फार्मा और तेल एवं गैस सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग तीन फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत और भारती एयरटेल का एक प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही।

### स्पाइसजेट ने की 100 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विंटर शिड्यूल के दौरान रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 'महत्वपूर्ण मार्गों पर बढ़ती मांग' के मद्देनजर उसकी योजना रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की है। नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद ए उड़ानें शुरू की जा सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि इंडिगो संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को विंटर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद उसे रोजाना 210 से अधिक उड़ानें कम करनी होंगी। उनकी जगह दूसरी एयरलाइंस को मौका दिया जाएगा। स्पाइसजेट की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले दो महीने में उसके बेड़े में विमानों की संख्या में 17 की वृद्धि हुई है।

# चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड छुआ अपना ऑल-टाइम हाई

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी ने एक बार फिर अपना आल-टाइम हाई छू लिया है। एमसीएक्स पर पहली बार इसकी कीमत 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार चली गई। घरेलू वादा बाजार एमसीएक्स पर बुधवार को सुबह 9 बजे के आसपास चांदी की कीमतों में उछाल दिखा।

इसके साथ ही चांदी ने पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। आज सोने के भाव भी बढ़े हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार बुधवार 24 कैरेट सोना बुधवार सुबह 117330 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। लेबर मार्केट ठंडा पड़ रहा है और महंगाई फेड के 2 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, ऐसे में फेडरल रिज़र्व का फैसला अहम होगा। अमेरिका में 29 नवंबर को खत्म हुए हफ्ते में शुरुआती बेरोज़गारी के दावे घटकर 1,91,000 पर आ गए। ये तीन साल से ज़्यादा समय में सबसे निचला लेवल है और 2,20,000 के अनुमान से काफी कम है। कोमेरिका इकोनॉमिक्स को उम्मीद है कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बुधवार को साल की अपनी आखिरी मीटिंग में फेडरल फंड्स रेट को 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 3.50 प्रतिशत की रेंज में कर देगी। हालांकि इंटरेस्ट रेट में कटौती की उम्मीदें सोने को सपोर्ट कर रही हैं, लेकिन बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी कीमतों पर दबाव डाल रही है।

# चावल कमजोर, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,850.77 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,850.29 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की 12 रुपये बढ़ी। उड़द दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,061 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.67 प्रतिशत गिरकर में 51.36 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 152 रुपये और वनस्पति 95 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 46 रुपये और पाम ऑयल की 39 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 38 रुपये और मूंगफली तेल 30 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत



दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7860.97 रुपये, मसूर काली 8182.93 रुपये, मूंग दाल 10115.04 रुपये, उड़द दाल 10365.45 रुपये, तुअर दाल 10599.03 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.29 रुपये और चावल 3850.77 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.15 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4330.28 रुपये और गुड़ 504.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17735.82 रुपये, मूंगफली तेल 17735.82 रुपये, सूरजमुखी तेल 15727.41 रुपये, सोया तेल 13836.55 रुपये, पाम ऑयल 12432.64 रुपये और वनस्पति 14507.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घुसपैठिए तय...**

का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। हम भाजपा और एनडीए के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे, चर्चा के लिए हमने न कहा कि इसके पीछे भी कारण थे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है, क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं। इस पर चर्चा होगी तो जवाब कौन देगा, जब ये चुनाव सुधार पर चर्चा के लिए तैयार हुए, हमने दो दिन चर्चा की। अमित शाह ने कहा कि चर्चा तय हुई चुनाव सुधार पर, लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने एसआईआर पर ही बोला।

जवाब तो मुझे देना पड़ेगा। मैंने पहले के भी सभी एसआईआर का गहन अध्ययन किया है और कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठ का अपने तर्कों के हिसाब से जवाब देना चाहता हूं। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। शाह ने कहा कि विपक्ष एसआईआर का मुद्दा छेड़कर बहस को भटकाना चाहता था, जबकि सरकार व्यापक चुनावी सुधारों पर सार्थक चर्चा चाहती थी। गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है, यह व्यवस्था जब बनी, तब हम थे ही नहीं। अनुच्छेद 324 में चुनाव आयुक्त को विशेष अधिकार दिए गए। अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता तय की गई है। मनीष तिवारी कह रहे थे कि एसआईआर का अधिकार चुनाव आयोग को है ही नहीं, तो उनको बताना चाहता हूं कि यह अधिकार चुनाव आयोग को अनुच्छेद 327 में है। अमित शाह ने कहा कि 2000 के बाद तीन बार एसआईआर हुआ और दो बार भाजपा-एनडीए की सरकार थी, एक बार मनमोहन सिंह की सरकार थी। तब किसी ने विरोध नहीं किया। यह चुनाव को पवित्र रखने की प्रक्रिया है। चुनाव जिस आधार पर होते हैं, वह वोटर लिस्ट ही अशुद्ध है, तो चुनाव कैसे पवित्र हो सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एसआईआर हुआ। चुनाव आयोग की ड्यूटी है यह तय करना कि कौन मतदाता है और कौन नहीं। राहुल गांधी के परमाणु बम वाले दावे पर अमित शाह ने कहा कि वह हरियाणा का एक मकान नंबर बताते हुए दावा करते हैं कि इस घर में इतने वोटर हैं। चुनाव आयोग ने वेरिफिकेशन किया, तो यह दावा ही गलत था। वोट चोरी का फर्जी नैरेटिव बनाने की कोशिश हो रही है। मैंने राहुल गांधी के चेहरे पर चिंता की लकीरें देख ली हैं। मैं आपके उकसावे में नहीं आऊंगा, लेकिन मैं अपने क्रम में ही बोलूंगा। मेरा भाषण मेरे क्रम से ही चलेगा। लेकिन वे विपक्ष के नेता हैं, तो उन्हें बोलने का अधिकार है। मैं समझ सकता हूं कि वो ऐसा क्यों बोल रहे हैं, लेकिन आपको हमारी भी सुननी चाहिए। हमने कल बीच में खड़े होकर नहीं कहा था कि आप झूठ बोल रहे हैं।

# कांग्रेस लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देगी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को लोक सभा में कहा कि सत्तारूढ़ दल संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन उनकी पार्टी 'वोट चोरी' के विरुद्ध लड़ती रहेगी और जनता के सहयोग से लोकतंत्र पर कोई आंच नहीं आने देगी।

वेणुगोपाल ने चुनाव सुधारों पर मंगलवार को अधूरी रह गई चर्चा की बुधवार को शुरुआत करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए तरह-तरह के तरीके निकाले जा रहे हैं, लेकिन वह पूरे विश्वास के साथ कह रहे हैं कि लोकतंत्र पर आंच नहीं आने दी जाएगी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता उठ खड़ी होगी और क्रांति लाएगी। उन्होंने कहा कि आज निष्पक्ष चुनाव का विचार बदल दिया गया है। चुनाव के समय प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय जांच ब्यूरो, आयकर विभाग सक्रिय हो जाते हैं और विपक्षी दलों के नेताओं और उनके दलों को निशाना बनाया जाता है। पिछले लोकसभा चुनावों के ऐन पहले कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आयकर विवरणी दाखिल करने में मात्र कुछ दिनों की देरी के लिए कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल के खाते फ्रीज कर दिए गए। यह सारे क्रियाकलाप लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

### वोट चोर, गद्दी छोड़, रैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसम्बर रविवार को होने वाली कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी नेतृत्व ने दिल्ली से सटे राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रैली में लाने पर जोर दिया है। इन राज्यों में पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियों का दौर चल रहा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन गुरुवार को जयपुर दौरे पर रहेंगे। जयपुर में गुरुवार शाम को कांग्रेस वॉर रूम में प्रदेश के प्रमुख नेताओं की बैठक कर तैयारियों पर चर्चा करेंगे। लेंगे। राजस्थान के साथ ही हरियाणा, उत्तराखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी समन्वय बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश से आने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं की सूची तैयार करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी को यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। दिल्ली से सटे सभी राज्यों के अध्यक्षों को ज्यादा संख्या में लोगों को लाने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली कांग्रेस ने भी रैली को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। रैली की तैयारी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीवाड़ा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ दर्शन के लिए पर्यटकों को जल्द मिलेगी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस

## निर्माणाधीन परियोजनाएं 31 दिसम्बर तक हर हाल में पूरी हों: जयबीर सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने लखनऊ भ्रमण को और सुविधा. जनक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 1090 चौराहे से इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस संचा. लित करने की तैयारी शुरू कर दी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस बस में प्रशिक्षित गाइड तैनात रहेंगे, जो प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। रूट और किराया तय करने पर विचार जारी है।

इस बस का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस, पच्चीस दिसम्बर को प्रस्तावित है। पर्यटन भवन, गोमती नगर में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं को हर स्थिति में इकतीस दिसम्बर, दो हजार पच्चीस तथा फरवरी, दो हजार छब्बीस तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना में घटिया सामग्री पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी परियोजना स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिनमें परियोजना का नाम, लागत, पूर्ण होने की समयसीमा, अधिशासी और सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर, कार्यदायी संस्था का नाम तथा स्थल के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का विवरण दर्ज हो। संस्कृति एवं संग्रहालय निदेशालयों की प्रगति समीक्षा में मंत्री ने हरदोई, एटा, अलीगढ़, पीलीभीत, फिरोजाबाद, मैनपुरी और अमरोहा में बन रही रामलीला चारदीवारी को इकतीस दिसम्बर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि पूरी प्रदेश की रामलीला चारदीवारियों में एकरूपता रखी जाए और दीवारों पर सनातन परंपरा की झलक दिखाई दे। बड़े रामलीला मैदानों में आगंतुकों के लिए टायलेट काम्प्लेक्स बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए। चित्रकूट के रामलीला स्थल एवं रामायण मेला परिसर में शुद्धिकरण कार्य में हो रही देरी पर मंत्री ने अप्रसन्नता जताई। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं कुअवध केसरी राणा बेनी माधव सिंह की स्मृति में बन रहे सभागार व पुस्तकालय, बंदायू आडिटोरियम, कन्नौज में रोमा समुदाय स्मारक, चित्रकूट स्थित महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केंद्र, तथा लखनऊ में डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक व सांस्कृतिक केंद्रकुकी गति तेज करने का निर्देश दिया, ताकि इनके लोकार्पण में विलंब न हो। बैठक में पिछले निर्णयों के अनुपालन, स्वीकृत कार्ययोजनाओं की स्थिति, लंबित परियोजनाओं की प्रगति तथा भारत सरकार में लंबित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात, महानिदेशक पर्यटन राज. `श कुमार, पर्यटन विकास निगम के एमडी आशीष कुमार, विशेष सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सन्दना क्षेत्र में अवैध अस्पताल सील

सीतापुर। बुधवार दोपहर गोंदलामऊ विकास खंड के पहला चौराहा स्थित श्री बाला जी अस्पताल को सील कर दिया गया। अस्पताल अपंजीकृत पाया गया और निरीक्षण के दौरान कोई चिकित्सक या स्टाफ मौजूद नहीं था। सामु. दायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ के अधीक्षक डा. धीरज मिश्रा, एआरओ गौरव गुप्ता और रामगढ़ पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। टीम ने परिसर की जांच की और आवश्यक दस्तावेजों की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन पंजीयन से संबंधित कोई वैध रिकार्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सीय सेवाओं के मानक भी संदिग्ध थे। मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल को सील करने का निर्णय लिया। जिला. धिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों पर अंकुश लगाना है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर कई दिनों से मची अफरातफरी की हैप्पी एंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगातार कई दिनों तक चली अव्यवस्था और उड़ानों में देरी के बाद बुधवार को हैप्पी एंडिंग के साथ हालात पूरी तरह सामान्य हो गए। इंडिगो की सभी नियमित और री-शेड्यूल उड़ानें तय समय पर रवाना हुईं, जिससे कई दिनों से परेशान यात्रियों ने राहत महसूस की।

सुबह से देर रात तक किसी भी उड़ान में न देरी दर्ज हुई और न ही भीड़-भाड़ या भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों में इंडिगो की तकनीकी बाधाएं, क्रू प्रबंधन की दिक्कतें और एयरलाइन व नागरिक उड्डयन महा. निदेशालय के बीच चली खींचतान ने परिचालन को बुरी तरह प्रभावित किया था। इसके चलते कई उड़ानें घंटों लेट हो गईं, कुछ रद्द करनी पड़ीं और यात्रियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। किसी की शादी छूट गई, किसी का इंटरव्यू और आफिस का काम प्रभावित हुआ, जबकि वैकल्पिक उड़ानों में अन्य एयरलाइनों ने मनमाने किराए वसूलकर मुश्किलें और बढ़ा दीं। सरकार की ओर से किराए पर नियंत्रण की कोशिशें की गईं, लेकिन यात्रियों की क्षति की भरपाई संभव नहीं हो सकी। डीजीसीए और इंडिगो के बीच जवाबदेही को लेकर चली जांच और नोटिस की प्रक्रिया ने भी स्थिति को संवेदनशील बनाए रखा। बीते दिनों एयरपोर्ट पर लंबी कतारें, अव्यवस्थित भीड़ और नाराज यात्रियों का माहौल बना रहा। एयरलाइन ने कुछ यात्रियों को किराए की वापसी और वैकल्पिक व्यवस्था देकर राहत देने की कोशिश की, लेकिन अव्यवस्था का असर व्यापक था। बुधवार को उड़ानें समय पर चलने के बाद यात्रियों ने कहा कि सब कुछ सामान्य है और किसी तरह की परेशानी नहीं रही। एयरपोर्ट प्रशासन ने भी पुष्टि की कि सभी संचालन प्रक्रियाएं नियंत्रण में हैं और उड़ानों की निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि आगे ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए एयरलाइन के साथ संयुक्त मानिटरिंग की व्यवस्था लागू कर दी गई है। कई दिनों की अफरातफरी और तनाव के बाद लखनऊ एयरपोर्ट पर बुधवार का दिन यात्रियों के लिए पूरी तरह राहत भरा साबित हुआ।

### शत्रु संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराया

सीतापुर। तहसील बिसवां के ग्राम लालपुर, परगना बिसवां स्थित शत्रु सम्पत्ति गाटा संख्या 69, 92, 148, 271 एवं 353 कुल लगभग 52 बीघा भूमि को आज उप जिला. धिकारी शिखा शुक्ला के निर्देशन में अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त भूमि पर ग्राम देवियापुर, थाना सदरपुर निवासी रमेश चंद्र पुत्र बच्चू लाल द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। एसडीएम शिखा शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व टीम तथा पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यवाही की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जाधारक को हटाते हुए पूरी भूमि को कब्जा मुक्त किया। अधिकारियों के अनुसार इन गाटों का कुल क्षेत्रफल लगभग 52 बीघा है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस बल तथा स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम मौजूद रही। एसडीएम ने बताया कि शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी भूमि को राजस्व अभिलेखों के अनुसार सरकारी नियंत्रण में सुरक्षित रखा जाएगा।

### ग्रामीणों ने फैक्ट्री के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन

सीतापुर। विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत बनेहटा के ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को पत्र सौंप कर गुरु नानक जनरेटर वर्कशाप फैक्ट्री के प्रदूषण से राहत दिलाने व फैक्ट्री बंद कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 5 वर्ष पूर्व ग्राम बनेहटा में लगभग तीन बीघा जमीन खरीद कर जनरेटर की वर्कशाप लगाने की बात गगन दीन पुत्र रामचंद्र द्वारा की गई थी। जिसमें अब लकड़ी के गुटको व प्लाईवुड की स्क्रैब को ग्राइंड करके छोटे-छोटे टुकड़े बनाकर बिक्री का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल्द ही एक मशीन लेकर आये है , जो धान के अवशेष को ग्राइंड करके छोटे-छोटे कोयले के टुकड़े बनाने का कार्य करती है। जिससे काफी मात्रा में डस्ट पराली को ग्राइंड करते समय हवा में उड़ती है जो लगभग दो-तीन किलोमीटर दूर जा रही है।

# भाजपा राष्ट्रवादी नहीं, राष्ट्रविवादी, एसआईआर के बहाने वोट कटवाने की साजिश: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी नहीं, बल्कि राष्ट्रविवादी पार्टी है, जो हर जगह विवाद तलाशती है और समाज को बांटने का काम करती है।

नोएडा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि वंदे मातरम आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारियों का प्रेरक गीत रहा है, जिसने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह और अन्य क्रांतिकारियों की प्रेरणा से देश को आजादी मिली और वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद व जय हिंद के नारों ने स्वतंत्रता संग्राम को धार दी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा षड्यंत्रकारी राजनीति कर रही है और एसआईआर के बहाने एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में भारी अव्यवस्था है, तमाम नागरिकों के नाम छूट रहे हैं, और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पीडीए प्रहरियों के अनुसार प्रदेश में लगभग पांच करोड़ लोगों को दोबारा फार्म भरना पड़ सकता है। बीएलओ बिना पर्याप्त ट्रेनिंग के काम कर रहे हैं और उन पर अधिकारियों का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना था कि भाजपा अधिकारी तंत्र के साथ मिलकर समाजवादियों, पीडीए, गरीबों और किसानों के वोट कटवाने की रणनीति में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भी भाजपा के साथ मिलकर मैपिंग के नाम पर वोट काट रहा है और जो ऐप बनाया गया है, वह उसी कम्पनी ने बनाया जिसने भाजपा को इलेक्ट्रोरल बान्ड में बड़ा चंदा दिया था। एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसी घर या मंदिर को गंगा. जल से धुलवाते हैं, वे असली जंगली हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में भगदड़ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या छिपाने वाले और सरकारी मुआवजे के बजाय कालेधन की पेशकश करने वाले भी उसी मानसिकता के लोग थे। प्रदेश में घुसपैठियों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर वाकई घुसपैठिए हैं तो केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि केंद्र में ग्यारह वर्ष और उत्तर प्रदेश में नौ वर्ष से भाजपा ही सत्ता में है। अखिलेश यादव ने पीडीए परिवारों को आगाह किया कि अगर उनका नाम वोट में नहीं होगा तो भाजपा सरकार राशन कार्ड रद्द कर देगी और आरक्षण भी छीनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई बढ़ा रही है, रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि किसान, नौजवान, पीडीए और आम जनता भाजपा से नाराज है और आगामी चुनाव में उसके खिलाफ मतदान करेगी।

### कांग्रेस ने शिक्षक और चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन नियुक्त किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शिक्षक और चिकित्सा प्रकोष्ठ के नए चेयरमैनों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रभारी राष्ट्रीय महासचि. चव अविनाश पांडे की संस्तुति पर डा. अमित कुमार राय को शिक्षक प्रकोष्ठ का चेयरमैन और डा. आजाद बेग को चिकित्सा प्रकोष्ठ का चेयरमैन नियुक्त किया है। डा. अमित कुमार राय लखनऊ के शिया पीजी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं और शिक्षक राजनीति में सक्रिय भूमिका के लिए पहचाने जाते हैं। वे लंबे समय से शिक्षकों के मुद्दों पर मुखर रहते हुए विभिन्न आंदोलनों में भागीदारी करते रहे हैं। मथुरा निवासी डा. आजाद बेग छात्र राजनीति से सक्रिय रहे हैं और सामाजिक क्षेत्र में उनका व्यापक अनुभव रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक और चिकित्सक समाज को दिशा देने का काम करते हैं। इन्हें पार्टी से जोड़ने से साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष में मजबूती मिलेगी।

# 25 दिसम्बर को लखनऊ की धरती से देश को मिलेगा सदी का सबसे बड़ा प्रेरणा स्थल

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के बसंत कुंज में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और पच्चीस दिसम्बर को इसका ऐतिहासिक लोकार्पण होने जा रहा है। यह वही दिन है जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस होता है, और इसी अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भव्य परिसर का उद्घाटन करेंगे।

लगभग पैंसठ एकड़ क्षेत्र में फैला यह प्रेरणा स्थल देश में पहली बार संघ परिवार के तीन बड़े नेताओं- अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की साठ फीट से अधिक ऊंची विशाल कांस्य प्रतिमाओं के रूप में स्थापित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब तक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन नेतृत्व की प्रतिमाओं को ही बड़े सार्वजनिक स्वरूपों में जगह मिलती रही है, लेकिन संघ जिन प्रतीकों का सौ वर्षों से इंतजार करता रहा, उसकी पूर्ति पहली बार मोदी सरकार कर रही है। इस प्रेरणा स्थल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संरचना और आधुनिकता है। कमल की आकृति में तैयार किए गए म्यूजियम ब्लॉक में पांच गैलरियां होंगी, जहां इन तीनों नेताओं के जीवन, विचार, संघर्ष और योगदान से जुड़े दस्तावेज, फोटो, डिजिटल डिस्प्ले और आडियो-वीडियो सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। परिसर में तीन हजार लोगों की क्षमता वाला ओपन एयर थिएटर, विशाल जनसभा मैदान, तीन हेलीपैड, आकर्षक लैंडस्केप, प्रकाश व्यवस्था और अनेक सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। करोड़ों की लागत से बनी यह परियोजना सिर्फ प्रतिमाओं का स्थल नहीं बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय चेतना का केंद्र बनने जा रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर तैयारियां तेज हैं।

# दिवाली को यूनेस्को की सूची में स्थान अयोध्या की परंपरा का वैश्विक सम्मान: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को उत्तर प्रदेश और देश दोनों के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, और इसका वैश्विक स्तर पर मान्यता पाना भारतीय परंपरा की शक्ति का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर और सशक्त बनाती है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि इस सम्मान का महत्व उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि है, जहां दीपावली की ऐतिहासिक परंपरा की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल श्रद्धा का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। ऐसे में दीपावली का यूनेस्को सूची में शामिल होना अयोध्या की सांस्कृतिक शक्ति को वैश्विक पहचान दिलाने वाला कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय मान्यता भारत की बढ़ती सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति को दुनिया के सामने सशक्तता से रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं के प्रति विश्व समुदाय की यह स्वीकार्यता सकारात्मक संकेत है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि अयोध्या का शाश्वत प्रकाश सद्भाव, सत्य और मानवता के मार्ग पर पूरी दुनिया को प्रेरित करता रहेगा।

### अतिक्रमण को लेकर कस्बे के नागरिकों को किया जागरूक

सीतापुर। बिसवां तहसील की उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बिसवां चौराहे पर नो-वेंडिंग जोन व्यवस्था को लागू कराने के लिए विशेष अभियान चलाया। चौराहे से 150 मीटर की दूरी तक मार्किंग कराई गई। जिसके माध्यम से क्षेत्र को स्पष्ट रूप से नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया। टीम ने सड़क व फुटपाथ पर लगी अस्थाई दुकानों और अन्य अवैध कब्जों को चिन्हित करते हुए व्यापारियों व राहगीरों को जागरूक किया।

# महाकुंभ-2025 के बाद अब माघ मेला-2026 को

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। महाकुंभ- 2025 की अभूतपूर्व सफलता के बाद उत्तर प्रदेश सरकार अब माघ मेला-2026 को भी भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले से जुड़े सभी कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं।

हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेला क्षेत्र के प्रतीक चिन्ह के अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना तथा अवसंरचनात्मक सुधारों पर विस्तृत चर्चा की गई। अनुमान है कि इस बार माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे, जिनमें प्रतिदिन पहुंचने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे। सरकार इस बार मेले को एक अनूठी और सौंदर्यपूर्ण थीम से जोड़ रही है। मेले के सात सेक्टर्स और सात पान्टून पुलों को सात ऊर्जा चक्रों के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा, ताकि संपूर्ण मेला क्षेत्र एकरूप और आकर्षक दिखे। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर तीन फुट चौड़ी रंगीन सीमांकन पट्टी बनाई जाएगी, जिससे मेले की संरचना स्पष्ट दिखाई देगी। सभी सेक्टर्स में माघ मेला-2026 का प्रतीक चिन्ह प्रमुखता से अंकित होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से घाटों पर बनाए जा रहे चेंजिंग रूम को भी नई थीम के अनुरूप डिजाइन किया गया है। उनकी क्षमता को दोगुना किया गया है, जिससे दो यूनिट में पहले जहां दो लोग एक साथ उपयोग कर पाते थे, अब चार लोग सुविधा ले सकेंगे। इससे भीड़ प्रबंधन सुचारू होगा और श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। सातों पान्टून पुलों पर भी सौंदर्य और सुरक्षा दोनों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पुलों को इंद्रधनुषी रंगों से सजाया जाएगा। पुलों पर लगने वाली लाइटिंग, एलईडी पोल और धार्मिक प्रतीक पूरी रात क्षेत्र को आकर्षक बनाए रखेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलों पर कैनोपी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि माघ मेला-2026 धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधाओं और आधुनिक अवसंरचना के मामले में देशभर के आयोजनों के लिए एक मानक स्थापित करे। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु को माघ मेला-2026 में एक सुरक्षित, व्यवस्थित, आध्यात्मिक और विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके।

# उत्तर प्रदेश में किसानों की खुशहाली का संदेश देती गांव की कृषि चौपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ/मुजफ्फरनगर। प्रदेश में अन्नदाताओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का चित्र बुधवार को मुजफ्फरनगर के यहियापुर गांव में लगी कृषि चौपाल में दिखा, जहां पांच सौ से अधिक किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं, सुविधाओं और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण आधार दिया है।

किसानों ने बताया कि अब गांवों में समान रूप से बिजली, सड़क और पानी की उपलब्धता के कारण खेती आसान हुई है और फसल को बाजार तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आती। किसानों ने विक. सित कृषि संकल्प अभियान को भी बड़ा संवाद मंच बताया। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित प्रदेश और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों ने सीधे किसानों से बातचीत की। पंद्रह दिनों में चौदह हजार से अधिक गांवों में हुए कार्यक्रमों में तेईस लाख से ज्यादा किसानों ने हिस्सा लिया। किसान विराम सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान उन्हें स्वायल कार्ड, भूमि सुधार और सिंचाई क्षमता जैसी तकनीकी जानकारियां मिलीं, जिनका उपयोग कर उन्होंने अपनी खेती में सुधार किया। तिलहन और दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क मिनीकिट वितरण को किसानों ने उपयोगी बताया। किसान अमरीश वालिया ने बताया कि चना, गेहूं, मटर, मसूर, जौ, तोरिया और राई-सरसों जैसी फसलों के अनुदानित बीज आसानी से मिलने से खेती में लागत घटी और उत्पादन में वृद्धि हुई। इसी तरह अनुदा. नित कृषि यंत्रों और प्रदेश में स्थापित पांच हजार से अधिक कृषि यंत्र बैंकों ने किसानों के काम को आसान बनाया है। किसान गंगाशरण ने बताया कि कि ई-लाटरी की निष्पक्ष प्रक्रिया से उन्हें भी कृषि यंत्र मिला, जिसने उनकी उपज और कार्यक्षमता को बढ़ाया। किसान वेदपाल ने किसान पाठशाला को खेती में तकनीकी दृष्टि विकसित करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेती के नए तौर-तरीकों, व्यावहारिक कौशल और विशेषज्ञों से संवाद के कारण किसान अब आधुनिक खेती के लिए अधिक सक्षम हो रहे हैं। चौपाल में किसानों ने गन्ना मूल्य में तीस रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को दीपावली से पहले मिला बड़ा तोहफा बताया। कंवर सिंह ने कहा कि अगेती गन्ना चार सौ रुपये और सामान्य गन्ना तीन सौ नब्बे रुपये प्रति क्विंटल तय होने से गन्ना किसानों को तीन हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान मिल रहा है, जिसने उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत की है। चौपाल में सुनील प्रधान, कंवरपाल सिंह, मो. फसी, निर्दोष त्यागी, मनोज चौधरी, नूर मोहम्मद, जगमेर सैनी, पद्म सिंह और अन्य किसान उपस्थित रहे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जनपदों में एक से ग्यारह दिसम्बर तक आयोजित हो रही कृषि चौपाल श्रृंखला के तहत गुरुवार को दाहोद गांव में कृषि चौपाल आयोजित की जाएगी। बागपत, हापुड़ और शामली में कार्यक्रम पूर्ण हो चुके हैं तथा बुधवार को यहियापुर गांव में चौपाल का आयोजन हुआ।

# गाजियाबाद में 83 प्रतिशत मतदाता 'कैटेगरी-सी' में डालने पर सपा का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद सहित कई जनपदों में मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियों और अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि गाजियाबाद विधान सभा में दो लाख सैंतालीस हजार तीन सौ चौंसठ यानी तिरासी प्रतिशत मतदाताओं को बीएलओ द्वारा कैटेगरी सी में डाले जाने की तत्काल जांच कराकर उन्हें नियमानुसार कैटेगरी ए या बी में अपलोड किया जाए, ताकि लाखों मतदाताओं को अनावश्यक नोटिस जारी न हों। सपा द्वारा दिए गए तथ्यों के अनुसार गाजियाबाद के अधिकांश मतदाताओं ने वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची में दर्ज अपना या अपने अभिभावकों का विवरण पूरी तरह भरा और गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा कर दिया था। इसके बावजूद उन्हें कैटेगरी सी में रखे जाने से अब बड़ी संख्या में मतदाताओं को नोटिस भेजकर दस्तावेज मांगे जाएंगे, जिससे जनता को बेवजह परेशान होना पड़ेगा। वाराणसी के पिंडरा विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या दो सौ चौदह, दो सौ पंद्रह, दो सौ सोलह और दो सौ छिहत्तर पर बीएलओ को जो मतदाता सूची दी गई है, वह पोर्टल पर उपलब्ध सूची से अलग है। सूची बदल जाने से बीएलओ गणना प्रपत्र सही ढंग से सबमिट नहीं कर पा रहे हैं। कासगंज, अमांपुर और पटियाली विधान सभाओं में वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची अदल-बदल कर दिए जाने से लाखों नाम हट जाने की आशंका जताई गई है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द वत्रा 'सुमन'
0522-4041004
मुख्यालयः फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ठगी पीड़ितों का पैसा वापस दिलाया जाए

## नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने 50 करोड़ से अधिक ठगी का शिकार हो चुके नागरिकों को न्याय दिलवाये जाने की मांग की है।

बुधवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ से अधिक नागरिक संगठित ठगी का शिकार बनकर अपनी और अपनो के जीवन भर की जमा पूंजी ठगी के हाथ गवां चुके हैं। और ठगी से यह धन सरकारों ने प्रवर्तन एजेंसी के माध्यम से जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत में करोड़ों ठगी पीड़ितों ने अपने जमाधान की वापसी के लिए आवेदन किया। किंतु 7 साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसी पीड़ित का अभी तक का भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकारों की घोर लापरवाही उदासीनता बेईमानी से दुखी होकर न्याय की उम्मीद में 2025 में कोर्ट को भी अवगत कराते हुए याचिका दायर की गई थी। न्यायालय द्वारा आवेदकों के अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए फैसला सुनाया था। शासन के प्रत्येक अंग ने ठगी पीड़ितों के साथ छल किया है धोखा दिया है। जिस कारण से देश भर में लाखों पीड़ित आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने सरकार से ठगी पीड़ितों को न्याय दिलवाये जाने की गुहार लगाई है। इस अवसर पर मनोज कुमार, अमर सिंह, जगदीश सिंह, चंद्रपाल सिंह, इरफान खान, सत्यपाल सिंह राकेश चौहान, वीर सिंह, मोहम्मद हसन, अनिल कुमार गुप्ता, रामगोपाल सिंह, राजपाल सिंह, केवल सिंह, डॉक्टर मोहम्मद हनीफ, मकबूल अहमद आदि मौजूद होते थे।



हसनपुर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते ठगी पीड़ित।

# उड़ान कार्यक्रम के साथ नए सत्र का भव्य स्वागत

## जीएमएस कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शकरपुर, रजबपुर में सत्र 2025-26 के नये विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य और यादगार स्वागत कार्यक्रम ''उड़ान (नई प्रतिभाओं का उदय) शीर्षक का आयोजन किया गया। जिससे कैंपस में उत्साह, ऊर्जा और उमंग की नई लहर पैदा कर दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना उन्हे कॉलेज की संस्कृति से परिचित कराना तथा वरिष्ठ व जूनियर छात्रों के बीच आपसी सहयोग और मित्रता को बढ़ावा देना था।

मुख्य अतिथि विधायक और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष महबूब अली ने दीप प्रज्जवनल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में सभी नये छात्र/छात्राओं का स्वागत है। यह स्वागत समारोह केवल एक समारोह नहीं बल्कि कॉलेज जीवन की नई यात्रा की शुरूआत है। यह अवसर विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। चेयरमेन शाहनवाज अली ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नये छात्रों को स्वागत योग्य माहौल देना और उन्हे कॉलेज परिवार का हिस्सा महसूस कराना है। इस कार्यक्रम ने हमारे टीमवर्क और क्रिएटिविटी को नई ऊंचाइयाँ दी है। निदेशक डॉ॰ हरीश कुमार ने कहा कि आपको जीवन का यह महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए बधाई देता हूँ। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग से महक, अनम, नितिन, दिव्या, विनीत और ग्रुप, ऊमर, सुमन तथा नर्सिंग विभाग से तनु, सानिया, सालिम, जुनैद, आयुष, शांतनु मौजूद रहे।



# महिलाएं समूहों के माध्यम से हो रहीं आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'सशक्त जीवन, स्वयं सहायता समूह की यात्रा और जनपद अमरोहा में प्रभाव' विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्पर्श सोशल फाउंडेशन के प्रमुख मनीश प्रकाश शाहू ने कहा कि उनका फाउंडेशन स्वयं सहायता समूह की 10 हजार से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है।

■ **स्पर्श सोशल फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित**




बुधवार को नगर के हाइवे स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। फाउंडेशन के प्रमुख मनीश प्रकाश शाहू ने कहा कि आज महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार की आर्थिक प्रगति में सहायक बन रही हैं। स्पर्श सोशल फाउंडेशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार पहल कर रहा है। अब तक जनपद के 239 गांवो के पांच ब्लॉकों में 10 हजार से अधिक महिलाओं हमारे साथ जुड़कर देश और परिवार की आर्थिक प्रगति में जुटी हैं। कार्यक्रम प्रमुख मधुकर वर्मा ने कहा कि हमारे फाउंडेशन के साथ जुड़कर महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से न केवल कृषि, पशुपालन, सब्जी की खेती, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसी पारंपरिक खेती-आधारित गतिविधियों में लगी हुई हैं, बल्कि वे खुदरा दुकानें, सिलाई, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प जैसे गैर कृषि क्षेत्रों में भी सफलता पूर्वक उद्यम कर रही हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आभा दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि उनके विभाग द्वारा मुर्गीपालन, बकरी पालन, गौसंवर्धन योजना चल रही है और सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है। उमंग डेयरी लिमिटेड के वरिष्ठ एचआर मैनेजर जिवेश कुमार ने उमंग डेयरी के सहयोग और उत्पाद के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने अपने जीवन में आए उतार चढ़ावों के बारे में बताते हुए स्पर्श के माध्यम से स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आए जीवन में आए बदलाव और प्रगति के बारे में भी बताया। इस मौके पर फाउंडेशन के सीनियर मैनजर एस.आनंद, शिवप. ्साद, कृष्ण गोपाल, दिनेश मैहर, सुमन, प्रेमवती, पूजा, अरविंद, हेमंत आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने ट्रांसफार्मर गिराकर की क्वाईल चुराने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चोरों ने ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर कीमती तांबे का तार चोरी करने की कोशिश की, मगर जाग होने के कारण उन्हें खाली हाथ ही भागना पड़ा। लेकिन तेल आदि बह जाने और ट्रांसफार्मर की मरम्मत आदि के कारण विभाग को एक लाख रूपये की चपत लग गई।

मामला एमडीए कॉलोनी के बिल्कुल पास में स्थित प्रीत विहार कॉलोनी का है। यहां पर कुछ समय पूर्व विद्युतापूर्ति शुरू कराने के लिए बिजली विभाग ने प्रक्रिया शुरू कराई थी। ठेकेदार सुखपाल ने हाल ही में यहां पर फाउंडेशन बनवाकर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर(टीएफ) रखवाया था। यदि सब कुछ सही रहता तो कुछ दिनों बाद प्रीत विहार कॉलोनी रोशन हो जाती, मगर चोरों की नजरें पहले ही टेढ़ी हो गई। मंगलवार/बुधवार की मध्यरात्रि करीब डेढ़ बजे यहां पर तीन चोर आए और फाउंडेशन पर रखे टीएफ को नीचे गिराकर उसका कवर खोल लिया और फिर अंदर 20 किलोग्राम तांबे से बनी क्वाईलों को काटने की कोशिश की, मगर शोर शराबा सुनकर यहां रहने वाले एक चिकित्सक की आंख खुल गई। उन्होंने पड़ोसियों को सूचित करते हुए चोरों को ललकारा तो चोर यहां से खाली हाथ ही भागने को मजबूर हो गए। बुधवार को कॉलोनी के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ठेकेदार ने बताया कि टीएफ गिरने से उसमें भरा लगभग तीस हजार रूपये का तेल नष्ट हो गया तो वहीं ठीक कराने में 60-70 हजार रूपये का व्यय होगा। इस तरह विभाग को एक लाख रूपये की चपत लग गई।

## एक नजर

### रेप केस का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत रहरा पुलिस ने बलात्कार और पोक्सो के गंभीर मामले में वांछित आरा. ्पी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के दौरान, एएसपी अखिलेश भदौरिया और सीओ हसनपुर पंकज त्यागी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। थाना रहरा क्षेत्र के ग्राम गंगानगर निवासी बन्टी पुत्र परमा को धारा 65(2) बीएनएस व 5(एम)/6 पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था। लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने 09 दिसंबर को आरोपी को दबोच लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

### पिता-पुत्र को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में कहासुनी के बाद तीन युवकों ने पिता पुत्र के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। परिजनों ने घायल पिता-पुत्र को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, वहीं पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद गांव निवासी शाने आलम व उसके पिता शराफत की गांव के ही तीन युवकों से किसी बात को लेकर बुधवार की सुबह कहा. सुनी हो गई थी। पिता पुत्र ने विरोध जताया तो युवकों ने लात घूंसो व ईंट मारकर पिता पुत्र को घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर घायल पक्ष के परिजन पहुंचे तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जय गोविंद पब्लिक स्कूल जोया में प्रवेश परीक्षा में चयनित अरहान एवं मोहम्मद अजीम निवासी हाजीपुर, वैभव आर्या निवासी सरकड़ी, सूर्या चौहान गंजन, अरहम राजा हरियाना, आयुष शाहपुर, कुणाल रमता, अब्दुल्ला हरियाना आदि छात्रों को स्कूल प्रबंधक सरल कुमार एवं प्रधानाचार्य रिफाउल हसन ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। सभी छात्रों का चयन कक्षा 6 के लिए हुआ है अब इनका एडमिशन विद्यालय बुलंदशहर में होगा। इस अवसर पर दीपक सोनिया आदि उपस्थित रहे।

### तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में डर का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** खादर क्षेत्र के गांव शीशोवाली में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में डर का माहौल है। किसी युवक ने तेंदुआ का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

### बाइक को बचाने में खंदक में पलटी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अलीगढ़ मार्ग पर तीसरा मिल के पास देर रात एक तेज रफ्तार कार फिल्मी अंदाज में कई पलटे खाते हुए सड़क किनारे एक खंदक में गिरकर पलट गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने काफी मशक्कत के चालक जुनैद को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार हसनपुर से रहरा की दिशा में जा रही थी और उसकी रफ्तार बहुत तेज थी। यह हादसा कथित तौर पर किसी बाइक चालक को बचाने के चक्कर में हुआ है। हालांकि, इस पर दुर्घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। घायल चालक का इलाज जारी है।

# अब बीस किमी साइकिल से करेंगे दौड़

## पंचायत सचिवों का विरोध जारी, मोटर वाहन किये बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायत अधिकारीख्ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर पंचायत सचिवों का विरोध जारी है। बुधवार से पंचायत सचिव ने निजी वाहनों का प्रयोग बंद कर साइकिल पर सवार हुए। सचिवों का कहना है कि 200 रुपये मासिक साइकिल भत्ते में निजी वाहनों का प्रयोग करना संभव नहीं है।



सचिवों का कहना है कि तकनीकी दबाव और अतिरिक्त कार्यभार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि पंचायत स्तर पर मूल विकास कार्य सीधे प्रभावित हो रहे हैं। कई सचिवों ने बताया कि निरंतर ऑनलाइन कार्यों की बाध्यता, आए दिन नए पोर्टलों का भार और विभागीय सीमा से बाहर की जिम्मेदारियां मान. सिक व कार्यगत तनाव बढ़ा रही हैं। सचिवों ने आरोप लगाया कि बार-बार शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी समाधान नहीं मिलने पर वे मजबूरन आंदोलन के लिए उतरने को विवश हुए हैं। स्थिति यह हो गई कि जिन्हें 20-20 किलोमीटर के क्लस्टर आवंटित हैं, वे अब साइकिल पर ही गांवों का भ्रमण करेंगे। सचिवों ने तंज कसते हुए कहा कि 200 रुपये मासिक साइकिल भत्ता में 20 किलोमीटर की सरकारी दौड़ संभव नहीं है, फिर भी मजबूरी में यही रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इधर, 15 दिसंबर से सचिवों ने डोंगल ब्लॉक कर ऑनलाइन कार्य प्रणाली ठप करने की भी चेतावनी दी है। बुधवार को सभी सचिव साइकिलों पर सवार होकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और यहीं से क्लस्टर गांवों के लिए रवाना हुए। इस दौरान आंचल कुमारी, महेश कुमार, बंटी सिंह, संदीप सिंह, सुमित कुमार, रोहित चौधरी, राजकुमार सैनी, अशोक कुमार, राजकुमार सिंह, सुदेश कुमार, महेश सिंह, मोहम्मद नासिम, राजीव सिंह मौजूद रहे।

# शक्ति कलश यात्रा का नगर पहुंचने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार की शक्ति कलश यात्रा का नगर पहुंचने पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। यात्रा ने नगर के प्रमुख मार्गों और वार्ड में भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों को संस्कारों के प्रति जागरूक किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के

■ **शाम के समय दीप यज्ञ की संगीतमय प्रस्तुति**



अनुसार शक्ति कलश यात्रा दोपहर के साढ़े 12 बजे नगर के भरतियाग्राम स्थित श्री राम मंदिर पहुंची। यहां पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत किया। यहां के बाद यात्रा नोबल पब्लिक स्कूल और बस्ती स्थित ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज पहुंचीं और वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संस्कारों के प्रति जागरूक किया। यहां से यात्रा चौपला, इंदिरा चौक, टीचर्स कॉलोनी, बैंक कॉलोनी आदि होते हुए नगर के बस्ती स्थित अग्रवाल भवन पहुंची। शाम के आठ बजे से यहां पर दीप यज्ञ संगीतमय प्रस्तुति रही। इस मौके पर क्षेत्र समन्वयक डीपी सिंह, सह क्षेत्र समन्वयक अशोक कुमार, नगर संयोजक डीएन शर्मा, आरडी यादव, भारत भूषण अग्रवाल, मदनपाल राणा, अभय पाण्डे, जेपी शुक्ला, रामप्रकाश गर्ग, चित्रा शुक्ला, नत्थू सिंह वर्मा, ऊषा शर्मा मौजूद रहे।

### तंवर के प्रस्ताव पर गडकरी ने लगाई मुहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर के प्रस्ताव पर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुहर लगा दी है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले सांसद कंवर सिंह तंवर ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर अपने लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रजघाट में बाईपास निर्माण हेतु स्वीकृत करने की मांग की थी। जिसे श्री गडकरी ने प्रस्ताव पर मुहर लगा दी तथा नव वर्ष 2026 में निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। बाईपास के निर्माण से श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को सुरक्षित आवागमन मुहैया होगा।

# स्काउट-गाइड को पढ़ाया ज्ञान का पाठ



## आदर्श इंटर कॉलेज में लगा शिविर


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आदर्श इंटर कॉलेज कूटी दौलतपुर में तीन दिवसीय बालचर स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने मनमोहन टेंट पीचिंग एवं मीनारों का निर्माण किया। कार्यक्रम में मॉडल बनाने वाले छात्र छात्राओं की प्रशंसा की गई। इमरान चाचा को बताया गया कि स्काउट और गाइड एक स्वैच्छिक गैर राजनीतिक शैक्षिक युवा आंदोलन है। जिसका उद्देश्य युवाओं में चरित्र आत्मनिर्भरता नेतृत्व और सेवा भाव विकसित कर रहा है। जिसमें कैंपिंग समाज सेवा और कौशल विकास जैसी गतिविधियां शामिल है। उन्होंने बताया यह लॉर्ड बेडेन पॉवेल द्वारा शुरू किया गया था। और भारत में 1909 में आया। जिसमें लड़के स्काउट और लड़कियां गाइड दोनों शामिल है। और यह 6 से 35 वर्ष की आयु के लिए है। जिसके अपने नियम प्रतिज्ञा और प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश कुमार, जयपाल सिंह, काउंसलर मंजीता सिंह समेत कॉलेज का स्टाफ मौजूद था।

# कर्तव्यों के साथ दायित्वों का बोध होना भी आवश्यकः डा. वीके सिंह

## मानवाधिकार दिवस पर डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**मेरठ।** समाज के विभिन्न वर्गों में मानवाधिकार के सरंक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के साथ-साथ दायित्वों का बोध भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलायी कि ''मैं एतद्द्वारा दृढ़तापूर्वक प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं भारतीय संविधान एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय अनुबंधों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवा. धिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं कादार रहूंगा/रहूंगी। मैं मानवाधिकारों की सुरक्षा हेतु अपने



कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करूंगा/करूंगी। मैं बिना किसी पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्म सम्मान का आदर करूंगा/करूंगी। मैं अपने शब्दों, दस्तावेजों या विच. ारों द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकारों का उल्लघंन नहीं करूंगा/करूंगी। मैं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूंगा/रहूंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण करके सीखा व्यवसायिक कौशल




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की कक्षा 09 व 10 की छात्राओं ने खुदरा व्यापार के कौशल सीखने के लिए नगर के एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में शैक्षिक भ्रमण किया। इंडस एडयूट्रेन प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट कोआर्डिनेटर इमरान खान के निर्देशन में व्यवसायिक शिक्षक विजयपाल सिंह बुधवार को छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर लेकर गए। छात्राओं ने संचालक से व्यापार के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसी के साथ छात्राओं ने वस्तुओं के रखरखाव, स्टोर में स्टॉक स्तर, ग्राहक की आवश्यकताएं और सेवा, टीम के उददेश्य और लक्ष्य, क्रेडिट बिक्री की विशेषताएं और शर्तें, ग्राहकों को उत्पाद खरीदने हेतु प्रोत्साहित करने की तकनीकी के बारे में जानकारी ली। संच. ालक ने बताया कि ग्राहकों के साथ नम्रता के साथ बात करना सबसे महत्तवपूर्ण है। इसलिए व्यापारिक प्रगति के लिए व्यवहार को नम्र रखें। इस मौके पर गुनगुन, शालिनी, नैना, शुमायला, प्रिया, माधुरी, सोनिका, लक्ष्मी, जयवती आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस रैंकिंग में बरेली जोन प्रदेश में नंबर वन

■ एडीजी रमित शर्मा के नेतृत्व में मिली सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली जोन ने नवंबर 2025 की जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह सफलता पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है।



अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन, रमित शर्मा ने इस उपलब्धि को टीमवर्क का नतीजा बताया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनसुनवाई केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। पारदर्शिता और बेहतर समन्वय बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।

शासन द्वारा संचालित आईजीआरएस प्रणाली में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता दी जाती है। एडीजी रमित शर्मा के निर्देशन में बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र और बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा तथा बिजनौर जनपदों ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इन इकाइयों ने आईजीआरएस मूल्यांकन में पारदर्शिता, दक्षता और शिकायतों के प्रभावी समाधान के आधार पर शीर्ष रैंक प्राप्त की, जिसके परिणामस्वरूप बरेली जोन प्रदेश में पहले स्थान पर रहा।

स्थानीय प्रशासन का मानना है कि यह उपलब्धि जनता के साथ संवाद और शिकायतों के बेहतर समाधान के मॉडल को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

# केशव प्रसाद मौर्य का अखिलेश पर पलटवार

## सपा को बताया नमाजवादी और परिवारवादी पार्टी, मतदाता सूची के शुद्धिकरण से बौखलाई सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। मौर्य ने सपा को नमाजवादी और परिवारवादी पार्टी बताया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत हासिल कर सपा के अहंकार को चकनाचूर करेगी।

बुधवार को बरेली पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की। प्रेसवार्ता के दौरान मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा चार विधानसभा चुनाव जीत चुकी है, और पश्चिम बंगाल में भी कमल खिलेगा। मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एसआईआर) पर उन्होंने कांग्रेस, सपा और टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल इससे बौखलाए हुए हैं, क्योंकि वे घुसपैठियों को अपना रिश्तेदार मानते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्षी दलों की मंशा पूरी नहीं होगी।



मौर्य ने संसद में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर हुई चर्चा में विपक्ष के नकारात्मक रुख की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपने वोटबैंक की चिंता है। उपमुख्यमंत्री ने सपा पर मुस्लिम तुष्टिकरण की घटिया राजनीति करने और राजनीति का अपराधीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजनीति को अपराध मुक्त किया है। मौर्य ने अखिलेश यादव से वंदे मातरम् का गान करने और अपने कार्यकर्ताओं से भी इसे कराने का आग्रह किया।

उपमुख्यमंत्री ने एसआईआर को लोकतंत्र का महायज्ञ बताया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मृत मतदाताओं के नाम हटाना, एक से अधिक जगह दर्ज नामों को हटाना, 18 साल के युवाओं के नाम जोड़ना और घुसपैठियों को चिह्नित कर मतदाता सूची के साथ-साथ देश से भी बाहर निकालना है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता गलत नहीं कर सकता, जबकि समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सही नहीं कर सकता। उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी को वोट चोर करार दिया।

## एक नजर

# सभासद सलीम चंदा के पिता का हुआ इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी के सभासद सलीम चंदा के पिता हाजी नसीम अहमद की मौत हो गई। उनकी मौत पर नगर के गणमान्य लोगों व सभासदों ने उनके निवास पर पहुंचकर खिराजे अकीदत पेश की। मृतक नगर के मशहूर व्यापारी थे, और नसीम अहमद बेकरी वालों के नाम से उन्होंने नगर में अपनी पहचान बना रखी थी।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पकड़े गए युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध तमंचा और कारतूस कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया।

बीते मंगलवार को पुलिस ने फायर ब्रिगेड के पास से शानू पुत्र लईक अहमद निवासी वार्ड नं0 25 मोहम्मदपुर कस्बा व थाना बहेड़ी जनपद बरेली उम्र 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने 12 बोर का एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# खादी एवं स्वावलंबन उत्सव का समापन उत्कृष्ट इकाईयों को सम्मान

■ खादी उत्सव में दो करोड़ से अधिक की बिक्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय खादी एवं स्वावलंबन उत्सव-2025 का बुधवार को समापन हो गया। विशप मंडल इंटर कॉलेज ग्राउंड में 1 से 10 दिसंबर 2025 तक चले इस दस दिवसीय उत्सव का समापन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन इकाइयों को सम्मानित किया गया। बदायूं के खेड़ा बुजुर्ग मौर्य मंदिर के पास के चंद्रमान उर्फ शिव कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15,000 रुपये प्रदान किए गए। बरेली के बहेड़ी के गांव मकसूदनपुर के बाबू को द्वितीय पुरस्कार के तौर पर 12,000 रुपये और शाहजहांपुर के जहांगीरपुर यारपुर की विनीता त्रिपाठी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपये दिए गए। इन विजेताओं को डमी चेक, अंगवस्त्रम, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। प्रदर्शनी में विभिन्न जनपदों, मंडलों और राज्यों से आए उद्यमियों ने अपने उत्पादों के स्टॉल



लगाए। सर्वश्रेष्ठ ग्रामोद्योगी उद्यमियों में रामपुर के जे.के. हनी एपियरी को प्रथम, बुलंदशहर के हुमेश को द्वितीय और मुरादाबाद के फहीम उद्दीन को तृतीय पुरस्कार मिला। इन्हें प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, खादी की उत्कृष्ट इकाई जानकी देवी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (लखीमपुर खीरी), माटीकला की उत्कृष्ट इकाई सर्वोसार्थ कलेक्शन (कानपुर), हस्तशिल्प की उत्कृष्ट इकाई स्टाइलिश सीरिंज (बरेली) और वूलेन रेडीमेड गारमेंट्स में उत्कृष्ट इकाई वूलेन गारमेंट्स (जम्मू कश्मीर) को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति-पत्र दिए गए। दस दिवसीय इस प्रदर्शनी में उद्यमियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रदर्शन और प्रचार-प्रसार के साथ कुल 2 करोड़ 1 लाख 78 हजार 120 रुपये की बिक्री दर्ज की गई। यह जानकारी परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने दी।

# किसानों ने गन्ना समिति के अधिकारियों पर रिपोर्ट लिखाने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ओसवाल चीनी मिल पर बकाया किसानों के साढ़े 70 करोड़ रुपए के गन्ना भुगतान की मांग को लेकर तहसील परिसर में चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान किसानों को मनाने के लिए धरना स्थल पर एसडीएम उदित पवार और गन्ना समिति की सचिव मेघा जोशी पहुंचीं, लेकिन किसानों ने उनकी बात नहीं मानी। बाद में किसानों ने गन्ना समिति के अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

ओसवाल चीनी मिल ने किसानों का दो वर्ष का गन्ना मूल्य का साढ़े 70 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया है। जिससे किसान खासे



परेशान हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने किसानों के साथ 3 दिन पहले से तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया है। बुधवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। बुधवार को एसडीएम उदित पवार और गन्ना समिति की सचिव मेघा जोशी धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को मनाने पहुंचे, लेकिन वह नहीं माने। वहीं नाराज किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप गन्ना समिति के अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि वह गन्ना समिति के माध्यम से ही चीनी मिल को गन्ना देते हैं।

इसलिए भुगतान के लिए भी गन्ना समिति ही जिम्मेदार हैं। इस दौरान सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एडवोकेट, वहीद अहमद, सोमपाल, प्रेमपाल, कल्यान राय, रामरतन गंगवार, पूर्व प्रधान उत्तम गंगवार, सपा नेता टीटू गंगवार, नानक चन्द शर्मा, राममूर्तिलाल, हरवंश कुमार, प्रताप, सुभाषचन्द्र आदि मौजूद रहे।

# वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने की समय-सीमा बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने की समय-सीमा छह माह बढ़ा दी गई है। अब इन संपत्तियों का पंजीकरण 5 जून 2026 तक कराया जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ ने इस संबंध में वक्फ ट्रिब्यूनल में एक वाद दायर किया था। ट्रिब्यूनल ने बोर्ड की अपील पर सुनवाई करते हुए समय-सीमा बढ़ाने का आदेश जारी किया।

गौरतलब है कि दरगाह आलाहजरत के सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने छह माह की बढ़ोतरी की मांग की थी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने वक्फ ट्रिब्यूनल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी वक्फ संपत्तियों के जिम्मेदारों से एक बार फिर अपील की है कि जिन लोगों ने अभी तक उम्मीद पोर्टल पर अपनी संपत्ति दर्ज नहीं कराई है, वे इस विस्तारित समय का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द पंजीकरण करा लें।

# हर्ष फायरिंग करने का आरोपी दबोचा, फरार तीन की तलाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को मंगलवार को सिरौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुकदमे में नामजद तीन आरोपी अभी फरार चल रहे है। पुलिस की कई टीमे उनकी तलाश में लगी हुई है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के सिठौरा से रविवार रात सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में बरात गई थी। इसी बीच अरविंद ने हर्ष फायरिंग कर दी। जिसमें सड़क पार खड़े रिजवान निवासी सिठौरा के माथे में गोली लगने से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अरविंद, तसलीम, यासीन, राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अरविंद कस्बा सिरौली बगिया चौराहे पर खड़ा है।

सूचना पर सिरौली थानाध्यक्ष विनोद सिंह अपनी टीम और एसओजी के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होने अरविंद को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि जिस तमंचे से उसने फायरिंग की थी वह पिपरिया रामनगर तिराहे के पास झाड़ियों में छुपा दिया है। उसके बाद पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से तमंचा बरामद किया। आरोपी ने बताया कि वह कक्षा 12 तक पढ़ा है। वर्तमान में एक गैस एजेंसी पर काम करता है। पुलिस मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद हुआ है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमे दबिश दे रही है।

# सीएम योगी आज बरेली में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गुरुवार को बरेली का दौरा करेंगे। वह शहर में लगभग सवा तीन घंटे रुकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, साथ ही एक विवाह समारोह में भी शामिल होंगे।



शासन की ओर से जारी मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 2:05 बजे वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान द्वारा बरेली के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 3:05 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 3:10 बजे कार से सर्किट हाउस सभागार के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका आगमन 3:25 बजे सर्किट हाउस में होगा। सर्किट हाउस सभागार में मुख्यमंत्री 3:25 बजे से 4:25 बजे तक मंडल के चारों जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति, एसआईआर की स्थिति और जिला पंचायत चुनाव संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, जनप्रतिनिधियों से अधिकारियों की कार्यशैली पर फीडबैक भी लिया जाएगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री कार से आईवीआरआई के लिए रवाना होंगे। वे 4:35 बजे आईवीआरआई में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होंगे। विवाह समारोह से मुख्यमंत्री 4:50 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। 5:05 बजे एयरपोर्ट पहुंचने के बाद, वे 5:10 बजे राजकीय वायुयान से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे।

# शिकायत दर्ज से समाधान तक, हर कदम पर होगी कड़ी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान की समीक्षा की। यह समीक्षा परिक्षेत्र के चार जनपदों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के थानों में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों पर केंद्रित रही।

**मिशन शक्ति समीक्षाः डीआईजी ने महिला सुरक्षा पर अधिकारियों को दिए निर्देश**

समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी साहनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन शक्ति केन्द्रों पर आने वाली शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। उन्होंने त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीआईजी ने यह भी कहा कि क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी प्रतिदिन इन केन्द्रों के कार्यों का निरीक्षण करें और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। डीआईजी के अनुसार, मिशन शक्ति केन्द्रों में रखे जाने वाले अभिलेखों में शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर और समस्या का स्पष्ट विवरण दर्ज होना चाहिए। समाधान के बाद शिकायतकर्ताओं से फोन पर प्रतिक्रिया लेना अनिवार्य बताया गया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौराख़्जिसमें रपट नंबर, तिथि और मुचलके की धनराशि शामिल है, रजिस्टर में दर्ज किया जाए। साहनी ने क्षेत्र में भ्रमणशील पुलिस टीमों के कार्यों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दैनिक निरीक्षण और कार्य समीक्षा कार्यप्रणाली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। साथ ही, चेतावनी दिए गए व्यक्तियों के विवरण को जनरल डायरी में ठीक प्रकार से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर डीआईजी ने स्पष्ट किया कि महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने मिशन शक्ति के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने पर भी बल दिया। पुलिस को निर्देश दिया गया कि महिलाओं से संबंधित कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। साहनी ने अंत में कहा कि मिशन शक्ति से संबंधित एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) का पूरी तरह पालन किया जाए। इसके साथ ही, अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी बनाया जाए।

# छह साल से फरार 25 हजार का इनामी ठग दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बरेली। लाखों रुपये 6 साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी को प्रेमनगर पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने प्लॉट देने का सपना दिखाकर लोगों के साथ ठगी की थी। इस मामले में प्रेमनगर पुलिस चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी।

कोतवाली स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि 2010-11 में प्रेस्टीज इंफ्रा डेवलपर्स और तथाकथित प्रेस्टीजियस आवासीय समिति के नाम पर चौधरी कॉम्प्लेक्स से कंपनी चलाई गई। प्लॉट देने का झांसा देकर लोगों से किस्तों में मोटी रकम वसूली गई। भरोसा बढ़ाने के लिए पूरे स्टाफ में रिश्तेदारों को ही बैठाया गया। 2019 में मामला खुला तो प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ हुआ था। इसमें चार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी, लेकिन पवन शर्मा 6 साल से फरार चल रहा था। उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। प्रेमनगर पुलिस ने मंगलवार सुबह को पवन शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी गली नंबर 4 पीतलनगरी कालोनी थाना कटघर जिला मुरादाबाद को झुमका चौराहा से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रेमनगर इंस्पेक्टर प्रयागराज सिंह, दरोगा मो सरताज, आशीष कुमार, कांस्टेबल अनित और अनुराग शामिल रहे। एसपी सिटी ने बताया कि पवन शर्मा ने ने हैदराबाद में भी एक करोड़ 10 लाख रुपये का साइबर फ्राड किया था। इसमें वह गिरफ्तार भी हुआ था। इसके बाद उसने 2010-11 में प्रेमनगर क्षेत्र के कृष्णलीला काम्पलेक्स में कंपनी खोली। इसमें वह लोगों से पैसे लेकर प्लॉट देने का झांसा देकर किस्त के रूप में पैसे लेते थे। कंपनी में ज्यादातर स्टाफ उनके रिश्तेदार और परिवार के लोग ही थे। लोगों का पैसा लेकर वह बरेली से निकल गया।

पुलिस से बचने के लिए एक जगह पर दो से तीन माह ही किराये पर रहता था। पकड़े गए आरोपी पर शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, वाराणसी, पीलीभीत, खीरी और कासगंज में अलग-अलग 12 मुकदमे दर्ज हैं।


# बरेली के 27 पीएम-श्री स्कूलों को मिलेगा फर्नीचर

■ 40.10 लाख रुपये स्वीकृत, फरवरी तक लैस होंगी सभी कक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**(मो० इरफान मुनीम)**

**बरेली।** जिले के 27 पीएम-श्री विद्यालयों को आधुनिक फर्नीचर से लैस किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 40.108 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस राशि से कक्षा एक से पांच तक के लिए कुल 606 डेस्क-बेंच खरीदे जाएंगे। फरवरी तक सभी विद्यालयों में फर्नीचर आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है।

यह पहल पीएम-श्री विद्यालयों में समग्र शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है। कक्षाओं में मानक बैठने की व्यवस्था से शिक्षण



वातावरण और क्लासरूम प्रबंधन दोनों में सुधार होगा।

फर्नीचर की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो फर्म चयन, अनुबंध, आपूर्ति और भुगतान की निगरानी करेगी। इस समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और डाइट के प्राचार्य शामिल हैं।

बरेली में कक्षा 1 से 2 के लिए 303 यूनिट और कक्षा 3 से 5 के लिए 303 यूनिट फर्नीचर स्वीकृत किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने इन डेस्क-बेंच की डिजाइन, परिमाण और गुणवत्ता को मानकीकृत किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) डॉ. विनीता ने बताया कि निविदा प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाएगी और फरवरी तक सभी विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

पीएम-श्री योजना का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा को आधुनिक संसाधनों, तकनीक और बेहतर वातावरण से जोड़ना है। बरेली जिले में फर्नीचर की उपलब्धता इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पहले से चल रहे निर्माण और स्मार्ट क्लास परियोजनाओं को पूरक करेगा।

# यूपी पंचायत चुनाव तय समय पर होने के आसार कम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव तय समय पर होने की संभावना कम है। यदि ऐसा होता है, तो पंचायतों का कार्यभार प्रशासकों को सौंपा जाएगा। यह जानकारी सामने आई है कि विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने अलग-अलग तिथियों पर शपथ ग्रहण की थी, जिसके कारण उनके कार्यकाल की समाप्ति की तारीखें भी भिन्न हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्धारित अवधि पर होने के आसार कम दिख रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अलग-अलग तिथियों में शपथ या कार्यभार ग्रहण किया था। इसी के अनुसार उनका कार्यकाल पूरा होगा। पंचायती राज निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों से पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल का विस्तृत विवरण मांगा है।

वर्ष 2021 में हुए चुनाव में निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों और अध्यक्षों ने 12 जुलाई को शपथ ग्रहण की थी। इनका कार्यकाल 11 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। इसी तरह, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ब्लॉक प्रमुखों ने 20 जुलाई 2021 को शपथ ली थी, और उनका कार्यकाल 19 जुलाई 2026 को पूरा होगा। ग्राम पंचायत सदस्यों और प्रधानों का कार्यकाल 27 मई 2021 से शुरू हुआ था, जो 26 मई 2026 को पूरा होगा। हालांकि, 448 ग्राम पंचायतों में सदस्यों का कोरम अधूरा रहने के कारण संबंधित प्रधान शपथ नहीं ले पाए थे। इन ग्राम पंचायतों में उपचुनाव के बाद कोरम पूरा होने पर प्रधानों को 20 जून 2021 को शपथ दिलाई गई थी। अब उनका कार्यकाल 19 जून 2026 को समाप्त होगा। चूंकि कार्यकाल के बीच में चुनाव नहीं कराए जा सकते, यह तय है कि जिन पंचायतों का कार्यकाल पहले पूरा होगा, वहां प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। बरेली जिले में पिछली बार 1,193 ग्राम पंचायतों में चुनाव हुए थे, जबकि इस बार 1,188 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे। मझगवां की बेहटाजुनू, आबादानपुर व नगरिया सतन और नवाबगंज की याकूबनगर और बहोरन नगला ग्राम पंचायतें नगर निकायों में समाहित हो गई हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कमल किशोर ने बताया कि निदेशालय ने पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल का ब्योरा मांगा है, जिसे भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के प्रतिनिधियों का कार्यकाल सबसे बाद में समाप्त होगा।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# साधु की हत्या में आरोपी साथी को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मढ़ी पर रहने वाले साधु की गला दबाकर हत्या कर शव को कुंए में फेंकने के आरोपी साथी और मढ़ी पर रहने वाले अलीगंज परपरागंज निवासी चन्दन गिरि उर्फ चन्दरपाल कश्यप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार सिंह ने आरोपी को दोषी पाते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की पूरी रकम मृतक के परिजनों को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील हरेन्द्र राठौर ने बताया कि वादी मुकदमा थाना शाही औरंगाबाद निवासी रमेश चन्द्र दिवाकर ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि 17 फरवरी 2014 को अखबार पढ़ा और सूचना पर मैं पूरनलाल, विक्की दिवाकर, गंगाचरन गंगवार व दीपचन्द्र सक्सेना के साथ थाना बहेड़ी पर आया। वहां पर फोटो व कपड़ो की पोटली खोलकर हमें दिखाए तो फोटो व कपड़े देखकर हम सबने पहचाना कि यह कपड़े और फोटो मेरे बड़े भाई बाबूराम दिवाकर के हैं। बड़े भाई बाबूराम साधू हो गए थे, इसलिए वह अपना नाम बाबूराम गिरि लिखते थे और यही नाम उन्होंने अपने बांये हाथ पर गुदवाया हुआ था। वह गांव में मढ़ी पर रहते थे, घर पर नहीं रहते थे और शादी भी नहीं की थी। गांव में 27/28 जनवरी 2014 को भंडारा हुआ, जिसमें यह मौजूद थे। इसके बाद इनके साथी चन्दन गिरि मढ़ी पर गांव में आए थे। चन्दन गिरि से उनका पुराना साथ था। पुलिस ने हत्या, साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना में आरोपी चन्दन गिरि का नाम प्रकाश में लाया। विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। मुल्जिम ने अदालत में विकलांग होने व बाबा होने पर रहम की गुहार लगायी। कोर्ट ने आजीवन कारावास का दण्डादेश सुनाया। अभियोजन ने 9 गवाह 12 सबूत कोर्ट में पेश किये। बता दें कि पुलिस ने मृतक बाबूराम गिरि के मोबाइल सेट की आईएमईआई रन करायी, जिससे एक मोबाइल नंबर का पता चला। इस नंबर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंची। मोबाइल नंबर अनमोल अग्रवाल की नानी का था, जो खुर्रम गौटिया में रहती थीं। पुलिस ने जब उनसे बात की, तो पता चला कि उनके यहां काम करने वाला धर्मेन्द्र नाम का लड़का है, जिसने 12 फरवरी 2014 को मोबाइल सिम को चेक किया था। धर्मेन्द्र ने बताया कि उसने चन्दन गिरि उर्फ चन्दरपाल कश्यप के फोन में सिम डाला था। पुलिस ने चन्दन गिरि से फोन को बतौर सबूत कब्जे में लिया।

## एक नजर

### भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चौधरी घसीटा सिंह ने की और संचालन सुधीर शर्मा ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने बताया कि झीरन पुरैना के किसानों को खाद नूरपुर समिति से मिलता था, लेकिन यहां से हटाकर गोहावर समिति से जोड़ दिया गया। जिसका किसानों ने विरोध करते हुए नूरपुर समिति से ही खाद उपलब्ध कराने की मांग की। पंचायत में समिति के चेयरमैन अमित चौधरी उर्फ बॉबी को बुलाकर खाद से संबंधित समस्या से अवगत कराया गया। पंचायत में पहुंचे चेयरमैन अमित चौधरी ने झीरन पुरैना के किसानों को नूरपुर समिति से ही खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल ने मोहित चौहान को संगठन की टोपी पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत में प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीक. ांत शर्मा, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम राही, डॉ. इशरत अली वारसी, नगर अध्यक्ष कफील सैफी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी, सुभम चौधरी, सुमित चौधरी, धर्मपाल सिंह, दुष्यंत यादव, कावेंद्र मलिक, ललित चौधरी, रामकुमार सिंह, इरफान अली, सुनील कुमार, दिनेश चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, भोपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ताजपुर में बंदरों का आतंक



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जोशीयान में एसआई एक मकान की छजली के नीचे खड़े होकर मौहल्ले वालों से जानकारी जुटा रहे थे। तभी मकान पर बैठे एक बंदर ने कूद-फांद करते हुए मकान की छजली को तेजी से हिला दिया। बंदर के हिलाने से छजली टूट कर नीचे खड़े चौकी प्रभारी के सिर पर ईंट गिरने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। वहां पर खड़े ग्रामीणों ने उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। उनके सिर में कई टांके आए हैं। अब उनकी हालत में सुधार है। ताजपुर में बंदरों का काफी आतंक है, जो काफी उत्पात मचाते रहते है। ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। महिलाओं ने बंदरों के भय से मकान की छतों पर कपड़े सुखाने बंद कर दिये है। अमित कुमार, प्रिंस आर्य, अलीशा हुसैन सिद्दीकी, ममता शर्मा, चंद्रप्रकाश त्यागी, नसीम सिद्दीकी, कुमार पाल सैनी, सुनील शर्मा आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इन बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाए। अब तक कई स्कूली बच्चों को बंदरों ने घायल कर दिया। आये दिन छतों पर महिलाओं ने कपड़े सुखाने बंद कर दिए है।

### दहेज मुक्ति अभियान से जुड़ने की अपील



**अफजलगढ़।** यूथ विंग के नेतृत्व में भारत से दहेज मुक्त अभियान की शुरुआत एक सेमिनार के द्वारा किया जाएगा। जिसको सफल बनाने के लिए यूथ विंग के कार्यकर्ता डोर टू डोर जा रहे हैं। मौहम्मद फईम ने बताया कि पूरे जिले से लोग इस प्रोग्राम में पहुंचेंगे। फईम अहमद ने आम जनता से दहेज मुक्ति अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। वहीं वार्ड नंबर 25 के सभासद मौहम्मद शाहिद से मिलकर इस अभियान से जुड़ने के लिए जगह-जगह बैठक एवं अपना संदेश लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सभासद इकरार कुरैशी, पूर्व सभासद सलीम अहमद अंसारी, फईम अहमद, मौहम्मद वाजिद, शमीम अहमद, इकरार अहमद, मौहम्मद शाहिद, मोहसिन, मौहम्मद सलमान आदि सहयोग में शामिल रहे।

### शोक संतप्त परिवारों से मिले अशोक चौधरी



**चांदपुर।** नूरपुर मार्ग पर गत दिवस हुए भीषण सड़क हादसे में मलकपुर मैंडयो निवासी मोनू कश्यप और नाईपुरा उर्फ जुझारपुरा निवासी यशपाल सैनी की दर्दनाक मृत्यु से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। चांदपुर मे चूना फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मारी, जिसमें मोनू कश्यप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल यशपाल सैनी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दु:खद घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी आज दोनों ग्राम मलकपुर मैंडयो और नाईपुरा उर्फ जुझारपुरा में पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। परिवारों के दुख में शामिल हुए और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूरे क्षेत्र में वातावरण अत्यंत गमगीन रहा। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति दें। युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, पूर्व जिलाध्यक्ष महासचिव गजेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह आदि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। अशोक चौधरी ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र की सर्वसमाज की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़ा हूँ। क्षेत्र की सर्वसमाज की जनता मेरा अपना परिवार है।

### मसीत का वारंटी महमूद गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** आर्म्स एक्ट के वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। बता दें कि अपराध की रोकथाम और वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मसीत निवासी 38 वर्षीय महमूद पुत्र महबूब को वाद संख्या 44424/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# जन जागृति यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत

## गुरमुख परिवारों को सरोपा भेंट कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तख्त सच खंड श्री केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब और गुरुद्वारा धुबड़ी साहिब (असम) तक पहुंचने वाली विशाल जन जागृति यात्रा का धामपुर में ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

स्वागत स्थल पर बोले सो निहाल सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में और पंज प्यारों की अगुवाई में निकाली जा रही यह यात्रा आगामी 26 दिसंबर को निर्धारित स्थान पानीपत में पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री अकाल सहाय सेवा समिति प्रधान सरदार सज्जन सिंह खालसा ने बताया कि यह यात्रा नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहीदी शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य संगत और आमजन को गुरु तेग बहादुर जी तथा भाई मतीदास, भाई सतिदास और भाई दयाला जी की शहादतों के संदेश से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि धामपुर में संगत द्वारा किया गया स्वागत अविस्मरणीय और ऐतिहासिक रहा। यात्रा में शामिल संगत बसंती, केसरी और नीले रंग की पगड़ियों एवं दुपट्टों में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। फूलों से सुसज्जित वाहन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज विराजमान थे, जिनके दर्शन व आशीर्वाद का सौभाग्य बड़ी संख्या में संगत ने प्राप्त किया। उनके आगे चल रहे पंज प्यारे वाहन में गुरु साहिब की अगुवाई कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर एसपी सलूजा के प्रतिष्ठान पर आयोजित स्वागत समारोह में पंज प्यारों ने प्रतिष्ठान के स्वामी वरिष्ठ रोटेरियन एस.पी. सलूजा, पूजा रानी सलूजा, पवन सलूजा एडवोकेट, काजल सलूजा, जैविन सलूजा सहित कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जिला मीडिया प्रभारी सरदार महेंद्र सिंह सलूजा और अन्य गुरमुख परिवारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला तथा अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गुरमुख संगत, स्त्री सत्संग सभा और बेबे नानकी दल की सेविकाएं स्वागत में शामिल रहीं। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत यात्रा अपने आगे के गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

## ग्राहकों को गुमराह करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान के नेतृत्व में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अफजलगढ़ शाखा प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पीएनबी मेटलाइफ बीमा कंपनी पर कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राहकों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन के अनुसार ग्राम मीरपुर घासी निवासी छिंदर कौर ने 30 सितंबर 2019 को पीएनबी मेटलाइफ की एक पॉलिसी शुरू की थी। एजेंट द्वारा उन्हें बताया गया था कि पांच वर्षों तक प्रति वर्ष एक लाख रुपये जमा करने पर छठे वर्ष 7 लाख रुपये वापस मिलेंगे तथा 31 वर्ष तक बीमा कवरेज जारी रहेगा। छिंदर कौर का आरोप है कि पॉलिसी अवधि के दौरान कई बार मेडिकल जांच के नाम पर बिजनौर, धामपुर और घर पर स्वास्थ जांच कराई गई, जबकि वह पूर्णत: स्वस्थ थीं। पॉलिसी दस्तावेज में दर्ज मोबाइल नंबर गलत होने के कारण संशोधन हेतु कई बार आवेदन करना पड़ा। उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में कुल 5,00,000 जमा किए जा चुके हैं, लेकिन पीएनबी मेटलाइफ प्रबंधन शेयर मार्केट का हवाला देते हुए मात्र 5,05,800 की राशि बताकर भुगतान देने से इंकार कर रहा है। जबकि नियमानुसार पॉलिसी की राशि लगभग 8,50000/ होनी चाहिए। पीड़िता का केसीसी लोन 10 लाख रुपये का पीएनबी शाखा से चल रहा है, जिस पर वह लाखों रुपये ब्याज के रूप में जमा कर चुकी हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 20 जनवरी 2026 तक पीड़िता को पॉलिसी की पूर्ण राशि नहीं दी गई तो पीएनबी अफजलगढ़ शाखा के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी बैंक पीएनबी मेटलाइफ प्रबंधन की होगी।

## मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी



**बिजनौर।** मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर एक गोष्ठी का आयोजन कृष्णा ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व एवं संरक्षण तथा उससे जुड़ी हुई चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे समानता न्याय और स्वतंत्रता सभी के लिए आवश्यक है। साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों का उल्लंघन एक सार्वभौमिक समस्या हैं, जिसका समाधान नागारिकों को मानव अधिकारों के बारे में जागरूक करके ही किया जा सकता है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया है जो भारतीय नागरिकों के मानवीय अधिकारों को सुनिश्चित करते हैं। मानव अधिकारों का उल्लंघन कहीं भी हो हम सबको मिलकर उसका विरोध करना चाहिये, मानव अधिकार सभी जाति, वर्गो के लिए एक समान हैं। समाज कार्य विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, दासता और यातना से मुक्ति, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, रोजगार परक काम करने और शिक्षा का अधिकार, और अन्य अनेक अधिकार शामिल हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, देशों की सरकारों पर यह जिम्मेदारी तय करता है कि वे मानवाधिकारों और व्यक्तियों या समूहों की मूल स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए, कुछ निश्चित कार्य करें या कुछ कृत्यों से बचें।कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता मनदीप चिकारा, प्रियंका अग्रवाल, दीपांशु जैन का विशेष योगदान रहा।

# रेडियो संदेश टीम ने किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा जीवनपुरी स्थित कन्या गुरुकुल का भ्रमण किया। टीम ने पाया कि गुरुकुल में पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को संस्कार और वैदिक ज्ञान का भी विशेष रूप से प्रदान किया जाता है।

गुरुकुल संचालक सुशील त्यागी, सुश्री सविता आर्य तथा अन्य शिक्षकों द्वारा छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।

गुरुकुल की संचालिका सुश्री सविता आर्य ने बताया कि यहां प्रदेश के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के बाहर से भी अनेक छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। यह गुरुकुल प्रबंधन की सफलता और उत्कृष्ट व्यवस्था का परिचायक है। रेडियो टीम द्वारा 'सेहत सही-लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी बीमारी के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।.

## धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत

### समर्थकों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत हुए है। समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ी। कस्बे के मौहल्ला ब्रह्मप. ्री निवासी भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत हुए। उनके मनोनयन से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें बधाई दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर धर्मेन्द्र जोशी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो दायित्व दिया है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। बधाई देने वालों में सन्दीप जोशी, रालोद नेता अजयवीर सिंह एड., संजीव जोशी, मुकुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# कासमपुरगढ़ी में अजीमुश्शान जलसा





## आठ तलबाओं की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी में एक अजीमुश्शान जलसा हुआ, जिसमें आठ तलबा की दस्तारबंदी हुई। मौहम्मद अनस, मौहम्मद रिहान, मौहम्मद शुएब, मौहम्मद अल्फैज, मौहम्मद फुरकान, मौहम्मद नाजिम, मौहम्मद उवैस, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद जैद, कुल आठ तलबा की दस्तारबंदी हुई। जिसकी सदारत हजरत मौलाना अल हज मौहम्मद याकूब हाशमी नक्शबंदी ने फरमाई। निजामत हजरत मौलाना मुफ्ती जुबैर उदयपुरी ने की। तिलावत ए कलाम पाक हजरत कारी मौहम्मद जाफर और कारी हसीबुर्रहमान ने की। नाते पाक मुफ्ती मौहम्मद सलमान कारी, मौहम्मद अशरफ ने पेश की। मेहमान ग्राम अमरोहा से तशरीफ लाएं मुफ्ती मुजाहिद उल इस्लाम ने लोगों को बताया कि अल्लाह ताला ने इंसान को सबसे अफजल क्यों बनाया और इसी चीज पर रोशनी डाली। आखिर में मेहमान हजरत मुफ्ती मौहम्मद शाहिद, शेख उल हदीस जमा मस्जिद अमरोहा ने अपनी नसीहतों से नवाजा और जलसे में दुआ फरमाकर इखतताम हुआ। मौलाना मौहम्मद असद नाबकवि ने तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। जलसे में कारी अब्दुल हलीम बिजनौर, कारी अली हुसैन, कारी मौहम्मद आरिफ कारी, जावेद इकबाल हलीमी, मदरसे के उस्ताद मौलाना जीशान, मौलाना नईम कारी, अब्दुल्लाह, मौलाना सऊद, मौलाना आसिफ और तमाम ही जिम्मेदारों की निगरानी में प्रोग्राम कामयाब रहा।

## एक नजर

### एसआईआर फार्म जमा कराने पर जोर



**नगीना।** एसआईआर के काम में लगे बीएलओ के साथ जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत फार्म भरवाने में में प्रयासरत हैं। हालांकि फॉर्म भरने व जमा करने के लिए अब तीन दिन शेष हैं, लेकिन इस सबके बावजूद अब भी प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम 100 मतदाताओं ने फॉर्म जमा नहीं किये है। भाजपा नेता रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 324 मौहल्ला लाल सराय नगीना में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार कुल 1106 में से 904 फार्म वितरित किए गए थे, जिसमें से 890 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 204 नाम काटे गए हैं। लगभग 12 लोग जो अभी घर पर नहीं मिले हैं। उनके फॉर्म जमा करने शेष हैं अन्यथा बूथ पर एसआईआर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता रोहित रवि, बीएलओ अलका सिंह, राजपाल सिंह, हिमांशु कुमार, संदीप कुमार, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, सरला देवी, रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व आजीवन अध्यक्ष स्व. कुंवर महीपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्या डॉ. प्रियंवदा एवं छात्राओं ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्व. कुंवर महीपाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांज. लि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध के उप-प्रबंधक नवनीश कुमार ने कॉलेज के सभी लोगों से कहा कि यह सबका कर्तव्य है कि वे दिवंगत महीपाल सिंह के बताए अच्छे रास्ते और सिद्धांतों पर चलें। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से कहा कि आपकी जिम्मेदारी है कि आप देश को अच्छे नागरिक दें, इसलिए आपको खुद भी एक आदर्श जीवन जीना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी अनिल पांडे ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र के अस्तित्व में ही हमारा अस्तित्व निहित है। हमें सदैव राष्ट्र सेवा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्राचार्या प्रोफेसर डा. साधना ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा तथा अन्य क्षेत्रों से आए अतिथियों संजय कुमार, अवनीश राठी, प्रियांशु एवं मौहम्मद गुलिस्तान के अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

### कन्या इंटर कॉलेज में कंबल वितरण



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद छात्राओं को कंबलों का वितरण किया गया। जिसमें कुल 100 कम्बल जरूरतमंद छात्राओं को वितरित किए गए। यह सेवा कार्य नरेंद्र गुप्ता तथा उनकी पत्नी मधु श्री गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या रेखा देवी तथा शिक्षिका मिथलेश अंजलि कुमारी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों से जुड़े सौरभ अग्रवाल, गौरव माहेश्वरी एवं नरेंद्र कुमार अग्रवाल अंजलि अग्रवाल, सुनीता गोयल, लवी अग्रवाल मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद छात्राओं को कम्बल वितरण करना मानवता की सर्वोत्तम सेवा है।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। इंदिरा नगर कॉलोनी में नरेश कुमार दीवान के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुरेश कुमार, राकेश कुमार, जागेश कुमार, नरेश कुमार, नेहा देवी, अनिका, गीता शर्मा, यशी शर्मा, विनीता, प्रीति आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, सुधीर सक्सेना, नीरज वर्मा, आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### दिसम्बर में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं स्थगित

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन में जनपद बिजनौर में माह दिसम्बर-2025 में आयोजित की जाने वाली सभी प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं खराब वायु गुणवत्ता एवं बढ़ते वायु प्रदूषण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित की जाती हैं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, खेल संघों के पदाधिकारी, सभी शिक्षण संस्थान सरकारी व गैर-सरकारी को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्तर के विद्यालय, महाविद्यालय, संस्थान, क्लब, संघ पर कोई भी खेल प्रतियोगिता आयोजित न की जाए। यदि पूर्व में कोई कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, तो तत्काल प्रभाव से उसे स्थगित करते हुए सूचनाएं संबंधित प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देशित किया कि इन निर्देशों का पालन सभी स्तरों पर अनिवार्य रूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आदेशों के उल्लंघन की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारी व प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

जोया फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहनों ने मारी टक्कर

# वाहन ने बाइक को रौंदा, ट्रांसपोर्टर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** कस्बे में फ्लाईओवर पर बुधवार दोपहर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में मुरादाबाद से लौट रहे गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी 35 वर्षीय ट्रांसपोर्टर अफसर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक अफसर गांव सिहाली जागीर निवासी किसान अजीज अहमद के बेटे थे। चार भाइयों में सबसे छोटे अफसर ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। परिवार में पत्नी कासमा के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह अफसर ट्रांसपोर्ट के काम के सिल. सिले में बाइक से मुरादाबाद गए थे। वहां से लौटते में जब वह जोया में फ्लाईओवर से गुजर रहे थे उसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात



वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल अफसर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसा अंजाम देने वाला चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, अफसर को एंबुलेंस से जोया सीएचसी भिजवाया, जहां डॉक्टर ने अफसर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थोडी देर में ही रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में मृतक के पिता अजीज अहमद की तहरीर पर वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कार से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

### इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में गंभीर घायल युवक की मौके पर ही तड़पकर मौत हो गई। आरोपी कार छोड़ कर भाग गए। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

हादसा मंगलवार रात लगभग साढ़े नौ बजे नौगावां सादात थाना क्षेत्र में अमरोहा-धनौरा मार्ग पर गांव जिरखी में तालाब के पास हुआ। थाना क्षेत्र के गांव मुकारी निवासी देवेंद्र सिंह पेशे से किसान हैं। उनकी पत्नी की पूर्व में मौत हो चुकी है। परिवार में इकलौता



32 वर्षीय बेटा शुभम गिल व बेटी बचे थे। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। शुभम गिल की भी शादी हो चुकी है। परिवार में पत्नी सोनम व एक बच्ची हैं। शुभम जोया रोड पर एक कार एजेंसी में नौकरी करता था। मंगलवार रात वह एजेंसी से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार शुभम जिरखी में तालाब के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल हुए शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में ले लिया है। मामले में तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## अंजुमन सज्जादिया के शरफ बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अंजुमन सज्जादिया का वार्षिक जलसा मोहल्ला दरबारे कलां स्थित अजाखाना कुशक पर मंगलवार रात आयोजित हुआ। जिसका आगाज तिलावते कलाम-ए-पाक से हुआ। जिसमें चालू वर्ष में आमद व खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साल 2026 के लिए अंजुमन का चुनाव हुआ। अध्यक्ष के लिए शरफ अली खां तथा नायब सदर के लिए रौशन अली खां का नाम पेश हुआ, जिसे हाउस ने पास किया। इसके बाद सेकेट्री के लिए फैज अकरम फैजी और जनरल सेकेट्री के लिए नाजिम हुसैन आरिफ का नाम रखा गया, दोनों नामों पर हाउस ने अपनी सहमति दी। प्रोपेगेंडा सेकेट्री मोहम्मद जॉन और ऑडिटर के लिए तबारक अली व मोहम्मद तुराब को चुना गया। इस दौरान नईम कौसर, नाशिर नकवी, विलायत अली, तजजमुल हुसैन, मोहम्मद अली अफजाल, मोहम्मद गदीर, अली वाइस एडवोकेट, मोहम्मद शानदार, आसिफ निसार, आसिफ अली खां, मिराज आगा, मुदस्सर अली खां, हसनैन नौगांवी, वफा अब्बास, मुजाहिद अब्बास, कमाल हसनैन, मोहम्मद शहजेब, गौहर अब्बास, मोहम्मद, आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शान-ए-हैदर ने की।

# घर में आग से जला लाखों का सामान

### ग्रामीणों ने पानी डालकर पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान के घर में आग लग गई। लपटों में घिरकर घरेलू सामान जलकर राख हो गया। अफरा-तफरी के बीच ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया की है। यहां पर किसान राजेंद्र सिंह का परिवार रहता है। बुधवार दोपहर में परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे। घर में कोई भी नहीं था। करीब दो बजे अचानक घर में आग लग गई। धुआं उठता हुआ देख पड़ोस में रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना तुरंत फोन कर राजेंद्र सिंह को दी। थोड़ी ही देर में ही परिवार के लोग मौके पर आ गए। भीतर जाकर देखा तो पूरा घर आग में घिरा हुआ था। लपटें भड़क रही थीं और सारा सामान उनकी चपेट में आ चुका था। शुरुआत में ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन दायरा बढ़ता चला गया। पानी की बौछार कर जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक डबल बेड, रजाई, गद्दे, ड्रेसिंग टेबिल, इनवर्टर, बैटरी, फ्रिज व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। किसान राजेंद्र सिंह के मुताबिक अग्निकांड में तमाम घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग घर की वायरिंग में फाल्ट होने के कारण हुए शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

# मेढ़ के विवाद में दबंगों ने युवक को बुरी तरह पीटा

### किसान व दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** मेड़ काटने को लेकर विवाद में युवक को खेत में दौड़ाकर पीटा गया। दूसरे खेतों में काम कर रहे लोगों ने बमुश्किल बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में किसान व दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कटाई की है। गांव निवासी किसान सोमपाल सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे अपने खेत में काम कर रहे थे। उनका आरोप है कि गांव निवासी जयपाल ने अपने बेटे रवि और काविंदर के साथ मिलकर उनके खेत की मेड़ काटनी शुरू कर दी। सोमपाल ने जब विरोध किया तो तीनों ने एक साथ हमला कर दिया। इसके बाद सोमपाल को खेत में ही दौड़ाकर पीटा, शोर सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे, उन्होंने सोमपाल को बमुश्किल बचाया। उसी दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल सोमपाल को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में तीनों आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दो बार हलाला और तीसरी बार धोखे से निकाह

### महिला की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दो बार हलाला करवाने के बाद महिला को तीसरी बार धोखे में रखकर निकाह कर लिया गया। महिला ने दो अन्य लोगों पर भी बलात्कार का आरोप लगाया था। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जनपद अलीगढ़ की रहने वाली एक महिला ने थाना सैदनगली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 25 मार्च 2015 को कस्बा ढक्का के अजहर नवाज पुत्र सरफराज अहमद ने उसके परिवार के लोगों को डरा धमकाकर जबरदस्ती 15 वर्ष जब उसकी उम्र



महिला ने पति और दो अन्य पर लगाए दुष्कर्म व धमकी के आरोप

थी उससे निकाह किया था। शादी के बाद से ही वह उसके साथ मारपीट करता था। जनवरी 2016 में उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया था। उसके बाद नवंबर 2016 में उसने मेरा हलाला करवाने के बाद दोबारा निकाह किया था। इस दौरान उनके एक बेटी भी पैदा हो गई। लेकिन उसके बावजूद भी पति का बर्ताव उसके साथ ठीक नहीं था। 24 जनवरी 2021 को उसके पति ने उसे दोबारा तलाक दे दिया। और उसकी इददत के दौरान ही सिर्फ 11 दिनों में एक अन्य महिला से उसने निकाह कर लिया। उसके बावजूद भी अजहर नवाज उसे बेटी का हवाला देकर अपने पास बुलाने का प्रयास करता रहा। हलाला करने की आड़ में दो अन्य लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। और उसके विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। महिला का कहना था कि 19 फरवरी 2025 को कई अन्य लोगों ने गुमराह कर उसका पति से तीसरी बार निकाह कर दिया। उसका पति उसे धोखे में रखकर उससे संबंध बनाता रहा। परेशान महिला की तहरीर पर पुलिस ने अजहर नवाज, शाहनवाज चौधरी पुत्र सरफराज अहमद, हकीम निशात पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम ढक्का के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना इंचार्ज विकास कुमार सहरावत ने बताया महिला की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला को मेडिकल कराने के लिए भेजा गया है।

# प्रधानाचार्य के घर पथराव में चार पर रिपोर्ट

### छात्राओं पर फब्तियां कसने पर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** प्रधानाचार्य के घर पथराव करने के मामले में पुलिस ने दो पुत्रों समेत महिला व युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यह घटना बीते दिन घटी थी।

बताते चलें कि सिख इंटर कालेज नारंगपुर में छुट्टी के समय छात्राओं पर बुरी नजर रखने वाले युवक को बीते दिन माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष एवं सिख इंटर कालेज नारंगपुर के प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह ने डांट दिया था। प्रधानाचार्य ने बताया कि एक युवक छुट्टी के बाद कुछ साथियों को लेकर गेट पर खड़ा था। आरोपी कालेज से निकल रही छात्राओं को संदिग्ध नजर से देख रहे थे। जिस पर उन्होंने छात्र को डांट दिया था। जिसके बाद छात्रों ने साथियों व परिजनों को साथ लेकर प्रधानाचार्य के घर धावा बोल दिया था। गाली गलौच करते हुए पथराव किया। जब वहां भीड़ जमा हुई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये, प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक अनुज, प्रशांत कुमार पुत्रगण लाखन सिंह, श्रीमति उर्मिला पति अमीचंद, कु. निशी पुत्री अमीचंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी हरीशवर्धन ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# महबूब ने विद्यालय भवन निर्माण को दिए 5 लाख

### खत्री कन्या इंटर कॉलेज में होगा कक्ष निर्माण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने रामचन्द्र सिंह खत्री कन्या इंटर कालेज में कक्ष निर्माण हेतु पांच लाख रूपये की धनराशि का पत्र विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिभा देवी को सौंपा।

इस दौरान श्री अली ने कहा कि ने कहा कि विद्यालय काफी पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है, ऐसे में अध्ययन कक्षों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय उन्हीं विद्यार्थियों का है जो शिक्षा से देश और समाज का भविष्य संवारेंगे। इसलिए बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देना चाहिए। महबूब अली ने कहा कि पढ़ा-लिखा समाज ही राष्ट्र को प्रगति की राह पर ले जा सकता है। आने वाले समय में यही बच्चे पढ़-लिखकर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का होना बेहद महत्वपूर्ण है और शिक्षित समाज के माध्यम से ही देश का विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में जनसंपर्क अधिकारी ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. प्रतिभा देवी को कक्ष निर्माण हेतु पांच लाख रूपये की धनराशि का पत्र सौंपा।

# तीन कुंतल मिलावटी रसगुल्ले कराए नष्ट

### खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई से खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ब्लॉक के गांव शाहपुर पैगम्बरपुर में मिलावटी मिठाई बनाने वालों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। लंबे समय से रसगुल्लों की सप्लाई करने वाले कारोबारी आस मोहम्मद पुत्र छिद्दा के खिलाफ ग्रामीणों की लगातार मिलावट की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ा स्टॉक जब्त किया।

मुरादाबाद रेंज के सहायक आयुक्त राजवंश और अमरोहा के सहायक आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल अपनी टीमख्रकिशन गोपाल यादव, केके यादव, मनोज कुमार कलषयां और कुमार दीक्षितख्र के साथ अचानक दुकान पर पहुँचे। जांच में खुलासा हुआ कि कारोबारी ने 300 किलो मिलावटी रसगुल्ले तैयार कर रखे थे, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। टीम को मौके से 21 बोरी चीनी (1050 किलो), 82 किलो 700 ग्राम मक्का स्टार्च पाउडर, 4 किलो सेफोलाइट, और एक प्लास्टिक ड्रम में लगभग



35 किलो घी भी मिला। सभी सामग्री को मिलावट की आशंका में मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मिलावटी मिठाई बनाने वालों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने विभाग की कार्रवाई को सराहा और ऐसे मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# फोरम ने पांच लाख रुपये देने का दिया आदेश

### बीमा कम्पनी को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुराने बीमा क्लेम विवाद में उपभोक्ता आयोग ने बड़ा फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी की आपत्तियों को खारिज कर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया है।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई से संबंधित था। गांव में स्व.झम्मन सिंह का परिवार रहता है। 3 अप्रैल 2016 को झम्मन सिंह की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी द्रौपदी कृषि करके परिवार का भरण-पोषण करती थीं। इसी बीच 31 दिसंबर 2017 को द्रौपदी अपने बेटे सोमवीर के साथ खेत पर जा रही थी। रहरा रोड स्थित मंदिर के पास रोडवेज बस के चालक ने भैंस बुग्गी को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल द्रौपदी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनके बेटे सोमवीर और जयवीर उर्फ जसवीर ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत क्लेम के लिए आवेदन किया था। लेकिन 10 जनवरी 2019 को बीमा कंपनी ने उनका क्लेम का दावा निरस्त कर दिया था। मामले में सोमवीर सिंह ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने वाद में सुनवाई की। नोटिस भेज बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब कर लिया। बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि मृतक द्रोपदी की जन्म तिथि 1945 अंकित है जबकि उनकी मृत्यु की तिथि 31 दिसंबर 2017 है, जिससे उनकी आयु करीब 84 वर्ष होगी जबकि परिवार रजिस्टर के हिसाब से उनकी आयु 73 वर्ष है। दोनों प्रपत्रों के मुताबिक उनकी आयु में 12 साल का फर्क है जबकि मृतक द्रौपदी की जन्म तिथि आधार कार्ड में एक जनवरी 1994 अंकित है। इसके अनुसार उनकी उम्र 63 वर्ष 11 महीने 30 दिन है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी के तर्कों को सिरे से नकार दिया। इसके साथ बीमा धनराशि पांच लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज से देने का आदेश दिया। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# डिजिटल युग में जागरूक रहना सबसे जरूरी

### जेएस डिग्री कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रोफेसर डॉ. अनिल रायपुरिया ने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकार नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी भी हैं, जिन्हें निभाकर ही एक संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है।

जे.एस. हिंदू डिग्री कालेज में में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से मानवाधिकार दिवस पर एक विचारशील और प्रभावशाली विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. बीना रूस्तगी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना ही राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निखिल दास ने मानवाधिकारों को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल और स्वच्छ वातावरण भी हमारे मौलिक




अधिकारों में शामिल हैं। इस दौरान अजलफा, फरहा, सत्यम, नीलम सागर, दिया त्यागी, रुचि समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

# मासूम के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

### परिवार गया था खेत पर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया।

रहरा थाना क्षेत्र में एक मासूम से दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मासूम का परिवार खेत पर गया हुआ था। इसका फायदा उठाते हुए दरिंदा मासूम बच्ची को अपने घर उठाकर ले गया। उसके बाद जालिम ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित परिवार जब घर लौटा तो इस घटना की जानकारी हुई। मासूम का पिता बच्ची को लेकर रहरा थाने पहुंच गया। घटना की सूचना मिलते ही रहना थाना पुलिस में हड़कंप मच गया। कुछ घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया। पीडित बच्ची को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के लिए अस्पताल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि 4 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# हिजाब ने किया इलाके का नाम रोशन

### एमपीटी परीक्षा में मिला सिल्वर मेडल, परिजनों में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं शायर मुजा. हिद चौधरी तथा शिक्षा मित्र लुबना खान की होनहार बेटी हिजाब चौधरी ने एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के फिजियोथेरेपी की स्नाकोत्तर परिक्षा (एम.पी. टी.) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त अपने परिवार तथा शहर का नाम रोशन किया है । एमिटी विश्वविद्यालय में संपन्न वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल तथा वर्चुअल संबोधन के उपरांत विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर श्रीमती प्रो. बलविंदर कौर शुक्ला तथा विभाग अध्यक्ष प्रो. जसवंत सेठी द्वारा हिजाब चौधरी को सिल्वर मेडल प्रशस्ति पत्र तथा डिग्री प्रदान की गयी। हिजाब चौधरी ने उल्लास और जोश से लबरेज अपने परिणाम पर प्रसन्नता और संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को अपने माता-पिता तथा अपने दादा / क्षेत्र के लोकप्रिय व्यक्तित्व,वरिष्ठ समाजसेवी तथा शिक्षा प्रेमी बाबूजी मुनाजिर हुसैन को समर्पित करते हुए ईश्वर सहित समस्त बाबू जी परिवार तथा एमिटी विश्व. विद्यालय का धन्यवाद व्यक्त किया। इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है । हिजाब चौधरी और उनके परिवारजनों को निरंतर बधाइयां मिल रही हैं। मुजाहिद चौधरी और लुबना खान ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व है। और यह उनके माता-पिता की दुआओं तथा ईश्वर की कृपा का नतीजा है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जिला कारागार का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कारागार के अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जेल डिस्पेंसरी में जीवन रक्षक दवाएं एवं आवश्यक उपकरण पूर्ण रूप से उपलब्ध पाए गए। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. मो. उस्मान तथा फार्मासिस्ट डड्यूटी पर उपस्थित मिले। ओपीडी में 30 बंदियों का उपचार किया जा चुका था। इसके अलावा 20 नए बंदी अपनी नियमित चिकित्सा जांच और उपचार हेतु उपस्थित हुए। चिकित्सालय वार्ड में 14 बंदी रोगी भर्ती पाए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा रोगियों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर डॉ. मो. उस्मान ने बताया कि प्रत्येक बंदी की एचआईवी, वीडीआरएल सहित सभी नियमित जांचें की जाती हैं। वर्तमान में 15 एचआईवी संक्रमित बंदियों का उपचार जिला चिकित्सालय के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। टीबी के 5 रोगी चिन्हित हैं, जिनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

महिला बैरक के निरीक्षण में दो महिला बंदी मालती 3 माह गर्भवती एवं सुहानी 6 माह गर्भवती पाई गईं। दोनों की जिला महिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक जांचें एवं टीकाकरण पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि भोजन नियमित रूप से उपलब्ध हो रहा है। महिला बंदियों की स्वास्थ्य देखभाल हेतु सप्ताह में दो बार महिला चिकित्साधिकारी डॉ। हुमा परवीन द्वारा नियमित जांच एवं उपचार किया जाता है।

जेल चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि बंदी रोगियों के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करें तथा शीतलहरी के दौरान उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता बनाए रखें, ताकि बंदियों के स्वास्थ्य की प्रभावी सुरक्षा की जा सके।

# बिजली विभाग ने जारी की अहम अपील

**उपभोक्ता 1992 टोल फ्री नंबर पर कराएं शिकायत दर्ज**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए विभाग के टोल फी नंबर 1912 पर तुरंत संपर्क करें। विभाग की ओर से बताया गया कि यदि कहीं परिवर्तक द्धट्रांसफार्मरत्र्क्ष क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो उसकी सूचना तुरंत 1912 पर दें, जिससे निर्धारित समय सीमा में ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। ट्रांसफार्मर बदलने की यह सेवा पूरी तरह निरूशुल्क है और उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इसके साथ ही संयोजन आवंटन, बिल संशोधन, मीटर बदलने, विद्युत आपूर्ति बाधित होने जैसी अन्य शिकायतें भी इसी नंबर पर दर्ज कराई जा सकती हैं।

अधीक्षण अभियंता द्धसतएन्द्र कुमार चौहानत्र्क्ष ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 1912 पर कॉल अवश्य करें, ताकि शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो सके।

# बिजली विभाग ने लगाया शिविर, वसूले डेढ़ लाख रूपये, कई बकायादारों के काटे कनेक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के मानपुर उत्तरी में बिजली विभाग ने शिविर लगाकर डेढ़ लाख रूपए की राजस्व वसूली की 70 उपभोक्ताओं का बकाया बिजली का बिल जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन दर्ज किया। उधर बिजली विभाग की टीम ने गांव में घूम कर कई बिजली बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए हैं जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है।



मसवासी बिजली उप केंद्र के अंतर्गत मानपुर उत्तरी गांव में अवर अभियंता मोहनलाल के नेतृत्व में बिजली का राजस्व जमा करने के लिए शिविर लगाया गया इस शिविर में मानपुर महाराजपुर समेत आसपास के गांव के तमाम उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिल जमा किए कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायत की। अवर अभियंता ने बिजली के बिलों में गड़बड़ी की शिकायतों पर उपभोक्ताओं को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान शिविर में मौजूद बिजली कर्मचारियों ने मानपुर उत्तरी गांव में घूम कर कई बकाएदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं। देर शाम तक लगभग 160000 रूपए की बिजली राजस्व वसूली की गई और 70 उपभोक्ताओं के बिजली के बिल जमा करने के लिए विभाग ने रजिस्ट्रेशन दर्ज किए हैं।

अवर अभियंता मोहनलाल ने बताया की बिजली के बिलों में शासनादेश के मुताबिक ब्याज समेत भारी छूट की जा रही है उपभोक्ता इसका लाभ लेने के लिए बिजली का बकाया बिल जमा करने के लिए तेजी से रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। शिविर में अवर अभियन्ता मोहन लाल, हरपाल सिंह हेमंत कुमार सुरेंद्र सिंह सईद मियां, जागरणलाल , अपना दल एस के जिला सचिव शकील अहमद अंसारी मौजूद रहे।

# मंदिर की भूमि पर कब्जे को आए दंबगों का साधुओं पर जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** मंदिर मढ़ी की भूमि पर अबैध कब्जे को आए दवंगो ने साधूओ पर फायर झोक दिया जिसमे वह बाल बाल बच गए। नरहरी दास चेला बद्रीद.ास निवासी ग्राम गुलँया भाट थाना मिलक जनपद रामपुर ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें आरोप है कि गुलड़िया गांव के निकट मंदिर मढीं में कुछ साधु संत वर्षो से रह रहे हैं।



ग्राम मनकरी थाना फतेहगंज प। जनपद बरेली निवासी विवेक सिंह उर्फ विवेक दास पुत्र गजराज सिंह तथा ग्राम गुलँया के थाना मिलक जनपद रामपुर के धर्मपाल पुत्र राधेश्याम ज्ञानी पुत्र नारायण दास हरिद्वार पुत्र राधेश्याम तथा इनके साथ आए लगभग चार अज्ञात व्यक्ति द्वारा लंबे समय से मढी की भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तों ने रात्रि के समय मढीं के परिसर में घुसकर वहां रखें सोने की मूर्ति पीतल के घंटे तांबे के बर्तन सहित लगभग रूपए 2 लाख के पॉपलर के पेड़ चोरी कर लिए घटना पूर्णता पूर्व नियोजित चोरी एवं संगठित अपराध की श्रेणी में आती है। आज अभियुक्त गण पुन: मढीं की भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से आए तथा वहा निवास कर रहे साधु संतों पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

उन्होंने शिकायतकर्ता नर हरिदास पर अवैध तमंचे से गोली चलाई सौभाग्य बस गोली न हरिदास के कुछ दूरी से होती हुई गोली चल गई और वह वाल वाल बच गए। इसके अतिरिक्त अभियुक्तो ने साधु संतों को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए विरोध करने पर मारपीट कर डाली मारपीट के दौरान एक साधु का हाथ भी फैक्चर हो गया तथा अभियुक्तो द्वारा धोखाधड़ी जालसाजी एवं षडयंत्र पूर्वक मढीं की भूमि को अपने नाम दर्ज करने का भी गैर कानूनी प्रयास किया गया है।

अत्यंत गंभीर एवं दंडनीय अपराध है आरोपियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा मढी पर साधु संतों की सुरक्षा के लिए पुलिस की भी व्यवस्था की जाए भविष्य में कोई अप्रिय घटना ना हो जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी जिसमें जो भी दोषी होगा उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# रामपुर डीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप 10 में सम्मिलित

**रामपुर डीएम की मेहनत लाई रंग प्रदेश में सातवां स्थान किया प्राप्त**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शासन द्वारा मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के माध्यम से प्रत्एक माह विकास कार्यों, राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग जारी की जाती है। माह नवम्बर, 2025 तक के कार्यों के आधार पर जारी रैंकिंग में जनपद को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। राजस्व एवं विकास कार्यों की सम्मिलित रैंकिंग में जनपद ने प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है। विकास कार्यों की श्रेणी में जनपद 9वें स्थान पर तथा राजस्व कार्यों में प्रदेश में 8वें स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल निर्देशन, सतत अनुश्रवण एवं प्रशासनिक टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।



उल्लेखनीय है कि माह सितम्बर, 2025 में जनपद राजस्व रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 75वें स्थान पर था, जो माह अक्टूबर, 2025 में सुधरकर 54वें स्थान पर पहुंचा तथा माह नवम्बर, 2025 में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 7वां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ओवरऑल रैंकिंग में भी जनपद ने निरंतर सुधार किया है। माह सितम्बर 2025 में जनपद 68वें स्थान, माह अक्टूबर 2025 में 31वें स्थान पर रहा, जबकि माह नवम्बर 2025 में जनपद ने ऊंची छलांग लगाते हुए प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है।

मुरादाबाद मण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों में जनपद रामपुर प्रथम स्थान पर रहा है, जो जनपद के लिए गर्व का विषय है।

# एसआईआर फॉर्म हेतु उपजिलाधिकारी ने किया सैफनी का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** बुधवार को एसआईआर फॉर्म से संबंधित कार्यों की समीक्षा हेतु उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने मंगलवार को सैफनी का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही लोगो से संवाद भी किया लोगो को बताया कि 11 दिसंबर एस आई आर फार्म भरने की अंतिम तारीख है। इसलिए अपने अपने फॉर्म बीएलओ को तत्काल जमा कर दे अन्यथा समय उपरांत देने पर फार्म कैंसिल हो जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान, लेखपाल राहुल कुमार बीएलओ अनीस अहमद अंजली गुप्ता विमला देवी उर्मिला देवी नौशीन शबाना आदि मौजूद रही।

# खरसोल उच्च प्राथमिक विद्यालय बूथ पर पहुंचकर एस आई आर के कार्यो का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम खघ्रसोल में बुधवार को विधायिका राजबाला ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया भ्रमण कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति . ढ़ प्रतिबद्धता के साथ एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय खघ्रसोल बूथ नंबर 75 व 76 ओर पंचायत घर चौकोनी बूथ 77 पर आयोजित कैंप में बूथ के बी एल ओ तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ एस आई आर कार्य में सहयोग प्रदान किया इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की मतदाता सूची को अद्यतन एवं सु.ढ़ बनाने हेतु नागरिकों से संवाद करते हुए प्रपत्र भरवाएं इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष हरिप्रसाद लोधी अमरसिंह यादव सुखवीर सिंह सेवाराम पोशाकी लाल कश्यप दर्शन सिंह लोधी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे और इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले समर्पित पदाधिका. रियों एवं सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।



# तीन नफर अभियुक्त गण को गिरफ्तार किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त गण 1राजेंद्र पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम मझरा खपरैल 2 रफी पुत्र अ"यूब निवासी ग्राम शिकारपुर 3 अशफाक पुत्र अफसर निवासी ग्राम धनपुर शाहदरा को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0जितेन्द्र कुमार,आदर्श कुमार गुप्ता,रामबाबू,हे0का0,महिपाल सिंह,नबाव शरीफ,मनजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज की लड़कियों ने किया रंगा रंग प्रोग्राम

शाहबेज अली
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र के पटवाई मे बुधवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पटवाई में समग्र शिक्षा के अंतर्गत वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पटवाई थाना प्रभारी नरेश कुमार और शाहाबाद राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न करियर संबंधी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य और नाटक शामिल थे। स्काउट गाइड की छात्राओं ने रंगोली बनाई और बिना बर्तनों के भोजन बनाने का प्रदर्शन भी किया। इन



प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय की प्रधानाचार्य निलय सक्सेना ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रवि शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक रजा अली, नीलम रानी, लक्ष्मी देवी, राम अवतार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे से जुड़े जनता के गंभीर व अहम मुद्दों को संसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में उठाया




शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने आज सदन में स्पीकर के सामने रामपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा रखा और कहा कि रामपुर के लोग पंजाब चंडीगढ़ दिल्ली व अन्य शहरों में ट्रेनों से जाते हैं।

रामपुर रेलवे स्टेशन से रोजाना लगभग 70 ट्रेन गुजरती है और रामपुर में कम ही ट्रेनों का ठहराव है जिससे रामपुर की जनता को काफी परेशानी होती है और रामपुर के लोग मुरादाबाद व अन्य स्टेशनों से ट्रेनों से दूसरे शहर जाते हैं। रामपुर रेलवे स्टेशन पर कम ट्रेन रुकने से रामपुर की जनता को काफी परेशानी होती है इसलिए रामपुर रेलवे स्टेशन पर ज्यादा ट्रेन रुकनी चाहिए। जिससे रामपुर की जनता को परेशानी न हो और सहूलियत मिल सके यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# किसान की मेंथा टंकी से रोटर वेटर चोरी चौकी पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूबरा में अज्ञात चोर जमीन की जुताई करने वाला रोटर वेटर चोरी कर ले गए। किसान ने इस मामले की शिकायत पुलिस को तहरीर सौंप कर की है। नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी किसान मुरारी लाल के कृषि उपकरण आबादी के नजदीक मेंथा के मिनी प्लांट पर खड़े रहते हैं। सोमवार को दोपहर में ही कोई अज्ञात व्यक्ति अपने ट्रैक्टर से खड़ा रोटर वेटर जोड़कर ले गया। किसान मुरारी लाल जब अपने मेंथा टंकी पर पहुंचे तो रोटर वेटर गायब था किसान के होश उड़ गए और उन्होंने इधर-उधर किसानों के खेतों में रोटर वेटर तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका किसान का कहना है कि अभी हाल में ही डेढ़ लाख रूपए का रोटर वेटर खरीदा था। किसान ने इस मामले की शिकायत चौकी पुलिस में की है। उधर खोद कल के जंगल में अज्ञात चोर खेतों में लगे पंपिंग सेटों के पाइप खोलकर ले गए मंगलवार की सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो पंपिंग सेटों के पाइप गायब थे।

# शाहबाद के तालिकाबाद पर बाइक को डंपर ने मारी टक्कर, वृद्ध महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के तालिकाबाद स्थित सेंट पॉल एकेडमी के पास डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में बाइक पर सवार वृद्धा मालदेई 65 निवासी बिचेटा थाना कुढ़ फतेहगढ़ की मौके पर हो मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार शाहबाद थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी कुंव.रपाल, पत्नी पूजा और 6 वर्षीय बच्ची अमृता घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।




वही पुलिस के द्वारा मृतक महिला का पंचनामा भरकर की कार्यवाही चल रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग रामपुर की ओर से रिश्तेदारी में बीमार का हालचाल लेकर बरखेड़ा लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया।

# महिला पति को छोड़ प्रेमी संग फरार डेड़ वर्ष बाद पति पर खर्चे का दाबा

शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा।** शहजाद नगर थाना मिलक कोतवाली क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी अशफाक ने अपनी बेटी फिरदौस की शादी 7 वर्ष पूर्व थाना शहजाद नगर क्षेत्र के गांव अकौंदा निवासी त"यब के साथ की थी इसकी एक बेटी 6 वर्षीय साइना भी है । इसके बाद मोहल्ले में रहने वाले चांद बाबू से फिरदौस का प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग के चलते फिरदौस चांद बाबू के साथ काम करने के बहाने बाहर चली गई। वह प्रेम प्रसंग के चलते गर्भवती हो गई। इस दौरान उसने सात माह पूर्व दूसरी बेटी को जन्म दिया ।जब वह अपने गांव अकौंदा वापस लौटी तो खर्चा तो पति त"यब से खर्चा लेने का दाबा कोर्ड में किया है।इससे परेशान होकर बीते चार दिन पूर्व त"यब की मां मुश्किन पत्नी हनीफ ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मोहल्ले के 23 वर्षीय चांद बाबू पर आरोप लगाया है कि वह उसकी पुत्र बहू फिरदौस को बहला फुसला कर काम करने के बहाने डेढ़ वर्ष पूर्व अपने साथ बाहर कहीं ले गया था।अब वह खर्चा लेंने की मांग कर रही है। त"यब की मां मुस्कीन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है मामला क्षेत्रीय पुलिस के संज्ञान में आया तो चौकी प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि चांद बाबू को हिरासत में लेकर शांति भंग करने के मामले में करवाई की है।

# रामपुर डीएम की पहल से जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनसामान्य से सीधे संवाद स्थापित करने की अनूठी पहल के अन्तर्गत जनसुनवाई कक्ष में नियमित रूप से जनता की समस्याएं सुनी जा रही हैं। जनसुनवाई के दौरान जब फरियादियों की संख्या अधिक हो जाती है, तो जिलाधिकारी स्वयं अपने कक्ष से बाहर आकर आमजन की शिकायतें सुनते हैं तथा त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं।

जनसुनवाई के दौरान नीरज ने अपने आयुष्मान कार्ड न बनने की समस्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने नीरज, निवासी इच्छा राम की मिलक, विकास खंड चमरौआ की समस्या का समाधान कराते हुए उनका आयुष्मान कार्ड जारी कराया और कलेक्ट्रेट परिसर में ही उन्हें अपने हाथों से सौंपा। इसके अतिरिक्त, कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित दिव्यांग वीरपाल को शीतलहर से बचाव हेतु कम्बल वितरित किया गया।



## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र सुनील को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मलखान सिंह पुत्र गंगाराम**
**निवासी-ग्राम सिकरौल**
**थाना पटवाई, जनपद रामपुर।**

# लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**52 मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल व असलहा बरामद**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मोबाइल फोन व चेन स्नैचिंग व चोरी करने वाले एक गिरोह के चार शाति बदमाशों को सेक्टर-60 से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न जगहों से लूट व चोरी की 52 मोबा. इल फोन, दो मोटरसाइकिल तथा अवैध हथियार बरामद किया है। इन बदमाशों ने एनसीआर में लूटपाट की 200 से ज्यादा वारदातें करनी स्वीकार की है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि एक सूचना के आधार पर आज थाना सेक्टर-58 पुलिस ने विजय उर्फ पाती पुत्र पातीराम, अमन पुत्र मेवाराम, रितेश शर्मा पुत्र अजय शर्मा तथा कमरू पुत्र सलीम को विलमैर सिचवर कंपनी, सेक्टर-60 नोएडा की सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर पुलिस ने एनसीआर के विभिन्न जगहों से लूटे हुए 52 मोबाइल फोन, लूट में प्रयोग होने वाली दो मोटरसाइकिल तथा दो अवैध चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान बदमाशों ने लूटपाट की 200 से ज्यादा वारदातें करनी स्वीकार की है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के पता चला है कि अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर नोएडा, गुरूग्राम, दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल फोन स्नैचिंग व चोरी करते हैं। इसके अलावा रैकी करके घरों व पीजी से मोबाइल व लेपटॉप चोरी करते है। यह लोग चोरी किये गये मोबाइल फोन को अभियुक्त रितेश जिसकी मोबाइल रिपेयर की भी दुकान है, के माध्यम से लॉक तुडवाकर, दिल्ली के चोर बाजार में बेचकर राशि को आपस में बांट लेते है। अभियुक्त विजय उर्फ पाती पूर्व में थाना फेस-3, से वर्ष 2017 व 2018 में मोबाइल लूट के संबंध में जेल जा चुका है।

अभियुक्त अमन पूर्व में थाना सेक्टर-63, नोएडा से वर्ष 2023 में मोबाइल लूट के संबंध में जेल जा चुका है। इसके अलावा अभियुक्त कमरू उर्फ कमरूद्दीन थाना फेस-3 से वर्ष 2018, 2023, 2024, 2025 में मोबाइल लूट व पुलिस मुठभेड़ में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, इनसे विस्तृत पूछताछ कर अन्य घटनाओं व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# बाइक खड़ी करने के विवाद में डिलीवरी ब्वॉय को पीटा, चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर क्षेत्र में बुधवार की सुबह बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में चार युवकों ने डिलीवरी ब्वॉय को सड़क पर गिराकर पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दुर्गा गोल चक्कर के समीप बुधवार की सुबह डिलीवरी ब्वॉय ने अपनी बाइक खड़ी की थी। इसी बीच यहां खड़े कुछ युवकों ने बाइक हटाने को लेकर कहा। इसी बात को लेकर इनके बीच विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने एक राय होकर डिलीवरी ब्वॉय को सड़क पर गिराकर बुरी तरह पीटा।

मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की पहचान की। कोतवाली प्रभारी ने बताया इस घटना में शामिल आरोपी नसीम, सोहेल, अलीशान और साकिब को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## कार की टक्कर लगने से बच्ची की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-44 स्थित घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को कार ने टक्कर मार दी। घायल बच्ची का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सेक्टर-39 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-44 के एफ ब्लॉक में रहने वाली रुखसार ने बताया कि उनकी पांच वर्षीय बच्ची मुस्कान सोमवार को घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान कार ने मुस्कान को टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य अंगों में चोट लगने के कारण मुस्कान लहूलुहान हो गई। लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के चलते यहां से उसको दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया।

# एसआईआर के बहाने एनआरसी लागू किया जा रहा: अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज ग्रेटर नोएडा का दौरा किया। बिसरख में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर (स्टेट आइडेंटिटी रजिस्टर) के बहाने एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लागू किया जा रहा है और भाजपा विपक्षियों के वोट काट रही है।

उन्होंने दावा किया कि 5 करोड़ से ज्यादा ैप्‍ के फॉर्म दोबारा भरे जाएंगे। अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में हो रहे सभी गैरकानूनी कामों में भाजपा के लोग शामिल हैं।

कफ सिरप से जुड़े मामले पर अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में न्याय बुलडोजर दिला रहा है, लेकिन कफ सिरप मामले में बुलडोजर का ड्राइवर चाबी लेकर चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में शामिल सभी लोग एक ही जाति के हैं, और एसटीएफ में भी वही लोग हैं, इसलिए कार्रवाई नहीं होगी।।2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर बोलते हुए यादव ने कहा कि इस बार 'बाबा' (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) विदा होने वाले हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि दुनिया के कई बड़े देशों में बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं। बिसहाड़ा गांव में आरोपियों से केस वापसी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री अपने गंभीर मामलों को वापस ले सकते हैं, तो यह मामला क्या है। किसानों के मुद्दों पर अखिलेश यादव ने वादा किया कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो किसानों से संबंधित सभी लंबित समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। फिल्म सिटी के निर्माण पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को फिल्म सिटी बनाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनकी सरकार में ही कई 'कलाकार' मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेटर नोएडा की गंदगी नदियों के माध्यम से कन्नौज और फिर गंगा में मिलती है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि गंगा तो अभी तक साफ नहीं हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश का बजट जरूर 'साफ' हो गया है।

## एक नजर

### नोएडा में आज एप्पल का स्टोर खुलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर के डीएलएफ मॉल में एप्पल कंपनी 11 दिसंबर को अपना स्टोर खोलेगी। यह उत्तर भारत का दूसरा और देश का पांचवां स्टोर होगा। अभी तक दिल्ली के साकेत में एप्पल स्टोर चल रहा है। नए स्टोर में ग्राहकों को कंपनी के नए गैजेट्स आआईफोन 17 सीरीज, आईपैड प्रो और मैकबुक प्रो 14 इंच देखने और खरीदने का मौका मिलेगा। नोएडा के स्टोर में लोग 'टुडे एट ऐपल' सेशंस में भी हिस्सा ले पाएंगे। कंपनी की ओर से कहा गया है कि भारतीय ग्राहक उनके लिए बहुत खास हैं। नया स्टोर खुलने से नोएडा और आसपास रहने वाले टेक लवर्स को काफी फायदा होगा।
कंपनी ने कहा है कि नोएडा में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स हैं और टेक्नोलॉजी को समझने वाले लोग हैं और कंपनी अपने इनोवेशंस के साथ ज्‍यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना चाहती है, इसलिए नए स्टोर के लिए नोएडा को चुना गया। भारत में एप्पल का पहला स्‍टोर साल 2023 में खुला था। दो स्‍टोर दि‍ल्‍ली और मुंबई में एक साथ खोले गए थे। स्‍टोर में सभी नए प्रोडक्‍ट्स को सबसे पहले पेश किया जाता है। दिल्‍ली-मुंबई के अलावा कंपनी बंगलुरु और पुणे में भी अपने स्टोर खोल चुकी है।

### मिड डे मील में बच्चों को बाजरे का लड्डू और गजक मिलेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के पोषण स्तर बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त पोषक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत हर गुरुवार छात्रों को गुड़-तिल-मूंगफली की गजक, चौलाई या बाजरे का लड्डू अथवा भुना चना दिया जाएगा। मार्च के आखिरी सप्ताह तक यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। मिडडे मील योजना के तहत मिलने वाले नियमित भोजन के अलावा यह अतिरिक्त आहार फ्लैक्सी फंड के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मिड डे मील प्राधिकरण के निदेशक की ओर से बीएसए को सर्कुलर भेजा गया है। सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम पोषण योजना में निर्धारित बजट की उपलब्धता के अनुसार कुल बजट के छह प्रतिशत हिस्से का उपयोग फ्लैक्सी फंड के रूप में किया जाएगा। इसी मद से परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक खाद्य सामग्री दी जाएगी।

### बिजली कटौती से 1500 निवासी रहे परेशान

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित इकोविलेज-3 सोसाइटी निवासी बिजली कटौती से परेशान हैं। सोसाइटी में सुबह करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके बाद भी बिजली आपूर्ति कई बार बाधित रही। सोसाइटी निवासी मृत्युंजय ने बताया कि 1500 परिवार सुविधाओं के अभाव में रह रहे हैं। सोसाइटी में बुधवार सुबह 11 बजे से बिजली की समस्या शुरू हुई। सुबह 11 बजे से दो बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके बाद करीब आधे घंटे के लिए बिजली आई। शाम 4 बजे आपूर्ति सुचारु हो पाई। उसके कुछ देर बाद फिर आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं सोसाइटी निवासी अंकित ने बताया कि बिजली के बार-बार आने-जाने के कारण घर में लगे उपकरणों के खराब होने का खतरा बना रहता है। सोसाइटी में कई बार ट्रिपिंग की वजह से लोगों के घर के फ्रिज व अन्य बिजली के उपकरण खराब हो चुके हैं। लोगों का आरोप है कि लाइट के जाने के बाद सोसाइटी में डीजी का संचालन किया जाता है जिसके चलने पर लोगों से 27 रुपये प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से शुल्क लिया जाता है, जो अधिक है।

### नोएडा डिपो ने चालकों की भर्ती के लिए मांगे आवेदन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मोरना स्थित नोएडा डिपो ने संविदा पर चालकों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। लोग कार्यदिवस में नोएडा डिपो में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकते हैं। नोएडा डिपो में 800 से अधिक चालक और परिचालक हैं। इनमें संविदाकर्मियों की संख्या अधिक है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में कुल मिलाकर 305 बसें हैं। इसमें नोएडा डिपो में बसों की संख्या 188 है। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि आवेदक की न्यूनतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए।
लंबाई कम से कम 5.3 फीट, योग्यता कम से कम आठवीं पास और भारी वाहन चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। दस्तावेजों की जांच के बाद चालक का बस चलाने का परीक्षण किया जाएगा। यदि इसमें भी वह सफल होता है तो उसको प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविदा चालकों के अलावा महिला परिचालकों की भर्ती पर भी कार्य चल रहा है। चयनित महिला परिचालकों की सोमवार तक सूची डिपो में चस्पा कर दी जाएगी।

# नए साल में 19 बिजली उपकेंद्रों का काम शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विद्युत निगम स्काडा योजना के तहत नए विकास कराने के लिए और पुराने बिजली ढांचे को दुरुस्त और करने के जल्द काम शुरू कराएगा। इसके लिए सर्वेक्षण लगभग पूरा हो चुका है। संभावना है कि नए साल से 19 नए बिजली उपक. ेंद्रों को बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। जिले के बिजली ढांचे को सुधारने के लिए 1313 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिले में केंद्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त योजना के तहत स्काडा योजना के तहत बिजली ढांचे को सुधारने का कार्य किया जाना है। इसके लिए बीते हफ्तों में विद्युत निगम द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया गया।

अब नई व्यवस्था के तहत अभियंताओं की तैनाती के बाद बिजली ढांचे को सुधारने का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ बिजली लाइनों की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा जरुरत के अनुसार नई बिजली लाइनें भी डाली जाएगी। इसके साथ ही जर्जर बिजली के खंभों को भी दुरुस्त किया जा रहा है और जरूरत के अनुसार नए खंभे भी लगाए जा रहे हैं।

19 नए बिजली उपकेंद्रों की स्थापना भी की जाएगी। अभी पूरे जिले में 108 बिजली उपकेंद्रों से बिजली सप्लाई दी जा रही हैं। इनकी क्षमता भी 2294 एमवीए है। बिजली उपकेंद्र ओवर लोड होने पर उपकेंद्रों से निरंतर बिजली देने में दिक्कतें आती है। कई बार अधिक लोड होने पर कुछ समय के लिए ब्रेक डाउन लेना पड़ता है।

## रेड लाइट पर दो कारें टकराई

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-70 की रेड लाइट पर सड़क हादसा हो गया। हादसे मे दोनों कार के ड्राइवरों को चोट लगी है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। वहीं मौके से क्षतिग्रस्त कारों को हटाया गया। जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चलाया गया। इसके वीडियो भी सामने आए है। पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर को थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-70 की रेड लाइट पर दो गाड़ी पहली यूपी 16 एफई 2741 और यूपी 16 जीटी 0422 का आपस में एक्सीडेंट हो गया। जिसमें दोनों गाड़ियों के चालक मोनू यादव पुत्र ऋषि पाल जिला इटावा उम्र 20 साल और दूसरा अमरेश पाल सिंह पुत्र पृथ्वीराज सिंह निवासी एटा उम्र 44 साल को गंभीर चोट लगी।

# जेल में बंद लोकेंद्र भाटी ने हड़पी 110 करोड़ की सरकारी जमीन, सीईओ का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि ने बिसरख गांव में अथॉरिटी की अधिग्रहित जमीन पर एक स्कूल बिल्डिंग के अवैध कब्जे को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अवैध कब्जे से जुड़ी फाइल तलब कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सीईओ ने कहा कि अवैध निर्माण हटाया जाएगा और जमीन को मुक्त कराया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। अथॉरिटी की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ केस भी दर्ज किए जाएंगे।

> सीईओ एनजी रवि ने कहा कि अथॉरिटी की जमीन को मुक्त कराया जाएगा। कुलदीप भाटी ने सीईओ को एक और लेटर दिया जिसमें आरोप लगाया गया कि खसरा नंबर 667 आबादी वाली जमीन है, जहाँ लोकेंद्र ने गैर-कानूनी तरीके से फैक्ट्री बनाई थी। सीईओ ने इस मामले में भी जांच के आदेश दिए हैं।

आरोप है कि बिसरख गांव के लो. केंद्र भाटी ने अथॉरिटी की अधिग्रहित जमीन खसरा नंबर 649 पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 110 करोड़ है। लोकेंद्र भाटी पर अथॉरिटी की एक और जमीन खसरा नंबर 773 को भी कॉलोनाइजर और बिल्डरों को बेचने का आरोप है। लोकेंद्र भाटी इस मामले में अभी जेल में है। गांव के कुलदीप भाटी और अनिल भाटी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि अथॉरिटी की खसरा नंबर 773, करीब 51,000 वर्ग मीटर जमीन 2010 में अधिग्रहित की गई थी। अथॉरिटी ने किसी बिल्डर या संस्था को जमीन आवंटित नहीं की। जमीन लंबे समय तक खाली पड़ी रही। कुलदीप भाटी का आरोप है कि लोकेंद्र भाटी ने इसका फायदा उठाकर जमीन कॉलोनाइजर और बिल्डरों को बेच दी। जमीन पर विला बना दिए गए। मामले की जांच में आरोप सही पाए गए। पिछले हफ्ते पुलिस ने लोकेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुलदीप भाटी का आरोप है कि लोकेंद्र ने खसरा नंबर 648 पर बादामी देवी इंटर कॉलेज बनवाया। उस खसरा नंबर की जमीन को तथ्य छिपाकर अधिग्रहण से छूट दे दी गई। जमीन पर गोदाम और स्टोरहाउस बने हुए हैं। बगल का खसरा नंबर 649 अथॉरिटी का है। खाली जमीन का फायदा उठाकर लोकेंद्र ने उस पर कॉलेज की बिल्डिंग बना ली।

# यमुना प्राधिकरण का अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिसूचित एरिया में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्राम दनकौर में बड़े पैमाने पर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत खसरा नंबर-211 पर अवैध कब्जे से लगभग 4.6 हेक्टेयर (लगभग 46 हजार वर्ग मीटर) पर भू-माफिया द्वारा काटी गई अवैध कालोनियों पर यीडा की टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 230 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। जो पुलिस बल देखकर भाग गए। इन दिनों यमुना प्राधिकरण भू-माफियाओं के विरूद्ध एक्शन में है। यमुना सीईओ राकेश कुमार सिंह के सख्त निर्देश पर प्राधिकरण के आला-अफसरों द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है।

बुधवार को यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण के लिए सीईओ राकेश कुमार सिंह के कड़े निर्देशों के क्रम ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दनकौर में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में अभियान में ओएसडी शिवौतार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अरविन्द सिंह, मनोज कुमार सिंह तहस. ीलदार व यीडा की राजस्व टीम व परियोजना विभाग, दनकौर थाना पुलिस, तथा प्राधिकरण के सुरक्षा बल के साथ, जेसीबी मशीनें एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

इस दौरान शैलेंद्र सिंह ने मौके पर उपस्थित रहकर पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की तथा अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी कि प्राधिकरण की किसी भी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे तथा ईस्टर्न पेरिफेरल के इंटरचेंज के किसानों के 7 फीसदी आबादी भूमि एवं यीडा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी व प्राधिकरण की समस्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना प्राथमिकता है। यीडा टीम ने अभियान के दौरान अवैध रूप से खड़ी की गई टीनशेड, पक्की-कच्ची दीवारें, झोपड़ियां तथा अन्य स्थायी व अस्थायी निर्माण पूरी तरह ध्वस्त कर दिए। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं शहरी विकास के लिए आरक्षित भूमि पूर्ण रूप से मुक्त हो गई है। उन्होंने यीडा क्षेत्र के सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी ने भी प्राधिकरण की भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्डर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हरियाणा के रहने वाले व्यक्ति ने बिल्डर और उसके कर्मचारियों पर रुपये लेकर फ्लैट पर कब्जा नहीं देने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बिल्डर समेत निदेशक और मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

हरियाणा फरीदाबाद के रहने वाले तरुण कुमार कौशिक ने न्यायालय को बताया कि कुछ दिनों पहले उन्होंने ग्रेनो वेस्ट में एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक किया था। उन्होंने बिल्डर प्रबंधन को करीब साढ़े छह लाख रुपये देकर फ्लैट की बुकिंग करवाई। इसके बाद बिल्डर की तरफ से पीड़ित को एक बैंक से करीब 40 लाख रुपये का लोन दिलवाया गया।

पीड़ित के रुपये और बैंक से मिले लोन की रकम बिल्डर ने अपने खाते में जमा कर ली। इसके बाद पीड़ित को फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया। पीड़ित ने फ्लैट का कब्जा देने की बात की तो इधर-उधर की बात की जाने लगी। पीड़ित के दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दे गई। पीड़ित का आरोप है कि उसके करीब 46.39 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एनपीसीएल की टीम पर हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के चिरसी गांव में मंगलवार को बिजली चोरी की सूचना पर पहुंची एनपीसीएल की टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो ग्रामीणों को नामजद किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कासना कोतवाली पुलिस के मुता. बिक एनपीसीएल की टीम मंगलवार को चिरसी गांव में बिजली चोरी की सूचना पर पहुंची थी। टीम की जांच में पाया गया कि ग्रामीण सोनू बिना मीटर के सर्विस केबल को सीधे लाइन से जोड़कर बिजली चोरी कर रहा है। एक कर्मचारी ने पोल से केबल काटने की कोशिश की तो सोनू और उसके साथी संजीव शर्मा ने विरोध किया।

कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद टीम को वहां से भगा दिया। इस मामले में एनपीसीएल के सहायक प्रबंधक अवधेश फुलजडे ने कासना कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी सोनू और संजीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा सिटिजन फोरम ने प्राधिकरण पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सिटिजन फोरम ने शहर की लगातार बिगड़ती व्यवस्थाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए सोमवार को 15 बड़े मुद्दे उठाए। फोरम के चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस डॉ. योगेन्द्र नारायण की अगुआई में नोएडा मीडिया क्लब में हुई प्रेसवार्ता में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर कड़ा सवाल खड़ा किया गया। डॉ. योगेन्द्र नारायण ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण में लोकपाल की नियुक्ति होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसआईटी और नागरिक सलाहकार बोर्ड बनाए जाने के आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। फोरम ने इसे पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अत्यंत आवश्यक कदम बताया। रजिस्ट्री संकट पर उन्होंने कहा कि हजारों परिवार पूरी रकम देने के बावजूद रजिस्ट्री से वंचित हैं। बिल्डरों द्वारा मनमाना ट्रांसफर चार्ज, अन-रजिस्टर्ड फ्लैटों की अवैध बिक्री और प्राधिकरण के नोटिस की अनदेखी को गंभीर लाप. रवाही बताया गया। रजिस्ट्री खोलने की मांग: उन्होंने पूर्ण-भुगतान वाले सभी फ्लैटों की तत्काल रजिस्ट्री खोलने की मांग की। फोरम के महासचिव प्रशांत त्यागी कहा कि ने गैर-निर्धारित क्षेत्रों में डंपिंग साइटों पर आग, शहरभर में अवैध निर्माण और हाई-राइज इमारतों में फायर सेफ्टी संसाधनों की भारी कमी को जीवन के लिए खतरा बताया। इसके अलावा उन्होंने सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, बिजली कटौती, टूटे केबल, जल संकट, पुरानी सीवर लाइनें, शहर में बढ़ती भिक्षावृत्ति, और ई-रिक्शा की अव्यवस्था को भी बड़े शहरी संकट बताते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई।

# नोएडा में मेट्रो विस्तार को मिली रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच जल्द ही तीन नए मेट्रो रूट पर काम शुरू होने वाला है. नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेश इन तीनों रूट के विस्तृत डिजाइन पर कुल 24.21 करोड़ खर्च करेगी। डिजाइन ड्राइंग बनाने का जिम्मा आयशा कंपनी को सौंपा गया है।



नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बीच तीन प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए अगले 15 दिनों के भीतर डिटेल्ड डिजाइन ड्रॉइंग बनाने का काम शुरू हो जाएगा. इसके लिए सलाहकार कंपनी 'आयशा' को चयनित किया गया है, जिसकी दस्तावेजी जांच फिलहाल जारी है। औपचारिक मंजूरी के बाद कंपनी को काम सौंप दिया जाएगा। सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 (17.345 किमी) सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन (11. 56 किमी) ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी (2.6 किमी) इन तीनों कॉरिडोर की कुल लंबाई 31.595 किलोमीटर होगी।

**डिटेल्ड डिजाइनिंग में क्या-क्या:** एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि सलाहकार कंपनी इन रूटों के सिविल स्ट्रक्चर, लागत, ट्रैक सेफ्टी, विद्युत एवं यांत्रिक ढांचे का विस्तृत सर्वे कर रिपोर्ट सौंपेगी। कुल 24.21 करोड़ रुपये की लागत पर यह काम किया जाएगा, जबकि कंपनी अगले पांच वर्षों तक तकनीकी सहायता देती रहेगी।

**प्रस्तावित मेट्रो प्रोजेक्ट की मौजूदा स्थिति:** ग्रेनो वेस्ट कॉरिडोर (सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5) के 11 स्टेशनों वाले इस परियोजना की फाइल केंद्र सरकार के पास लंबित है।

सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन कनेक्टिविटी: 8 स्टेशनों वाला यह रूट अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसका सहमति पत्र जल्द जारी होने की उम्मीद है।

**हर स्टेशन पर सोलर एनर्जी का उपयोग:** सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देते हुए एनएमआरसी ने योजना बनाई है कि तीनों रूटों के सभी स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। स्टेशनों की बिजली आपूर्ति मुख्यत: इन्हीं पैनलों से होने वाली ऊर्जा से पूरी की जाएगी।

**आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा:** नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के विस्तार से न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे इन इलाकों को एक आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल ट्रांजिट सिस्टम भी मिलेगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**




# ICC वनडे रैंकिंग में रो-को का जलवा

● **रोहित नंबर-1, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 शतक लगाने वाले विराट नंबर-2 दोनों में सिर्फ 8 पाइंट्स का अंतर**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में एक बार फिर रो-को यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली का जलवा बरक. रार है। नंबर-1 पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार लगातार दो शतक और एक अ(शतक लगाने वाले विराट कोहली नंबर-2 पर आ गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को वीकली रैंकिंग जारी की। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विराट ने दो स्थान की बढ़त हासिल की है। रोहित उनसे सिर्फ आठ रेटिंग पाइंट आगे हैं।

रोहित ने सीरीज में 146 रन बनाए थे। भारत अब अगला वनडे टूर्नामेंट न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से खेला जाना है। तब सबकी नजरें कोहली-रोहित की नंबर-1 की रेस पर होंगी। केएल राहुल को भी फायदा कोहली के अलावा केएल राहुल को भी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गए। बालर्स में कुलदीप यादव तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकाक (13वें), ऐडन मार्करम (25वें) और टेम्बा बावुमा (37वें) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की। टी-20 रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के यंग बैटर डेवाल्ड ब्रेविस अपने पहले मैच में शानदार अ(शतक लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की ओर से गेंदबाज अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज की पहली दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट झटके। उन्होंने दोनों मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता। वे तीन पायदान की छलांग के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दो स्थान नीचे खिसककर चौथे नंबर पर आ गए। वहीं न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच क्राइस्टचर्च टेस्ट ड्रा रहा, जिसके बाद रचिन रवींद्र नौ स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गए। टाम लैथम ने भी बढ़त दर्ज की, जबकि वेस्टइंडीज के शाई होप, जस्टिन ग्रीव्स और तेज गेंदबाज केमार रोच की रैंकिंग में सुधार हुआ।

## डीसी स्कूल कप: लक्ष्मण पब्लिक स्कूल और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीसी स्कूल कप के तीसरे दिन लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार को 10 विकेट से और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने सेंट मार्क स्कूल को 42 रनों से जीत दर्ज की। पहले मैच में, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। नई पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का फायदा उठाया और जीडी गोयनका को सिर्फ 62 रनों पर ढेर कर दिया। शौर्य ने 6 रन देकर 4 विकेट लेकर बॉलिंग की कमान संभाली, जिसमें कप्तान आर्यन व रुविक ने 2-2 विकेट लिए।

# भारत अगले साल मार्च में पहले कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

● **इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेगें**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जाएगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है।

इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नई दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जाएगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा कि हम वेन्यू को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं। अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले, हमें उम्मीद है कि यह चैंपियनशिप दोहा एशियन गेम्स (2030), कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) और ब्रिस्बेन ओलंपिक्स (2032) में खो खो को शामिल करने की दिशा में एक कदम साबित होगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप में स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी के तौर पर भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला 17 साल की अनाहत ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को से हराया।

### काजुमा अंडर-19 वर्ल्ड कप में जापान की करेंगे कप्तानी

**टोक्यो, वार्ता।** कजुमा काटो-स्टैफोर्ड जनवरी-फरवरी 2026 में नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप के लिए जापान के कप्तान बने रहेंगे। हाल ही में एशियन क्रिकेट काउंसिल प्रीमियर कप में नहीं खेलने वाले पूर्व कप्तान निखिल व टिमोथी मूर की टीम में वापसी हुई हैं। प्रीमियर कप में, जापान का प्रदर्शन मालदीव के खिलाफ अच्छा रहा। उन्होंने मलेशिया और कतर को हराया, लेकिन ओमान से हारने के कारण वे सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाए थे। निहार ने मालदीव के खिलाफ 132 गेंदों में 156 रन बनाए और काइसेई ने कतर के खिलाफ 73 गेंदों में 106 रन बनाए, दोनों विश्व कप टीम में हैं। अपने डेब्यू विश्व कप में जापान को ग्रुप एक में डिफेंडिग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, श्रीलंका, तंजानिया व विंडीज एक ग्रप में।

# हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे इंडिया




● **बुमराह ने विकेट की सेंचुरी लगाई द. अफ्रीका का सबसे छोटा टी-20 स्कोर**

**कटक, वार्ता।** भारत ने कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 101 रन से हरा दिया। टीम ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी की मदद से 20 ओवर में 175 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम सिर्फ 74 रन पर आलआउट हो गई। यह टी-20 में टीम का सबसे छोटा स्कोर भी रहा। मुकाबला पूरी तरह हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा के नाम रहा। हार्दिक ने छक्का लगाकर टी-20 में अपने 100 छक्के पूरे किए, वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बने। वहीं जसप्रीत बुम. राह ने अपने 100 टी-20 विकेट पूरे कर लिए, वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।

हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस रिकॉर्ड में रोहित शर्मा सबसे आगे हैं, जिनके नाम 205 सिक्स दर्ज हैं। जसप्रीत बुमराह टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करके यह माइलस्टोन हासिल किया। बुमराह से पहले अर्शदीप सिंह इस उपलब्धि तक पहुंच चुके हैं। बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फार्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउदी, शाकिब अल हसन और शाहीन अफरीदी ही इस एलीट क्लब में शामिल थे। पहले टी-20 में 2 विकेट लेने के साथ ही अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए पावरप्ले (ओवर 1-6) में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। उनके नाम अब 47 विकेट हो गए हैं। तिलक वर्मा ने पहले टी-20 में शानदार छक्का लगाकर अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 1000 रन पूरे कर लिए। वे सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचने वाले भारत के 5वें बल्लेबाज बने। तिलक ने यह उपलब्धि सिर्फ 34 पारियों में हासिल की। इस मामले में विराट कोहली 27 पारियों के साथ पहले और अभिषेक शर्मा 28 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ सिर्फ 74 रन पर ऑलआउट होकर साउथ अफ्रीका ने अपने टी-20 इतिहास का सबसे कम स्कोर बनाया।

इससे पहले उनका न्यूनतम स्कोर 87 रन था, जो भारत के खिलाफ ही राजकोट में बना था। कटक के स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को पहली बार ही भारत के खिलाफ टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम 2 टी-20 जीत चुकी थी। भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रन से हराकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। रनों के अंतर से यह भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी टी-20 जीत रही। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम ही था, जब 2022 में राजकोट में भारत ने साउथ अफ्रीका को 82 रन से हराया था।

# आईएलटी: वाइपर्स ने अपने बल्लेबाज होल्डेन को रिटायर्ड आउट करार दिया

**अबू धाबी, वार्ता।** आईएल टी-20 में डेजर्ट वाइपर्स की एमआई एमिरेट्स पर एक रन से जीत में एक नाटकीय घटनाक्रम में निकोलस पूरन द्वारा स्टंप न करने के बाद वाइपर्स ने अपने ही बल्लेबाज मैक्स होल्डेन (42) को रिटायर आउट करार दिया। मंगलवार रात टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए वाइपर्स ने 16वें ओवर की शुरुआत से पहले एक विकेट पर 110 रन बना लिए थे। होल्डेन और सैम करन पिच पर मौजूद थे लेकिन वाइपर्स की पारी को लय प्रदान नहीं कर पा रहे थे। पिछले चार ओवर में मात्र 20 रन आए थे और शिमरॉन हेटमायर और डैन लॉरेंस जैसे बल्लेबाजों का आना अभी भी शेष था। वाइपर्स को पारी की गति बढ़ाने की दरकार थी और 16वां ओवर करने आए राशिद खान की पहली गेंद पर करन ने चौका जड़ने और दूसरी गेंद पर एक रन लेने के बाद वाइपर्स की ओर से पारी के सर्वोच्च स्कोरर होल्डेन स्ट्राइक पर थे। तीसरी और चौथी गेंद पर एक भी रन नहीं आया और चौथी गेंद पर एमिरेट्स ने रिव्यू भी गंवा दिया। पूरन को लगा कि गेंद ने होल्डेन के बल्ले का किनारा लिया था लेकिन गेंद पैड्स पर लगकर गई थी। पांचवीं गेंद पर दो रन आए। और अब नाटकीय घटनाक्रम की शुरुआत हुई। होल्डेन ने राशिद के खिलाफ स्टेप आउट किया लेकिन राशिद ने गेंद को वाइड रखा और होल्डेन पूरी तरह से गच्चा खा गए। होल्डेन आगे निकल आए थे और उन्होंने बल्ले को वापस क्रीज में रखने का भी प्रयास नहीं किया। हालांकि स्टंप्स के पीछे खड़े पूरन ने भी स्टंप करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई और जैसे ही होल्डेन को इस बात का एहसास हुआ उन्होंने क्रीज में अपना बल्ला रख दिया। ब्रॉडकास्ट पर कॉमेंटेटर यह कहते सुनाई दिए कि ओह, पूरन ने स्टंप नहीं किया, स्टंप नहीं किया। गेंद को वाइड करार दिया गया है, वह स्टंप कर सकते थे क्योंकि बल्लेबाज बेहद दूर थे। हालांकि राशिद की अगली गेंद पर भी होल्डेन कुछ खास नहीं कर पाए और इसके ठीक बाद वाइपर्स की ओर से बड़ा निर्णय लिया गया। वाइपर्स ने तुरंत रणनीतिक फैसला लेते हुए होल्डेन को रिटायर आउट कर दिया। एमिरेट्स के दृष्टिकोण से धीमी रफ्तार से चल रहे होल्डेन का क्रीज पर बरकरार रहना ही ठीक था जबकि वाइपर्स को अपनी पारी की रफ्तार को तेज करना था। ऐसे में वाइपर्स के लिए होल्डेन को वापस बुलाना ही बेहतर विकल्प था। हालांकि करन की मौजूदगी ने भी वाइपर्स की अधिक मदद नहीं की लेकिन होल्डेन के बाद बल्लेबाजी के लिए आए हेटमायर और लॉरेंस

# लंदन स्पिरिट ने डीके को मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने द हंड्रेड में पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को अपनी पुरुष टीम का मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच बनाया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए भी 2025 में मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा चुके कार्तिक ने स्पिरिट के साथ जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन स्पिरिट से जुड़कर मैं काफी उत्साहित हूं। जब मुझे मो, एमसीसी और टेक टाइटंस की योजनाओं के बारे में पता चला तो मैं काफी उत्सुकता से भर गया। इंग्लिश समर को लॉर्ड्स में काम करते हुए बिताना एक सपने के सच होने जैसा है। यही वो मैदान है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और यहीं मैंने अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था।




लॉर्ड्स मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं अगले साल टीम और विश्व के कुछ असाधारण क्रिकेटरों के साथ काम करने को बेहद उत्सुक हूं और मैं इसका अधिक इंतजार नहीं कर सकता। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबट जो कि आरसीबी के भी क्रिकेट निदेशक हैं, ने कहा कि कार्तिक का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना सम्मान की बात है। छोटे प्रारूप और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में उनका अपार अनुभव हमारे लिए बहुमूल्य होगा। उनके साथ काम करने में मजा आता है और वह अपने साथ बहुत ऊर्जा लेकर आते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक के पास 400 से भी अधिक टी-20 खेलने का अनुभव है और विशेषकर उनके पास आईपीएल में छह अलग-अलग टीमों के लिए 257 मैच खेलने का अनुभव भी है। उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 22 अर्धशतक और 135-36 के स्ट्राइक रेट के साथ 4842 रन भी बनाए थे। कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद क्रिकेट से सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद वह आरस. ीबी के साथ कोचिग स्टाफ में जुड़ गए। कार्तिक ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी-20 मैच खेले। कार्तिक बतौर खिलाड़ी एसए20 और आईएलटी20 भी खेल रहे हैं। वह एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलते हैं तथा आईएलटी20 में इस सीजन पहली बार खेल रहे हैं।

# भारत ने शूटआउट में उरुग्वे को हराया




**चिली, वार्ता।** भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया, जिसके बाद जस्टिना अर्रेगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सर्कल में एंट्री की। हालांकि, उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं पाए। भारत ने 18वें मिनट में एक अच्छे पेनल्टी-कॉर्नर वेरिएशन के साथ जवाब दिया, लेकिन साक्षी राणा का शॉट ब्लॉक हो गया। अगले ही मिनट में मनीषा ने दूर से एक जोरदार गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीयों ने 11 सर्कल पेनिट्रेशन किए, जबकि उरुग्वे ने डिफेंसिव शेल में गहरी पकड़ बना ली थी। ब्रेक के बाद भी यही पैटर्न जारी रहा, भारत ने हाई लाइन बनाए रखी और उरुग्वे को पीछे धकेल दिया, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद वे बढ़त नहीं बना पाए। आखिरी क्वार्टर के 49वें मिनट में उरुग्वे ने आगे बढ़ने का प्रयास किया लेकिन गोलकीपर निधि ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करके भारत की बढ़त बनाए रखी। उरुग्वे ने आखिरी मिनटों में अपने गोल. कीपर को हटाकर एक एक्स्ट्रा आउटफील्ड प्लेयर को शामिल किया, और यह कदम बहुत फायदेमंद रहा। दो सेकंड बाकी रहते, उन्हें एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अर्रेगुई ने शांति से गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। शूटआउट में भारत ने हिम्मत नहीं हारी। पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे को तीन बार गोल करने से रोका, जिससे 3-1 से जीत पक्की हो गई और भारत 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया।

# ब्लेयर-माइकल ने विंडीज को 205 पर समेटा




● **ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट हासिल किए, न्यूजीलैंड ने स्टपंस के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए**

**वेलिगटन, वार्ता।** ब्लेयर टिकनर (चार विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 205 के स्कोर पर समेटने के बाद स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के गेंदबाज ब्लेयर और माइकल के कहर का सामना करना पड़ा और उसकी पूरी टीम 75 ओवर में 205 रन के स्कोर पर सिमट गई। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 17वें ओवर में ब्लेयर टिकनर ने ब्रैंडन किग (33) को पगबाधा इस साझेदारी का अंत किया। 19वें ओवर में टिकनर ने केवम हॉज (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 29वें ओवर में जॉन कैंपबेल (44) माइकल रे का शिकार बने। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। शाई होप ने 80 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 48 रन बनाए। कप्तान रॉस्टन चेज (29), जस्टिन ग्रीव्स (13), केमार रोच (शून्य), टेविन (16) रन बनाकर आउट हुए। 75वें ओवर में जेकब डफी ने ओजे शील्ड्स (शून्य) को आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी का 205 के स्कोर पर अंत किया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट लिए। फिलिप्स और जैकब डफी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है।

# भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा। यह टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले दो सालों में भी हर साल चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट आयोजित किए थे। आने वाले साल के लिए इनमें से दो स्टॉप को डाउनग्रेड कर दिया गया है, चेन्नई एटीपी 100 से एटीपी 50 इवेंट में आ गया है, जबकि पुणे का महा ओपन एटीपी 100 से 75 हो गया है। बेंगलुरु ओपन के साथ पांच जनवरी को सीजन की शुरुआत होगी। चेन्नई ओपन नौ फरवरी को होगा, इसके बाद 16 फरवरी को दिल्ली ओपन (एटीपी 75) तथा 23 फरवरी को पुणे में महा ओपन होगा। भारत सात से आठ फरवरी को बेंगलुरु में डेविस कप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स का भी सामना करेगा और इस साल आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया 16 फरवरी 2026 से होगी शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल 16 फरवरी से शुरु होने वाली बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले साल 16 से शुरु होगी। यहां आईएसएसएफ के 2026 के कैलेंडर के अनुसार 16 से 26 फरवरी तक चलने वाली लीग की तीरीखों की बुधवार को घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में पिस्टल (10मी, 25मी), राइफल (10मी, 50मी थ्री पोजीशन), और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) कैटेगरी में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होगी। फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में बांटा गया है: एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस, और जूनियर और यूथ, जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है - फ्रेंचाइजी-आधारित, एथलीट-फर्स्ट, और अधिक से अधिक भागीदारी के लिए ग्लोबल कैलेंडर के साथ तालमेल बिठाया गया है। मिश्रित टीम प्रारुप, दिलचस्प कहानियों और प्रीमियम ब्रॉडकास्ट के साथ, हम एक वर्ल्ड-क्लास ओपनिग सीजन देने के लिए तैयार हैं जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों का स्वागत करेगा और भारत की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल पवनकुमार सिंह ने कहा कि हम उत्साहित हैं कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला एडिशन अगले साल की शुरुआत में होगा। भारत और विदेश के शीर्ष एथलीटों के साथ, हम करीबी और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद करते हैं। यह लीग शूटिंग को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने और फैंस को फॉलो करने के लिए एक रोमांचक नया फॉर्मेट देने का एक शानदार मौका देती है।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025

## लापरवाही की पराकाष्ठा

पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट कई सवाल खड़े कर रही है, हालांकि गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक अजय गुप्ता को हिरासत में लिया गया है और गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसी बीच अजय गुप्ता ने मीडिया के सवालों पर कहा कि मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता। दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने अग्रिम जमानत नहीं दी, बताते चलें के दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसम्बर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इसी बीच पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट में उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी भीषण आग के कारणों का खुलासा किया गया है। इस अग्निकांड ने 25 लोगों का जीवन लील लिया। यह नाइट क्लब अग्निशमन विभाग के वैध अना. पत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बगैर चल रहा था। स्थानीय पंचायत ने बिना लाइसेंस वाले ढांचे को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। उक्त इमारत में सुरक्षा संबंधी जरूरी बुनियादी ढांचा नदारद था और इसके लकड़ी के पैनल एवं सजावट तथा अपर्याप्त रूप से हवादार तहखाने के कारण आग तेजी से फैल गई और पीड़ितों को जहरीले धुएं व ऑक्सीजन की कमी का शिकार होना पड़ा। गोवा में हुए घातक अग्निकांड का दुर्भाग्यपूर्ण ढर्रा इस तथ्य को उजागर करता है कि भारत में ऐसी त्रासदियां कोई अपवाद नहीं हैं। तमिलनाडु के विरुधुनगर स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, कोलकाता के खतरनाक पुरानी इमारतों में लगी आग, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक स्लीपर बस में लगी आग तथा देश भर के विभिन्न अस्पतालों में हुए अग्निकांड जैसी त्रासदियों में एक ही बात आम है, नियामक प्रवर्तन की अपर्याप्तता। बार-बार होने वाली आपदाओं द्वारा एक ही किस्म की गलतियों की ओर इशारा किए जाने के बावजूद नियामकों और प्रशासकों के लिए अग्नि सुरक्षा कम प्राथमिकता वाली चीज बनी हुई है। मसला कानूनों की कमी का नहीं, बल्कि उनके ढीले कार्यान्वयन या नतीजा भुगतने के डर के बिना जानबूझकर उनका उल्लंघन करने का है। भवन संहिता, अग्नि सुरक्षा मानदंड एवं लाइसेंसिंग संबंधी अनिवार्यताएं सिर्फ कागज पर ही मौजूद हैं और भ्रष्टाचार, राजनीतिक प्रभाव, नौकरशाही की जड़ता तथा कभी-कभी अक्षमता की वजह से भी एक ऐसा परिवेश बन गया है, जहां उल्लंघन आम बात और प्रवर्तन ही अपवाद है। ऐसे माफिक माहौल में, अरपोरा जैसे प्रतिष्ठान सुरक्षा के बनिस्बत मुनाफे को तरजीह देते हैं। गोवा, जोकि एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है, में नाइट क्लबों की बढ़ती तादाद की अतिरिक्त समस्या भी है। इनमें से कई अवैध हैं। बिना लाइसेंस के इन क्लबों का संचालन राजनीतिक संरक्षण के बगैर संभव नहीं है।

### न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना



मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी, मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

## जलवायु परिवर्तन: हर वर्ष और देरी से शुरू होता सर्दियों का मौसम



एम. इमरान

भारत में 2025 की आने वाली सर्दियों के दिनों को लेकर लोगों में स्वाभाविक रूप से उत्सुकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में मौसम के पैटर्न तेजी से बदलते दिखाई दिए हैं। कभी असामान्य ठंड, कभी बिल्कुल कम ठंड, कभी जनवरी में बारिश और ओलावृष्टि, तो कभी नवंबर-दिसंबर में भीषण ठिठुरन, इन सबने भारतीय मौसम को पहले से कहीं अधिक अप्रत्याशित बना दिया है।

2025 की सर्दियों के बारे में विचार करते समय यह समझना आवश्यक हो जाता है कि मौसम केवल तापमान का मामला नहीं, बल्कि हवा की दिशा, बादलों की नमी, पश्चिमी विक्षोभ, समुद्री प्रभाव, पर्वतीय बर्फबारी और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से भी प्रभावित होता है। आने वाले दिनों में ठंड का स्वरूप कैसा हो सकता है, लोग किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और समाज, किसान तथा शहरों का दैनिक जीवन किस तरह प्रभावित होगा इन सब पर विस्तृत दृष्टि डालना महत्वपूर्ण है। भारत में सर्दियों की शुरुआत आमतौर पर अक्टूबर के अंत या नवंबर की शुरुआत से मानी जाती है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में सर्दी का आगमन देर से होते देखा गया है। 2025 में भी यही सब होता दिखाई दे रहा है। नवंबर के अंतिम सप्ताह से हवा की दिशा बदलने लगती है और उत्तर-पश्चिमी हवाएं धीरे-धीरे अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। इन हवाओं के कारण रात के तापमान में गिरावट शुरू होती है और सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस होने लगती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह ठंड और जल्दी महसूस होती है क्योंकि वहां शहरों जैसी ऊष्मा-संग्रहित संरचनाएं नहीं होतीं। दिसम्बर 2025 का महीना उत्तरी भारत में अपेक्षाकृत अधिक असरदार ठंड लेकर आ सकता है। हिमालई क्षेत्रों में जल्दी बर्फबारी के संकेत मिलना संभव है, जिससे मैदानों में ठंडी हवाएं और तेजी से पहुंचेंगी। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोहरा अधिक गहराई के साथ छा सकता है। पिछले वर्षों की तरह प्रदूषण और कोहरे का दुगना प्रभाव दृश्यता को कम करेगा। यह वह समय होगा जब सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अधिक सतर्क रहना होगा। सड़क दुर्घटनाओं का खतरा, ट्रेन देरी, फ्लाइट रद्द होने जैसी समस्याएं आम हो सकती हैं। शहरों में स्कूलों पर भी प्रभाव पड़ सकता है और देर से खुलने का निर्णय कई बार लिया जा सकता है। पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड की सर्दियां आम तौर पर मध्यम रहती हैं। परंतु 2025 में यहां भी ठंड का असर थोड़ा



अधिक महसूस हो सकता है, विशेष रूप से दिसंबर के तीसरे सप्ताह से जनवरी के दूसरे सप्ताह तक। इन दिनों में कोहरा बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मैदानी भागों में गहराई से फैलेगा। इससे कृषि पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि आलू, सरसों और सब्जियों की फसलें अत्यधिक ठंड और ओस के कारण प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि यदि ठंड संतुलित रहे तो रबी की फसलों विशेषकर गेहूं के लिए यह अनुकूल भी साबित हो सकता है।

दक्षिण भारत की सर्दियां उत्तर की तुलना में बहुत हल्की होती हैं, लेकिन पिछले वर्षों में यहां भी तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली है। 2025 की सर्दियां तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में कुछ अधिक शुष्क रह सकती हैं। दिसंबर-जनवरी के महीनों में सुबह और देर शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है। बेंगलुरु और मैसूर जैसे शहरों में तापमान सामान्य से कुछ कम जा सकता है। इसी समय में उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिशें भी दक्षिण-पूर्वी राज्यों में जारी रहने की संभावना रहती है, लेकिन 2025 में यह बारिश कुछ कम हो सकती है। इससे उन क्षेत्रों में जल उपलब्धता और कृषि पैटर्न पर हल्का प्रभाव पड़ सकता है।

पश्चिमी भारत विशेषकर राजस्थान और गुजरात में 2025 की सर्दियां दो तरह से प्रभाव दिखा सकती हैं। एक ओर थार रेगिस्तान की ठंडी रातें सामान्य से अधिक ठंडी हो सकती हैं, वहीं दूसरी ओर दिन में धूप सामान्य से गर्म महसूस हो सकती है। यह तापमान का बड़ा अंतर लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। गुजरात के कच्छ, सौराष्ट्र क्षेत्र और राजस्थान के बीकानेर तथा जैसलमेर क्षेत्र में तापमान कई बार 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। वहीं शहरी क्षेत्रों जैसे जयपुर और अहमदाबाद में प्रदूषण की वजह से सुबह के समय हवा भारी होगी और ठंड के साथ धुंध का भी अनुभव होगा। मुंबई और कोस्टल महाराष्ट्र में भी हल्की से मध्यम ठंड की संभावना रहेगी, लेकिन समुद्री हवाएं ठंड को अधिक कठोर नहीं होने देंगी। पूर्वोत्तर भारत की सर्दियां कुछ अलग ही ढंग की होती हैं। इस क्षेत्र में पहाड़ी इलाकों में दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड होती है, जबकि मैदानी इलाकों में हल्की ठंड रहती है। 2025 में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय और मणिपुर के कई उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की संभावना है। इससे पर्यटन के लिए यह समय आकर्षक बन सकता है, लेकिन साथ ही सड़क अवरोध, परिवहन बाधित होने और बिजली कटौती जैसी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हल्की से मध्यम ठंड रहेगी और सुबह के समय कोहरा अधिक फैलेगा। सर्दियां केवल तापमान ही नहीं, बल्कि जीवन की गतिविधियों को भी प्रभावित करती हैं। 2025 की सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। ठंड से संबंधित बीमारियों जैसे फ्लू, सर्दी-जुकाम, खांसी, अस्थमा और हृदय रोग के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। प्रदूषण और ठंड का संयुक्त प्रभाव बुजुर्गों और बच्चों पर अधिक पड़ सकता है। सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं को इस अवधि में अतिरिक्त तैयारियां रखनी पड़ सकती हैं। कई शहरों में एयर क्वालिटी सामान्य से खराब है, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलने में तकलीफ हो रही है। कृषि क्षेत्र में सर्दियों का महत्व सबसे अधिक होता है, क्योंकि यह रबी फसलों का मुख्य मौसम है। गेहूं, चना, मसूर, मटर, सरसों जैसी फसलें अच्छी ठंड पर निर्भर करती हैं। 2025 में यदि ठंड सामान्य से थोड़ी अधिक रहती है, तो गेहूं की पैदावार अच्छी होने की संभावना है, लेकिन अगर अत्यधिक ठंड या पाला पड़ता है, तो फसलों को नुकसान भी हो सकता है। किसानों को इस दौरान रात के तापमान पर लगातार नजर रखनी होगी। सिंचाई का समय, खाद का सही उपयोग और खेतों में नमी की देखभाल करना बहुत आवश्यक होगा। कोहरे की वजह से कई फसलों में रोग लगने की संभावना भी रहती है, इसलिए सावधानी जरूरी होगी। शहरों में रहने वाले लोगों के लिए 2025 की सर्दियां कई तरह की जीवनशैली संबंधी चुनौतियां लेकर आएंगी। ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ेगी, कार्यालयों में देरी बढ़ेगी, स्कूल-कॉलेजों में समय परिवर्तन होगा। घरों और दफ्तरों में हीटर का उपयोग बढ़ सकता है, जिससे बिजली की खपत बढ़ेगी। कई शहरों में शीत लहर के कारण रैन बसेरों की संख्या और सुविधाएं बढ़ानी पड़ सकती हैं। गरीब और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से कठोर रहता है, क्योंकि उनके पास ठंड से बचने के पर्याप्त साधन नहीं होते। सरकार और सामाजिक संगठनों को इन क्षेत्रों में कंबल वितरण और अस्थाई आश्रयों की तैयारी करनी पड़ सकती है। भविष्य की सर्दियां केवल वर्तमान तापमान का ही संकेत नहीं देतीं, बल्कि आने वाले वर्षों के जलवायु परिवर्तन की संभावित दिशा भी बताती हैं। 2025 की सर्दियां इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो सकती हैं कि यह दिखाएंगी कि वैश्विक तापमान वृद्धि के बीच भारत की ठंड किस रूप में विकसित हो रही है। यदि सर्दी कम होती है, तो यह पर्यावरणीय चिंता का संकेत होगा। यदि सर्दी असमान रूप से बढ़ती है, तो यह भी जलवायु के असंतुलन का संकेत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज

**बर्फ की सिकाई**

**हालांकि माइग्रेन होने के पीछे का असल कारण क्या है, इसके बारे में आज तक जानकारी नहीं हो पाई है। लेकिन कई बार अधिक तनाव के कारण माइग्रेन की समस्या हो जाती है। अगर आपको भी माइग्रेन में तेज दर्द होता है, तो आप राहत पाने के लिए बर्फ से सिकाई कर सकते हैं। साथ ही हीटिंग पैड से भी आपको काफी राहत मिलेगी।**

वर्तमान समय में सिरदर्द की परेशानी एक आम समस्या है। सिरदर्द के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं। लेकिन लंबे समय तक तनाव में रहने या फिर तनावपूर्ण माहौल में काम करने जैसी स्थिति बनने पर वर्किंग प्रोफेशनल्स को सिरदर्द की समस्या होती है। हालांकि आजकल अधिक लोगों में माइग्रेन की समस्या को भी देखा जा रहा है। जो आगे चलकर चिड़चिड़ेपन और गुस्से का कारण बनती है।

माइग्रेन होने पर यह आपके जीवन के बाकी हिस्से को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइग्रेन के दर्द से राहत पाने के कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### दो प्रकार का होता है माइग्रेन का दर्द

आपको बता दें कि माइग्रेन की स्थिति दो प्रकार की होती है। इसमें एक क्लासिक माइग्रेन और दूसरा नॉन क्लासिक माइग्रेन है। क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में तेज दर्द होने से पहले कई लक्षण देखने को मिलते हैं। जैसे धुंधला दिखाई देना और हल्का सिरदर्द होना आदि। वहीं नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में समय-समय पर सिर में तेज दर्द होता है। नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में इसके अलावा अन्य कोई लक्षण देखने को नहीं मिलता है।

### माइग्रेन के लक्षण



**आंखों में दर्द होना**
**गैस्टिक होना**
**सिरदर्द**
**मितली**
**उल्टी**

**माइग्रेन का घरेलू इलाज**

**लौंग का पाउडर**

अगर आपको माइग्रेन के कारण कभी तेज सिरदर्द होता है, तो आपके लिए लौंग का पाउडर बहुत फायदेमंद है। लौंग के पाउडर में नमक मिलाकर उसे दूध के साथ पिएं। इससे आपको फौरन आराम मिलेगा।

### अदरक

अदरक कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। अदरक के सेवन से आप माइग्रेन के दर्द में फौरन राहत पा सकते हैं। इसके लिए आप अदरक के रस का शहद के साथ सेवन करें। वहीं किसी भी रूप में अदरक का सेवन आपको फायदा पहुंचाएगा।

### दालचीनी

माइग्रेन के दर्द में दालचीनी काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। लेकिन कई लोग दर्द के दौरान दालचीनी को खाने की गलती करते हैं। दर्द होने पर आप दालचीनी को पानी के साथ पीसकर आधे घंटे तक माथे पर रखें। इससे आपको आराम मिलेगा।

### गर्म तेल की मालिश

माइग्रेन के दर्द से आराम पाने के लिए सरसों या नारियल के तेल को गर्म कर सिर की मसाज करें। सिर के अलावा आप अपने हाथ-पैरों और कंधे की मालिश भी करवाएं। यह तनाव को कम करने के साथ माइग्रेन के दर्द में भी राहत देता है।

## बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ



योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थाई हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' इमरजेंसी शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया, लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशास. निक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के




जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने लैब में बनाया चिकन जैसा प्रोटीन

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने एक खास प्रकार के फंगस में जीन एडिटिंग करके ऐसा प्रोटीन बनाया है, जो चिकन जैसे मांस का सस्ता और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन सकता है। यह फंगस थ्रेंतपनउ अमदमदंजनउ कहलाता है। इसका इस्तेमाल पहले से ही मीट जैसे स्वाद वाले फूड आइटम्स बनाने में होता है। अब चीनी वैज्ञानिकों ने क्रिसपर तकनीक से इस फंगस को और बेहतर बना दिया है। खास बात यह है कि इसमें किसी दूसरे जीव का डीएनए नहीं डाला गया, बल्कि इसके अपने जीन बदले गए हैं। इस फंगस से बनने वाले प्रोटीन को मायकोप्रोटीन कहते हैं।

### हाईवे पर दौड़ती कार के ऊपर प्लेन गिरा

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में सोमवार को क्रैश लैंडिंग के दौरान एक प्लेन कार से टकरा गया। यह हादसा मेरिट आइलैंड के पास हुआ, जहां हाईवे पर एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते हुए सीधा एक कार से टकरा गया। इस हादसे का वीडियो वायरल है। बीचक्राफ्ट 55 माडल के इस छोटे प्लेन में उड़ान के दौरान अचानक खराबी आ गई। दोनों इंजनों में पावर खत्म होने लगी, तो 27 साल के पायलट ने प्लेन को मजबूरन हाईवे पर ही उतारने का फैसला किया। हाईवे पर ट्रैफिक था, इसलिए उतरते समय प्लेन एक टोयोटा कैमरी कार से टकरा गया। कार को एक बुजुर्ग महिला चला रही थीं, जोकि इस घटना में घायल हो गई हैं।

### स्पेन में चार दिवसीय हड़ताल पर डाक्टर

**मैड्रिड।** स्पेन में सरकार के प्रस्तावित कानून के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी चार दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रस्तावित नए कानून के विरोध में मंगलवार से हड़ताल शुरू की। स्पेनिश कन्फेडरेशन ऑफ मेडिकल ट्रेड यूनियंस (सीईएसएम) ने कहा कि कर्मचारी एक अलग कानून की मांग कर रहे हैं जो उनके पेशे की खास जरूरतों को ध्यान में रखे।

# भारत में अमेरिकी सोयाबीन बेचने की इजाजत मिलेगी

## यूएस अफसर बोले: पहली बार इतना अच्छा ऑफर मिला, एक साल बाद हो सकती है ट्रेड डील



■ अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है: ग्रीयर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका डील पर चल रही बात-चीत के दौरान ही एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अमे-रिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा ऑफर' दिया है।

अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमे-रिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है। भारत कुछ फसलों के मामले में सावधानी बरत रहा है, लेकिन इस बार भारत ने अपनी ओर से बाजार खोलने में दिलचस्पी दिखाई है। अमेरिकी ट्रेड प्रति-निधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा कि अगर भारत अमेरिकी प्रोडक्ट पर कम टैक्स लगाएगा तो अमेरिका भी कम टैक्स लगाएगा।

ग्रीयर के मुताबिक भारत, अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए एक बड़ा और नया बाजार बन सकता है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी किसानों पर चीन की मांग घटने का असर पड़ रहा है और बड़ी मात्रा में अनाज स्टाक में पड़ा है। ग्रीयर ने यह भी कहा कि ए बातचीत उस बदलाव का हिस्सा है जिसमें अमेरिका दुनियाभर में नए बाजारों तक पहुंच बनाने की को-शिश कर रहा है। उनका कहना है कि दुनिया में मिल रहे ये नए बाजार भारत जैसे बड़े देशों से होने वाली बातचीत को मजबूत बनाते हैं। ग्रीयर ने कहा कि कृषि के अलावा दोनों देशों के बीच कुछ और मुद्दों पर भी बातचीत चल रही है। 1979 एयरक्राफ्ट एग्रीमेंट के तहत विमान के पुर्जों पर जीरो टैरिफ लगाने की बात काफी आगे बढ़ चुकी है। यानी कि अगर भारत अपने बाजार में अमेरिकी सामान का कम टैक्स के आने देगा, तो अमेरिका भी बदले में भारत के लिए वही छूट देगा। सीनेट समिति के चेयरमैन जेरी मोरन ने इस दौरान कहा कि भारत अमेरिका के मक्का और सोयाबीन से बनने वाले एथेनाल का भी बड़ा खरीदार बन सकता है। ग्रीयर ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं लेकिन उन्होंने कहा कि यूरोपीय यूनियन समेत कई देशों ने अमेरिकी एथेनाल और ऊर्जा उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं और आने वाले साल में करीब 750 अरब डालर की खरीद का वादा किया है। अमेरिकी ट्रेड का यह बयान उस समय पर आया है जब अमे-रिका की एक हाई लेवल ट्रेड टीम भारत के दौरे पर आई है। यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम का नेतृत्व अमेरिकी डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि रिक स्विट्जर कर रहे हैं। अब इस दौरे का मकसद है कि दोनों देश नई द्विपक्षीय ट्रेड डील की फर्स्ट स्टेज को आखिरी रूप देने की कोशिश करें।



**गुरुग्राम।** सर्दी की सुबह लोग खुद को गर्म करने के लिए आग के चारों ओर बैठे हुए।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर झड़पों के बाद शांति समझौता खतरे में

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच ताजा सीमा झड़पों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से हुआ शांति समझौता टूटता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष के फिर से भड़कने की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि वह इस संकट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा कि यह आज शुरू हुआ। मैं एक टेलीफोन पर बातचीत कर एक युद्ध को रोक दूंगा। इस ताजा झड़प ने दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय विवाद को फिर से तेज कर दिया है और शांति के सारे प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं।

# पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी

## संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान बोले: देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है, इससे शासन बेहतर होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा। अब्दुल अलीम खान शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं।

ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है। अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए। अलीम खान की पार्टी आईपीपी पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का हिस्सा है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने इसका विरोध किया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने धमकी देते हुए कहा कि अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। पाकिस्तान सरकार की तरफ से अभी आधिकारिक नक्शा जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन इलाकों की चर्चा है, वे कुछ इस तरह हैं-पंजाब-उत्तर पंजाब, मध्य पंजाब, दक्षिण पंजाब, सिंध-कराची सिंध, मध्य सिंध, ऊपरला सिंध, केपी उत्तरी केपी, दक्षिणी केपी, आदिवासी केपी/फाटा रीजन, बलूचिस्तान-पूर्व बलूचिस्तान, पश्चिम बलूचिस्तान, दक्षिणी बलूचिस्तान शहबाज सरकार में शामिल बिलावल भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने साफ कहा है कि सिंध को बांटने का किसी भी कीमत पर विरोध किया जाएगा। पीपीपी लंबे समय से खासकर सिंध के बंटवारे का विरोध करती रही है। पिछले महीने सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने साफ चेता-वनी दी थी कि सिंध के हितों के खिलाफ कोई कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीपीपी अपने प्रांत या देश के हितों के खिलाफ किसी भी कदम को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि नए राज्य बनने की अफवाहें चल रही हैं। लेकिन इसे एक कान से सुनें और दूसरे से निकाल दें। अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। नए प्रांतों की मांग पहले भी उठती रही है, लेकिन कभी मुकाम तक नहीं पहुंची। पाकिस्तान में 1947 के वक्त पांच प्रांत थे। इनमें पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब, सिंध, नार्थ वेस्ट फ्रंटियर प्राविंस (केपी) और बलूचिस्तान शामिल थे। 1971 में पूर्वी बंगाल अलग होकर आज का बांग्लादेश गया। बाद में केपी का नाम बदलकर खैबर पख्तूनख्वा रखा गया। इस बार प्रस्ताव को कुछ थिंक-टैंक और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान जैसी पार्टियों ने भी समर्थन दिया है। पीपीपी के अलावा कई छोटे दल भी इस बंटवारे के विरोध में हैं। अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) और बलूच राष्ट्रवादी दलों ने इसे बांटो और राज करो की नीति बताया है। इन लोगों का कहना है कि छोटे प्रांत बनाने से स्थानीय पहचान और संस्कृति कमजोर हो सकती है। बड़े प्रांतों की राजनीतिक ताकत टूट जाएगी।



■ भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने किया विरोध, कहा: अल्लाह के अलावा कोई सिंध प्रांत को बांट नहीं सकता

### नए प्रांत बनाने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी

**इस्लामाबाद।** कई पालिटिकल एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान के सत्ता ढांचे में पिछले कुछ सालों में सेना का प्रभाव बढ़ा है। ऐसे में प्रांतों को बांटने का फैसला प्रशासनिक सुधार से ज्यादा राजनीतिक कंट्रोल बढ़ाने की रणनीति भी हो सकती है। नए प्रांत बनाने के लिए संविधान में संशोधन जरूरी है और उसके लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए। अगर पाकिस्तान 12 प्रांतों में बंटता है, तो देश का प्रशासनिक ढांचा, राजनीति और संसाधन-बंटवारा पूरी तरह से बदल जाएगा। पाकिस्तान के वरिष्ठ अफसर और पुलिस अधिकारी रहे सैयद अख्तर अली शाह का कहना है कि सिर्फ प्रांत बढ़ाने से समस्याएं हल नहीं होंगी। उनका कहना है, पाकिस्तान की समस्या प्रांतों की संख्या नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था की खामियां हैं। अगर ये दुरुस्त नहीं हुईं, तो नए प्रांत बनाना हालात और बिगाड़ सकता है। अली शाह के मुताबिक कमजोर संस्थाएं, कानून का असमान लागू होना, जवाबदेही की कमी और स्थानीय सरकारों को अधिकार न देना देश की असली समस्याएं हैं।

### बलूचिस्तान में आठ लोगों को जलते कोयलों पर चलने की सजा, चोरी का शक था

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के मुसखेल जिले में 8 लोगों को नंगे पैर जलते कोयलों पर चलने की सजा दी गई। समा टीवी के मुताबिक एक जिरगा ने दुकान में चोरी के शक में लोगों को सजा सुनाई और उन्हें अपनी बेगुनाही का सबूत देने को कहा। जिरगा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के कई इलाकों में चलने वाली एक पुरानी पारंपरिक पंचायत होती है, जहां बुजुर्ग या प्रभावशाली लोग आपस में बैठकर किसी विवाद या मामले का फैसला करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना सोमवार को हुई। इलाके के लोगों के मुताबिक, एक दुकानदार ने अपनी दुकान में चोरी का आरोप लगाया और इसके बाद उसने जिरगा बुला लिया। जिरगा ने फैसला किया कि सभी संदिग्धों को अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए जलते अंगारों पर चलना होगा। इसे बेहद अमानवीय और पिछड़ी हुई परीक्षा बताया गया है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया है और कहा है कि 21वीं सदी में भी ऐसी हिंसक और पिछड़ी प्रथाएं होना बहुत चिंता का विषय है।

### अमेरिका ने जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की है कि जनवरी से अब तक 85,000 वीजा रद्द किए गए हैं, जो आव्र-जन और सीमा सुरक्षा पर ट्रम्प प्रशासन के रुख एवं रवैए को रेखांकित करता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रूबियो एक साधारण जनादेश का पालन कर रहे हैं और वे इस प्रक्रिया को जल्द रोकने वाले नहीं हैं। इस पोस्ट के साथ ही 'मेक अमेरिका सेफ अगेन' नारे वाले पोस्टर लगाए गए। विदेश विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, रद्द किए गए 85000 वीजा सभी श्रेणियों के हैं। ये पिछले साल रद्द किए गए वीजा की संख्या से दोगुने से भी अधिक हैं। केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) की रिपोर्ट के अनुसार, इस आंकड़े में 8000 से अधिक छात्र वीजा शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना, हमला और चोरी जैसे अपराध पिछले साल वीजा रद्द होने के मामलों में 'लगभग आधे के लिए जिम्मेदार थे। वीजा रद्द होने की इस वृद्धि ने 'प्रथम संशोधन' को लेकर भी चिंताएं बढ़ाई हैं।

# शेख हसीना की पार्टी को मिली बड़ी राहत

**ढाका।** बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को बड़ी राहत मिली है। बांग्लादेश की सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं।

हालांकि, ये नेता पार्टी के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इन्हें निर्दलीय ही मैदान में उतरना होगा। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया के मुताबिक आवामी लीग के कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते सरकार ने यह फैसला किया है। इस फैसले के बाद अब आवामी लीग के कार्यकर्ता और नेता आसानी से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के कुछ दिनों के बाद बांग्लादेश में आवामी लीग पर बैन लगा दिया गया। प्रतिबंध की वजह से आवामी लीग चुनाव में भाग नहीं ले सकती है। यूनुस सरकार का कहना है कि आवामी लीग की बागडोर अभी भी शेख हसीना के हाथों में है। शेख हसीना पर बांग्लादेश में नरसंहार का आरोप है। ऐसे में उस पार्टी को चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। वहीं शेख हसीना ने एक बयान जारी कर इसका विरोध जताया था।

हसीना ने कहा कि अगर आवामी लीग को चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा, तो उसके कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। बांग्लादेश में अभी भी आवामी लीग के पास मजबूत जनाधार है। प्रथम आलो की हालिया सर्वे में बांग्लादेश के 26 प्रतिशत लोगों का कहना था कि आवामी लीग के खिलाफ बैन गलत है। बांग्लादेश में 14 महीने बाद चुनाव की घोषणा होने जा रही है। सरकार फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव कराने की तैयारी में है। इस चुनाव के जरिए बांग्लादेश के लोग नई सरकार को चुनेंगे।



■ सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं

### रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करेंगे भारत-इटली

**नई दिल्ली।** इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी भारत और इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को गति प्रदान करने के मकसद से बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। ताजानी इस साल दूसरी बार भारत के दौरे पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इटली के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी का नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। इस साल यह उनकी भारत की दूसरी यात्रा है। दिल्ली और मुंबई में उनके कार्यक्रम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

# इजरायल ने गाजा का नया नक्शा बनाया

## 50% जमीन कब्जाई, सेना प्रमुख बोले: ट्रम्प ने सीजफायर में जो यलो लाइन बनाया, वही नया बॉर्डर

**गाजा।** इजरायल ने गाजा की 50 प्रतिशत से ज्यादा जमीन पर कब्जा करके उसे अपना इलाका घोषित कर दिया है। इजरायली सेना प्रमुख ऐयाल जमीर ने गाजा सीजफायर प्लान में जिस 'येलो लाइन' का जिक्र है, उसे नई बार्डर बताया है।

उन्होंने गाजा में तैनात सैनिकों से बात करते हुए कहा कि यह लाइन अब इजरायल की 'सुरक्षा सीमा' की तरह काम करेगी और सेना इससे पीछे नहीं हटेगी। जमीर ने कहा कि इजरायल अपनी मौजूदा सैन्य पोजिशन नहीं छोड़ेगा। इन पोजिशन्स की वजह से इजरायल गाजा के आधे से ज्यादा हिस्से को कंट्रोल कर रहा है। इसमें गाजा की ज्यादातर खेती की जाने वाली जमीन है। इसके अलावा इसी हिस्से में मिस्र से लगने वाला बार्डर क्रासिंग (राफा) भी शामिल है। इजरायली सरकार ने आर्मी चीफ जमीर के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक अधिकारी ने इतना कहा कि इजरायली सेना 'सीजफायर की शर्तों के अनुसार' तैनात है और आरोप लगाया कि हमास ही सीजफायर तोड़ रहा है। ट्रम्प के सीजफायर प्लान के तहत अमेरिका गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटेगा। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा। फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। इन दोनों इलाकों के बीच एक श्यलो लाइन खींची गई है। हिंसा और हमले की वजह से ज्यादातर फलस्तीनी ये इलाके पहले ही खाली कर चुके हैं। अब लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग गाजा के पश्चिमी हिस्से की एक छोटी-सी पट्टी में रहने को मजबूर हैं। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे। यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की कोशिश कर रहा है। प्लान के मुताबिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी।




■ उससे पीछे नहीं हटेंगे

# यूक्रेन के पास अमेरिकी हथियार खरीदने के पैसे नहीं

## 6840 करोड़ कम पड़े, जेलेंस्की आज अमेरिका को नया शांति प्लान पेश करेंगे

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि इस साल अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए करीब 6800 करोड़ रुपये कम पड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह फंडिंग यूरोपीय देशों से आनी थी, लेकिन समय पर पैसे नहीं मिल सके। जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी हो सकती है। जेलेंस्की ने यह बात लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद कही।

उन्होंने कहा कि नाटो की प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) पहल के तहत हथियार खरीद जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत है, लेकिन अमेरिका ने भी मदद देना कम कर दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी हथियार खरी-दने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर (लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये) की जरूरत है। वहीं, जेलेंस्की आज अमे-रिका को एक संशोधित शांति प्लान सौंपेंगे। यह प्लान ट्रम्प के 28 पाइंट प्लान को घटाकर 20 प्वाइंट में बदली गई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बैठक की मेजबानी करते हुए साफ कहा कि शांति प्रक्रिया में यूक्रेन को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दावा किया कि यूरोपीय देशों के लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। वहीं, जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिका के रुख पर शक जताते हुए कहा कि कुछ पहलुओं पर यूरोपीय देशों में गंभीर चर्चा जरूरी है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया। प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) यूक्रेन को जंग में सैन्य मदद के लिए बनाया गया था। यह नाटो की पहल है, जो यूक्रेन को लोन के रूप में फंडिंग देती है। यह रिलीफ लोन है, यानी आपदा राहत के लिए उधार। इसकी शुरुआत जुलाई 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक में हुई थी। इस बार यूरोपीय देशों से जो फंडिंग नहीं मिली, वह किन-किन देशों से आनी थी और क्यों अटकी इसके बारे में जेलेंस्की ने ज्यादा जानकारी नहीं दी।



■ अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर (लगभग 1.27 करोड़ रुपये) की जरूरत है

